डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹80500 10 ग्राम
₹101000 01 किलो
सेंसेक्स 75,967.39 -29.47
डॉलर 86.925 +0.116

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

फाल्गुन कृष्ण पक्ष 07, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 19 फरवरी 2025, वर्ष-31, अंक-126, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 भारत को बुमराह की कमी...

## एक नजर

### सीएम 20 को किसान मेले का करेंगे उद्घाटन

**रांची।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान (पूर्व में, भारतीय प्राकृतिक राल एवं गोंद संस्थान) नामकुम के तत्वावधान में 20 और 21 फरवरी को संस्थान परिसर में किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 20 फरवरी को दोपहर 12.30 बजे करेंगे। कार्यक्रम में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। खिजरी के विधायक राजेश कच्छप भी किसान मेला में शामिल होंगे।

### अपराधियों ने दिन दहाड़े धारदार हथियार से युवक की हत्या की

**गुमला।** जिले के रायडीह थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां अज्ञात अपराधियों ने 36 वर्षीय प्रसाद साहू की हत्या कर दी। घटना रायडीह थाना क्षेत्र के पोगरा गांव के पास डिगरीटांड़ के समीप घटी, जब प्रसाद साहू अपनी बेटी के साथ पैदल ऊंचाडीह जा रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दो मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात हमलावरों ने प्रसाद साहू पर धारदार हथियार से हमला कर उनकी हत्या कर दी। इस वारदात की जानकारी उनकी बेटी ने गांव पहुंचकर दी, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही रायडीह थाना पुलिस और पुलिस शेष पेज 11 पर

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

म्यूटेशन मामलों में लापरवाही पर पलामू डीसी ने की बड़ी कार्रवाई

## सीओ समेत तीन अधिकारियों पर लगा, 65-65 हजार रुपये का अर्थदंड

**चेतावनी के बावजूद कार्यप्रणाली में सुधार नहीं**

- 62 दाखिल खारिज मामलों का नामांतरण तय समय से लंबित रहा।
- अर्थदंड की राशि संबंधित अधिकारियों के वेतन से कोषागार द्वारा काटी जाएगी।
- कार्रवाई झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम 2011 के तहत की गई।
- अपर समाहर्ता की चेतावनी के बावजूद मामलों का ससमय निष्पादन नहीं हुआ।

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने दाखिल खारिज के मामलों के समय पर निष्पादन न होने पर कड़ी नाराजगी जताई है। नीलांबर-पीतांबरपुर के अंचल अधिकारी सुनील कुमार सिंह, राजस्व उप निरीक्षक रितेश रंजन तिवारी और प्रभारी सीआई महेंद्र राम के खिलाफ आज कार्रवाई करते हुए, प्रत्येक पर 65-65 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। यह राशि संबंधित पदाधिकारियों के वेतन से कोषागार द्वारा काटी जाएगी। उपायुक्त के आरोप के अनुसार, इन अधिकारियों ने दाखिल खारिज के लिए प्राप्त आवेदनों का निर्धारित अवधि में निष्पादन नहीं किया, जिसके कारण कुल 62 मामले नामांतरण के लिए निर्धारित समय से अधिक दिन तक लंबित रहे। सामान्यतया, दाखिल खारिज के मामलों का नामांतरण 30 दिनों के भीतर किया जाना चाहिए, जबकि आपत्ति वाले मामलों में यह अवधि 90 दिनों की होती है। इस संदर्भ में, तीनों के विरुद्ध झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम 2011 के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि हमारा उद्देश्य पलामूवासियों को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाना है। विकास कार्यों में बाधा डालने वालों के खिलाफ आगे भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पलामू के अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने भी 21 दिसंबर शेष पेज 11 पर

## झारखंड में लगा गुटखा और पान मसाले पर पूर्ण प्रतिबंध

**मेरा पहला कर्तव्य स्वास्थ्य की रक्षा : डॉ इरफान अंसारी**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार ने गुटखा और पान मसाले की बिक्री, भंडारण और सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। स्वास्थ्य विभाग ने इससे संबंधित नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। यह प्रतिबंध नोटिफिकेशन जारी होने की तिथि से अगले एक साल तक के लिए प्रभावी होगा। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने इस फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के स्वस्थ



झारखंड के सपने को साकार करने के लिए यह कदम उठाया गया है। यह प्रतिबंध केवल एक नियम नहीं, बल्कि झारखंड के युवाओं को नशे की जकड़ से बचाने की क्रांतिकारी पहल है। गुटखा और पान मसाले के कारण कैंसर जैसी घातक बीमारी तेजी से बढ़ रही है। एक डॉक्टर होने के नाते मैं जानता हूं कि यह जहर किस हद तक शरीर को बर्बाद कर सकता है। जब जनता ने मुझे स्वास्थ्य मंत्री बनाया है, तो मेरा पहला कर्तव्य उनके स्वास्थय की रक्षा करना है। मंत्री डॉ अंसारी ने कहा कि स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गुटखा बेचने, भंडारण करने या सेवन करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गुटखा माफिया और अवैध कारोबारियों पर विशेष नजर रखी जाएगी। किसी भी दुकान, गोदाम या व्यक्ति के पास गुटखा मिलने पर न केवल सख्त कानूनी कार्रवाई होगी, बल्कि गोदाम भी सील किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि इस आदेश का कठोरता से पालन किया जाए।

झारखंड में बड़े पैमाने पर नियुक्तियों का क्रम जारी

# सीएम सोरेन ने दिया 289 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र

**शहरी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त कर रही सरकार : वित्त मंत्री**

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिशा निर्देश में राज्य में बड़े पैमाने पर नियुक्तियां की जा रही हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रोजेक्ट बिल्डिंग स्थित द्वितीय तल सभागार में 289 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। नगर विकास विभाग एवं आवास विभाग के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में नवनियुक्त अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा, हमें ये विश्वास है कि आप अपने मेहनत से आगे भी कामयाबी हासिल करेंगे। आप संकल्प लें कि व्यवस्था, सिस्टम के किसी भी क्षेत्र में ईमानदारी, निष्ठा के साथ काम करेंगे और सरकार के प्रयासों में



सार्थक भूमिका निभाएंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य का निर्माण जिस उद्देश्य के साथ हुआ था, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उस उद्देश्य को पूरा करने के लिए प्रयासरत हैं। शहरी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में भी कई काम किए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के विकास और शहरों के इंफ्रास्ट्रक्चर्स को मजबूत करने में मुख्यमंत्री लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड को युवाओं का राज्य बनाना चाहते हैं। इसी कड़ी में आज युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। हेमंत सरकार 2.0 में शेष पेज 11 पर

**हर झारखंडी के चेहरे पर मुस्कान आपका लक्ष्य हो : संजय प्रसाद**

उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज झारखंड के विकास के पन्नों में एक नया अध्याय जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड के विकास में, सभी जन कल्याण के विचारों को सार्थक करने की शपथ लें। हर झारखंडी के चेहरे पर मुस्कान हो, ये आपका लक्ष्य होना चाहिए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच झारखंड को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाकर खड़ा करना है। युवाओं को रोजगार दिलाना, उनके उज्ज्वल भविष्य की सोच के साथ मुख्यमंत्री की दिशा निर्देश में हमलोग काम कर रहे हैं।

## तालाब में नहा रही पांच बच्ची डूबी, एक की मौत

साहस का परिचय देते हुए एक युवक ने चार को बचाया

**सीओ ने कहा, सरकारी प्रावधान के तहत मिलेगा मुआवजा**

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** मनिका प्रखंड मुख्यालय समीप कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के पीछे बुढ़वाशाले तालाब मे मंगलवार को नहाने गई बेलवाटांड टोला के मुकेश भुइयां की 12 वर्षीर्यी पुत्री संध्या कुमारी की तालाब मे डूबने से मौत हो गई। उक्त बच्ची बालक मध्य विद्यालय में पांचवी कक्षा की छात्रा बतायी जाती है । उक्त छात्रा के साथ तालाब में नहाने के क्रम में डूब रही अन्य चार बच्चियों को चंदन भुइयां नामक युवक ने साहस का परिचय देकर बचा लिया। बताया जाता है कि मंगलवार को बेलवाटांड टोला के पांच बच्चियां पास स्थित तालाब में नहाने गई थी। नहाने के क्रम मे संध्या नाम की बच्ची गहरे पानी मे चली गई। उक्त बच्ची के साथ नहा रही अन्य चार बच्चिया भी बचाने के क्रम मे डूबने लगी ।घटना के दौरान तालाब के पास से गुजर रहे चंदन नामक युवक ने साहस का परिचय देते हुए चार बच्चियों को तालाब से बाहर निकाला। थोड़ी देर



के बाद राधा कुमारी नाम की एक छोटी बच्ची, जो उसी तालाब मे डूब रही अन्य बच्चियो के साथ नहा रही थी, बताया कि उसकी बड़ी बहन तालाब के पानी में डूबी हुई है जो नहीं निकली है। ग्रामीणो ने बच्ची की तालाब में खोजबीन शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने दो घंटा के बाद मृत बच्ची का शव बरामद कर पानी से बाहर निकाला। प्रभारी अंचलाधिकारी नंदकुमार राम द्वारा मृत बच्ची के घर पहुंचकर परिजनों को समझा। इसके बाद मृत बच्ची के परिजन शव को पोस्टमार्टम कराने को तैयार हुए। इस बाबत प्रभारी सीओ ने कहा कि मृत बच्ची के परिजनो को जिला प्रशासन द्वारा मुआवजा के तौर पर सरकारी प्रावधान के तहत चार लाख रुपए दिया जायेगा। घटना के बाद मृत बच्ची के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**आज | कल**




## नेतरहाट में बच्चा हत्याकांड का आरोपी पुलिस जवान गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** नेतरहाट थाना क्षेत्र में एक मासूम बच्चे की हत्या करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी वर्तमान में बोकारो पुलिस विभाग में कार्यरत है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। दरअसल नेतरहाट में 20 घंटे से लापता एक मासूम बच्चे का वीभत्स शव बरामद होने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गया था। बच्चे की हत्या जिस बेरहमी से की गई थी, उसे देखते हुए लोगों के हृदय कांप उठा था। गिरफ्तार अरोपी ने 10 वर्षीय मासूम का दोनों आंख फोड़ दिए थे और उसके शरीर पर चाकू तथा सरिया से गंभीर घाव किए थे। हत्या के बाद आरोपी ने बच्चे के शव को अस्पताल के पास झाड़ियां में फेंक दिया था। वीभत्स हालत में मासूम के शव को देखकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा था। घटना के बाद लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर पुलिस की टीम ने पूरे मामले की छानबीन आरंभ कर दी। छानबीन के दौरान पुलिस को यह पता चला कि पूर्व में जंगली वार फेयर स्कूल नेतरहाट में शेष पेज 11 पर

### हत्याकांड में चार दोषियों को उम्रकैद

**मेदिनीनगर।** जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश तृतीय, शंकर महाराज की अदालत ने एक हत्या के मामले में चार लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। प्रत्येक दोषी पर 10,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है, जिसके भुगतान में विफल रहने पर छह महीने की अतिरिक्त सजा का प्रावधान है। यह मामला हरिहरगंज थाना क्षेत्र के शिकारपुर निवासी रिंकू देवी द्वारा 2 अक्टूबर, 2016 को दर्ज कराई गई प्राथमिकी (हरिहरगंज थाना कांड संख्या 75/2016) से संबंधित है। प्राथमिकी में भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 149, 302/34 के तहत आरोप लगाया गया था कि आरोपियों ने रिंकू देवी के पति रंजीत साह की घर में घुसकर लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी थी। अदालत ने साक्ष्यों के आधार पर मदन साव, महावीर साव, रीना देवी और बुधन साव (सभी शिकारपुर, हरिहरगंज निवासी) को दोषी करार दिया है।

## रेलवे प्लेटफॉर्म पर ड्यूटी के दौरान फोटो खिंचवाते दिखे पुलिसकर्मी

**महाकुंभ मेला में जाने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी से बचाने के लिए प्रतिनियुक्त किये गये थे पुलिसकर्मी**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** महाकुंभ मेला में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी से बचाने के लिए पलामू एसपी डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर पुलिस कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करते हैं। इसका उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षा और मार्गदर्शन प्रदान करना होता है। हालांकि, श्रद्धालुओं ने शिकायत की है कि कुछ पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी पर कम और प्लेटफार्म पर फोटो खिंचवाते हुए ज्यादा दिखाई दिए। यह घटनाएं



प्रशासनिक प्रयासों को प्रभावी बनाने में रुकावट डाल रही हैं। महाकुंभ जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन के दौरान यात्रियों को बेहतर सुरक्षा और सहायता की आवश्यकता होती है। ऐसे में अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी का बेहतर तरीके से निर्वहन करना चाहिए ताकि यात्रियों को असुविधा का सामना न करना पड़े और प्रशासन की कोशिशें सफल हो सकें।

### पूजा सिंघल बनीं सूचना व प्रौद्योगिकी विभाग की सचिव

**रांची।** झारखंड सरकार ने मंगलवार को 15 आईएएस अधिकारियों का स्थानांतरण-पदस्थापन किया है। तबादला और पदस्थापन की अधिसूचना जारी कर दी गई है। 1996 बैच के मस्तराम मीणा को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का प्रधान सचिव बनाया गया है। अब तक यह विभाग उनके पास अतिरिक्त प्रभार में था। 2005 बैच के कृपानंद झा को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग का सचिव बनाया गया है। इससे पहले यह विभाग उनके पास अतिरिक्त प्रभार में था। पदस्थापन की प्रतीक्षारत सीनियर आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग का सचिव बनाया गया शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

## क्या दिल्ली में मनोज तिवारी पर पूर्वांचल कार्ड खेलेगी भाजपा?

दिल्ली में नई सरकार के लिए 19 फरवरी को विधायक दल की बैठक में सीएम के नाम पर मुहर लग जाएगी।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

दिल्ली के मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह इस बार भी रामलीला मैदान में होगा। शपथग्रहण समारोह को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। पहले जहां 20 फरवरी की शाम 4.30 बजे दिल्ली के नए सीएम का शपथ ग्रहण होना था तो वहीं अब यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे होना निश्चित हुआ है। दिल्ली के मुख्यमंत्री को लेकर सस्पेंस अभी भी बना हुआ है। इसको लेकर विपक्षी दल आम आदमी पार्टी की कार्यवाहक सीएम आतिशी ने बीजेपी पर तंज करते हुए कहा है कि दिल्ली को चलाने के लिए बीजेपी के पास सीएम का चेहरा तक नहीं है। वहीं अब इस पर बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी बैचेन है। दिल्ली को लेकर दो -तीन दिन में तय हमारा मुख्यमंत्री बहुत अच्छा होगा। चुनाव हुए तो पहले परवेश वर्मा का नाम हर किसी की जुबान पर था। उन्होंमने ना सिर्फ अरविंद केजरीवाल को नई दिल्लीी सीट पर मात दी बल्कि वो दिल्ली? के पूर्व सीएम साहब सिंह वर्मा के बेटे भी हैं। वहीं दूसरी ओर बिहार चुनाव को ध्यानि में रखते हुए सांसद मनोज तिवारी का नाम राजनीतिक गलियारों में काफी उछल रहा है। भाजपा उन्हें पूर्वांचल का बड़ा नाम मानती रही है जिससे ऐसी चर्चाओं ने जोर पकड़ा है। बीजेपी के विधायक हरीश खुराना ने कहा कि सीएम के नाम पर सस्पेंस जल्द खत्म होगा। उन्होंने कहा कि लोगों के कयास जल्द ही खत्म होने वाले हैं। केंद्रीय नेतृत्व के निर्णय अनुसार भारतीय जनता पार्टी का



मुख्यमंत्री जल्द ही दिल्ली को मिलने वाला है। मनोज तिवारी ने खुद भी मुख्यमंत्री पद के लिए अपनी इच्छा जता चुके हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने कहा था कि चेहरा तो हम हैं, वो भी तीसरी बार। साथ ही और भी चेहरे हैं। दिल्ली में अगर एक जगह से तीसरी बार अगर टिकट दिया गया तो वो पूर्वांचली ही है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा था कि मुख्यमंत्री जितनी सुविधाएं देता है प्रदेश को वो सुविधाएं देने की मैं गारंटी देता हूं। मोदी-शाह की तरफ से फैसले चौंकाने वाले ही होते रहे हैं। लेकिन पूर्वांचली वोट बैंक, बिहार चुनाव और खुद मनोज तिवारी की इच्छा, ये सभी फैक्टर उन्हें मुख्यमंत्री पद की दौड़ में आगे रखते हैं। हालांकि उनके साथ बिहारी होने सहित कई विरोधाभास भी हैं जिस कारण दिल्ली में भाजपा हारती भी रही है । सवाल है कि क्या दिल्ली का श्रेष्ठ भद्रलोक उन्हें सीएम स्वीकार कर पाएगा क्योंकि कुछ वर्षों पूर्व तक बिहारी शब्द बहुत ही अपमानजनक संबोधन हुआ करता था ?मनोज तिवारी की लोकप्रियता उनके जन्मस्थान भबुआ में ही नहीं है जिसके कई किस्से हैं और दिल्ली में कई सोशल मीडिया कंटेन्ट में इनका मजाक उड़ाया जाता रहा है । दिल्ली में टॉप से लेकर नीचे की ब्यूरोक्रेसी,देश के सभी चर्चित नेता और पंजाबी के अलावा अनेक क्षेत्रों से आए सबसे धनाढ्य व्यापारी रहते हैं। इसके अलावा झुग्गी झोंपड़ियों में रहने वाले बिहार,यूपी के ऑटोचालक और झारखंड मूल की घरों में काम करने वाली लाखों महिलाएं हैं जिनकी पसंद विभिन्न कारणों से मनोज तिवारी नहीं हैं जिनका प्रभाव ऐतिहासिक रूप से दिल्ली की राजनीति पर पड़ता रहा है । शायद यही कारण कि पहले दिल्ली का कायकल्प करने वाली कुशल प्रशासक शीला दीक्षित और उसके बाद झुग्गी झोंपड़ी को पक्के घर में बदलने का वादा करने वाले केजरीवाल लंबे समय तक सीएम बने रहे उनकी कुर्सी पर एक भोजपुरी गायक को बहुत बड़ी लॉबी देखना पसंद नहीं करती जबकि मनोज तिवारी सांसद भी रहे। भाजपा यदि उन्हें मुख्यमंत्री बनाती है तो बिहार यूपी के लोग जो अपने कच्चे मकानों को पक्का देखना चाहते हैं उन्हें घेर लेंगे पर दिल्ली की बड़ी आबादी पर इसका क्या असर होगा और कहीं अगले चुनाव में इसका असर न पड़े यह भी संभवतः भाजपा इन सभी बातों पर विचार कर चौंका सकती है जिस सूची में सुषमा स्वराज की सुपुत्री बांसुरी स्वराज भी शामिल हैं जो सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता के साथ अच्छी वक्ता भी हैं। जो भी होगा आज सामने आ जाएगा।

हेमंत सरकार ने सरकारी कर्मियों और पेंशनधारियों को दिया बड़ा तोहफा

## महंगाई भत्ते में 7 से 12 फीसदी की वृद्धि

**कैबिनेट की बैठक**

- डीए में बढ़ोतरी 1 जुलाई, 2025 से होगी प्रभावी
- सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाई को विशेष छूट दिया जाएगा

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य के सरकारी कर्मियों और पेंशनधारियों को बड़ा तोहफा दिया है। सरकारी कर्मियों के महंगाई भत्ते (डीए) में 7 से लेकर 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में सरकारी कर्मियों के महंगाई भत्ते में 7 से लेकर 12 प्रतिशत वृद्धि करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। महंगाई भत्ते की यह वृद्धि 1 जुलाई, 2025 से प्रभावी होगी। कैबिनेट की बैठक में कुल 12 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। छठे केंद्रीय अपुनरीक्षित वेतनमान



के तहत आने वाले राज्यकर्मियों और पेंशनधारियों का महंगाई भत्ता सात फीसदी बढ़ाया गया है। इन्हें पूर्व में 239 फीसदी महंगाई भत्ता देय था, जो अब बढ़कर 246 फीसदी हो गया है। वहीं, पंचम केंद्रीय अपुनरीक्षित वेतनमान के दायरे में आने वाले कर्मियों को देय महंगाई भत्ते में 12 फीसदी की वृद्धि को मंजूरी दी गई है। उन्हें अब 443 फीसदी के बदले 455 फीसदी महंगाई भत्ता मिलेगा। सेवानिवृत्त कर्मियों को भी इस वृद्धि का लाभ समान रूप से प्राप्त होगा। राज्य कैबिनेट में लिए गए फैसले के संबंध में बताया गया कि झारखंड में कारखानों और फैक्ट्रियों में महिला कामगारों को उनकी सहमति के आधार पर रात्रि पाली में काम करने की अनुमति से संबंधित प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। महिलाएं अब शाम सात बजे से सुबह छह बजे की अवधि तक काम कर सकेंगी। कैबिनेट ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान के तहत इससे संबंधित कारखाना संशोधन विधेयक-2024 के गठन को स्वीकृति दी है। इसके अलावा, कैबिनेट ने आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका के चयन एवं मानदेय नियमावली में संशोधन से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी है। राज्य में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाई (एमएसएमई) को विशेष छूट प्रदान किया जाएगा। इससे संबंधित विधेयक शेष पेज 11 पर

# छत्तरपुर में अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई: 12 क्रशरों की हुई जांच, सैंपल लिया गया

**मानकों की अनदेखी करने पर क्रशर संचालकों पर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू**



**जांच किए गए क्रशर प्लांट्स**

नमूने लेने और निरीक्षण करने के लिए क्रशरों का परीक्षण किया गया। इनमें जय मां स्टोन चिप्स (बरडीहा), जय माता स्टोन क्रशर, महादेव स्टोन चिप्स, जय मां सतचंडी स्टोन क्रशर, जय मां विंध्यवासिनी स्टोन चिप्स, जय मां शेरावाली स्टोन चिप्स, एमएस अशोक कुमार सिंह, एमएस स्टोन, एमएस वैष्णो माता स्टोन, जय मां लिलोरी स्टोन चिप्स, सहारा स्टोन चिप्स और एमएस रविंद्र कुमार सिंह स्टोन क्रशर का नाम शामिल है। प्रशासन ने इन क्रशरों के संचालन में उल्लंघनों के खिलाफ उचित कार्रवाई की प्रक्रिया को तेज कर दिया है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**छत्तरपुर।** पलामू जिले के छत्तरपुर अंचल में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई की है। मंगलवार को छत्तरपुर अंचलाधिकारी उपेंद्र कुमार और पूर्वी वन क्षेत्र पदाधिकारी नवनीत कुमार ने विभिन्न मौजों में संचालित 12 क्रशरों का निरीक्षण किया। इस दौरान, बरडीहा स्थित जय मां स्टोन चिप्स क्रशर और जय मां विंध्यवासिनी क्रशर से पत्थर का सैंपल लिया गया।

**अवैध खनन पर की गई कार्रवाई**

बचकोमा पहाड़ी का निरीक्षण करते हुए, प्रशासन ने पहाड़ी पर अवैध खनन के पर्याप्त साक्ष्य पाए। इस आधार पर अवैध खनन से जुड़े व्यक्तियों की पहचान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**क्रशरों में मानकों की अनदेखी**

जांच में पाया गया कि अधिकांश क्रशरों में वाटर स्प्रिंकलर्स की व्यवस्था नहीं है और चहारदीवारी भी निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई। इन बिंदुओं पर प्रशासन ने कार्रवाई की योजना बनाई है और संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी गई है।

## एनडीपीएस एक्ट का प्राथमिक अभियुक्त गिरफ्तार



**नौडीहा बाजार(पलामू)।** पलामू जिले के नौडीहा बाजार थाना थाना क्षेत्रों में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया है। नौडीहा बाजार थाना के अभियुक्त लवलेश यादव पिता बीरा यादव,निवासी धोबीडीह, थाना छतरपुर जिला पलामू को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# चिकित्सक की कमी से ओपीडी सेवा बाधित, मरीजों को हो रही परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड मुख्यालय हैदरनगर स्थित ही सरकारी अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र सह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में प्रायः ओपीडी सेवा बाधित रहने से लोगों की परेशान बढ़ी हैं। ऑन ड्यूटी मौजूद आयुष चिकित्सक डॉ. ज्योतिष कुमार ने बताया कि इस अस्पताल में एमबीबीएस चिकित्सक डॉ. राकेश रंजन प्रतिनियुक्त हैं। किन्तु इन्हें सप्ताह में तीन दिन के लिये इसी प्रखंड के ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र अधौरा जाना पड़ता है। इस परिस्थिति में एमबीबीएस चिकित्सक की कमी में ओपीडी सेवा के तहत मरीजों को



अन्यत्र भटकना पड़ रहा है। इनकी कमी से प्रतिदिन सैकड़ों रोगियों का इलाज उन्हें ही करना विवशता बनी है। उधर अधौरा हेल्थ सेंटर पर मरीजों के इलाज कर रहे हैदरनगर के चिकित्सक डॉ. राकेश रंजन ने बताया कि उन्हें ऐसा आदेश मिला है कि प्रखंड मुख्यालय का अस्पताल बंद हो जाए तो कोई बात नहीं, अधौरा हेल्थ सेंटर बंद नहीं होना चाहिए। जिससे जिससे उन्हें मूल पदस्थापन स्थान को छोड़ यहां आना पड़ता है। जबकि ग्रामीण हेल्थ सेंटर में प्रतिदिन औसतन मरीजों के आगमन की संख्या महज 20 है। बाजार सह हैदरनगर प्रखंड मुख्यालय स्थित सरकारी अस्पताल में औसतन ढाई सौ मरीजों का इलाज प्रतिदिन होता है।

## संत रविदास की प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम आज

**मोहम्मदगंज।** लटपौरी में बुधवार को संत रविदास की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। बताया गया कि बोधगया के महंत भिक्खु शिशमणि के सन्मार्ग में इसे लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। निर्धारित समय के अनुसार सुबह 9 से 12 बजे तक रविदास मंदिर में उनकी 648 वीं जयंती पर प्रतिमा स्थापित करने का कार्यक्रम होगा। इससे पहले शोभायात्रा निकाली जाएगी। तत्पश्चात दिन के 2 से शाम 7 बजे तक प्रीतिभोज का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद पूरी रात व्यास राजमुनि झारखंडी और सुनील चट्टान के बीच गायिकी का मुकाबला होगा। आयोजकों ने सभी से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# गर्मी शुरू होते ही हुसैनाबाद में पेयजल संकट गहराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद क्षेत्रों में गर्मी शुरू होते ही अभी से ही पेयजल संकट गहराने लगा है। हुसैनाबाद में जल मिशन योजना के तहत अनुमंडल मुख्यालय के सिटी सह नगर पंचायत क्षेत्र के गुलबाग स्टेडियम के पास स्थापित जलमीनार शुरूआत से ही डेड पड़ा है। वहीं वार्ड तीन के राम विगहा, कुर्मी टोला, नदी पर हरिजन टोला,मोहम्मदाबाद सहित कई जगहों का जलमीनार खराब हो गया है। नगर पंचायत के द्वारा इसे अब तक ठीक नहीं किया गया, जबकि सभी छह माह व एक साल से खराब पड़ा है। इससे आसपास के घरों में पानी का घोर संकट उत्पन्न होने लगा है। है, गर्मी बढ़ने से परेशानी और बढ़ जाती है। हुसैनाबाद नगर पंचायत के वार्ड तीन के निवर्तमान पार्षद राजेन्द्र पाल ने बताया कि हुसैनाबाद सिटी के 16 वार्डों में जल मिशन योजना के तहत करीब 35 जलमीनार लगाया गया था, जिसमें आधे से अधिक विभागीय देखरेख के अभाव में खराब है। वहीं अधिक गर्मी होने के कारण भी देवरी सोन नदी में भी स्थाई समाधान नहीं होने के कारण प्रत्येक वर्ष जलस्तर नीचे चले जाने से शहर में होने वाली जलापूर्ति भी बाधित हो जाती हैं। शहर में कई चापाकल भी जवाब देने लगा है। मधुशाला रोड मे भी कई माह से चापाकल खराब पड़ा है।



**आधे से अधिक जलमीनार हैं खराब**

# भगवान नाम जप सर्वोत्तम औषधि: पं मनोज कृष्ण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पोलडीह जगदीशपुर गांव में देवी मां की प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ के तीसरे दिन अधिवास की प्रक्रिया पूरी की गयी। यज्ञाचार्य धर्मराज पांडेय के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अरनी मंथन की गयी। चौथे दिन बुधवार को नगर भ्रमण की जाएगी। महायज्ञ के दौरान श्री धाम वृंदावन से पधारे पंडित मनोज कृष्ण जी महाराज ने प्रवचन के दौरान कहा कि भगवान का नाम सबसे अच्छा औषधि है। उन्होंने कहा ग्राम देवी मां का प्राण प्रतिष्ठा जारी है। मां की पूजा तभी सार्थक होती है,जब हम अपनी जनम देने वाली मां की सेवा करते हैं। मां को जब कष्ट होती है ,तो वह मातृ हत्या की श्रेणी में आता है। मातृ देवो भवः, पितृ देवों भवः को आधार मानकर हमे अपनी माता-पिता की सेवा करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा की गयी पुण्य कार्य ही आपका साथ देगा। उन्होंने कई प्रसंगों के माध्यम से परिक्रमा की महत्ता बतायी। इस परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ जारी है। श्रद्धालुओं ने परिक्रमा कर सुख समृद्धि की कामना की। 21 फरवरी को महा भंडारा के साथ महायज्ञ का समापन होगा।

# नगर पंचायत क्षेत्र में तीन दिनों से कूड़े का उठाव बंद, जनता में रोष

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत हुसैनाबाद क्षेत्र के चौक चौराहों पर कूड़े का अंबार लग गया है। तीन दिनों से कूड़ा कचरा नहीं उठने से हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र की जनता व बाजार आने वाले लोग परेशान हैं। कूड़ा कचरा से बदबू निकल रही है, जिससे महामारी फैलने से इंकार नहीं किया जा सकता। शहर के सभी वार्ड क्षेत्र में जगह-जगह कचरा जमा रहने से दुर्गंध आने लगा है। मच्छर और मक्खियों का भी प्रकोप बढ़ा है। हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में तीन दिनों से कूड़ा नहीं उठाने की वजह जान कर सभी हैरान हैं। अधिकारियों का कहना है कि डंपिंग प्वाइंट पर वाहन जाने की व्यवस्था नहीं है। उत्तर कोयल मुख्य नहर के जीर्णोद्धार की वजह सड़क से डंपिंग प्वाइंट तक जाना असंभव है।



जबकि नागरिकों व नगर पंचायत के निवर्तमान वार्ड पार्षद राजेन्द्र पाल का कहना है कि डंपिंग प्वाइंट तक जाने का दूसरा रास्ता भी है। उन्होंने कहा कि गंदगी को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था भी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि वह मंगलवार को कार्यपालक पदाधिकारी से मिल कर इस समस्या का समाधान कराने का प्रयास करेंगे। फिलहाल हुसैनाबाद शहर में कचरा और बदबू से लोग परेशान है।

# सोनेसरई में रविदास जयंती पर सम्मान समारोह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** रविदास जयंती के अवसर पर आंबेडकर चौक सोनेसरई में सोमवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय समिति के सदस्य, कार्यवाहक थाना प्रभारी, पत्रकारों समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों को रविदास दिव्य ज्योति संघ के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों ने संत रविदास के विचारों और उनके समाज सुधार के योगदान पर प्रकाश डाला। समिति के सदस्यों ने बताया कि यह आयोजन हर साल बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है, जिससे समाज में एकता और भाईचारे का संदेश जाता है। इस दौरान लेस्लीगंज पुलिस प्रशासन, पत्रकारों और समाज सेवियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सभी ने संत रविदास के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यवाहक थाना प्रभारी विक्रम शील ने कहा कि किसी भी कार्यक्रम को साथ मिलकर मनाने में अच्छा महसूस होता है। संविधान निमार्ता बाबा साहेब के विचारों एवं संत शिरोमणि गुरु रविदास के विचारों को अपना कर उनके बताए रास्ते पर चलने की आवश्यकता है। अवध किशोर राय उर्फ राजू राय ने कहा कि बाबा साहब संविधान सबके लिए लिखे हैं, उनके बनाए हुए कानून के अनुसार देश चलता है। इसलिए उनकी जयंती या उनके गुण को सभी को बताना चाहिए। मौके पर पूर्वी जिला परिषद सदस्य विजय राम, एसके रवि सुरेन्द्र कुमार प्रजापति उर्फ भोला, समाज सेवी शैलेश कुमार सिंह, संजय चंद्रवंशी बैगा, अनिल मिश्र, मिथलेश कुमार मिश्रा, सुरेश राम, दिव्य ज्योति संघ सोनेसरई के अध्यक्ष अनुज कुमार, अमरजीत कुमार, संरक्षक विनय कुमार रवि, रामलगन कुमार, अवधेश राम, नंजीत कुमार उर्फ नाजिर, अरविन्द कुमार उर्फ बसंत, गोविंद कुमार, अजय राम, दिलीप कुमार सिपाही, मनोज कुमार, आर के साउण्ड राजू, सोनू करण कुमार, रामवीर, विकेश, नीरज, सत्यम, रौशन, डब्लू सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# मां भगवती की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** सदर प्रखंड क्षेत्र के लहलहे पंचायत के शंभू चक में मां भगवती की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंगलवार को पूरे गाजे बाजे के साथ जल कलशयात्रा निकाली गई। जल कलश यात्रा शंभू चक से निकल कर पुरे खामडीह गांव होते हुए पूणाडीह मलय नदी पहुंची, जहां पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरा गया। जल भर कर कलश यात्रा यज्ञ मंडप स्थल पर पहुंची, जहां पर पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापित किया। इस दौरान हर-हर महादेव,जय श्री राम के जयकारा से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। देवी मंडप नव निर्माण सह प्राण प्रतिष्ठा समिति के अध्यक्ष दीपक ठाकुर ने बताया कि रात्रि में अखंड कीर्तन होगा, जबकि 19 फरवरी बुधवार को पंचांग पूजन,वेदी पूजन एवं नगर भ्रमण,20 फरवरी गुरुवार को भगवती प्राण प्रतिष्ठा,हवन, महाप्रसाद का भंडारा के साथ समापन होगा। मौके पर उपस्थित मुखिया पति संजय यादव ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा हो जाने से गांव घर में सुख, शांति और खुशहाली आती है। मां भगवती की कृपा भक्तजनों पर सदैव बना रहे। मां भगवती की महिमा अपरंपार है। मौके पर समिति के अध्यक्ष दीपक ठाकुर, उपाध्यक्ष धनंजय कुशवाहा, कोषाध्यक्ष अमर गोस्वामी, सचिव ओमप्रकाश मेहता सदस्य चैतलाल गोस्वामी, मनीष गोस्वामी, निर्मोल ठाकुर के साथ दर्जनों श्रद्धालु मुख्य रूप से शामिल थे।



## धोती साड़ी का वितरण शुरू, बच्चों को खिलाया अंडा व हलुवा

**हैदरनगर।** प्रखंड के परता पंचायत में मंगलवार से सोना सोबरन योजना से आवंटित धोती साड़ी का वितरण शुरू किया गया है। इस संबध में बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने तीन दिनों पूर्व ही सभी पंचायतों के मुखिया व अन्य प्रतिनिधियों को इस कार्य में तेजी लाने को लिखित निर्देश जारी किया है। इस निर्देश के आलोक में परता के पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय ने 10 लाभुकों को धोती साड़ी का वितरण कर इस कार्यक्रम की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि पहले दिन मां शेरा वाली पीडीएस समूह परता के प्रतिष्ठान से इसकी शुरूआत की गई है। पंचायत के सभी पीडीएस प्रतिष्ठानों से लाभुकों को वस्त्र देने का क्रम जारी रहेगा। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र परता 3 में बच्चों को पोशाक, जूता, कॉपी, पेंसिल देने के साथ ही बच्चों को एमडीएम के भोजन में अंडा, हलुवा व अन्य व्यंजन स्वयं परोसकर खिलाया। इसमें उनके अलावा सेविका अनीता कुंवर, समाजसेवी राजनाथ साह, मीना देवी, आसमा बीबी सहित कई अभिभावक शामिल थे।

# झामुमो प्रखंड इकाई का गठन, रविंद्र राम अध्यक्ष बने

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** छतरपुर प्रखंड जपला रोड स्थित परी मैरिज हॉल में झारखंड मुक्ति मोर्चा छतरपुर प्रखंड इकाई गठन को लेकर नवगठित पंचायत कमेटी के सदस्यों के बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य अतिथि सह पलामू जिला संयोजक प्रमुख राजेन्द्र कुमार सिन्हा ने की। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि केन्द्रीय समिति सदस्य सह संयोजक मंडल सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा, हाजी ललन मौजूद थे। कार्यक्रम में राजेंद्र कुमार सिन्हा ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के योजनाओं से प्रभावित होकर लोगों ने झारखंड में पार्टी को प्रचंड बहुमत दिया है। पार्टी को पंचायत व बूथ स्तर तक मजबूत बनाना है। पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ हमेशा खड़ा हैं और उनके हर सुख दुःख में साथ देने का वादा किया। संयोजक मंडली सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि किसी भी पार्टी का कार्यकर्ता रीढ़ होता है। बूथ तथा पंचायत स्तर के कार्यकर्ता ही पार्टी को मजबूत बनाते हैं। सर्वसम्मति से रविंद्र राम को अध्यक्ष, सनी कुमार को सचिव, फिरदौस आलम, शिवनाथ राम, मानकी यादव, जगनारायण सिंह, सीता देवी को उपाध्यक्ष, मानिकचंद राम को कोषाध्यक्ष, रामरूप राम, सरिता देवी, मीलू देवी को संगठन सचिव, श्याम सांवरिया, रोज मोहम्मद, मानिक यादव, धनेश यादव को संयुक्त सचिव, सुरेंद्र सिंह को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में चयन किया गया। कार्यक्रम में बिंदा देवी, मीना देवी, मदन कुमार यादव, कविता देवी, इंदु देवी, अभिषेक कुमार सिंह, अलीशेर, अखिलेश प्रजापति, महेंद्र भुइयां, उपेंद्र गुप्ता, धीरेंद्र यादव, वीणा देवी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सर्वेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक, जलयात्रा 21 को



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के बेनीकला पंचायत के सबानो गांव में श्री सर्वेश्वर महादेव प्राण पतिष्ठा महायज्ञ को लेकर जलयात्रा का आयोजन किया गया है। इसके सफलता को लेकर महायज्ञ समिति व ग्रामीणों की बैठक हुई। यह कार्यक्रम श्री विष्णुचीत स्वामी जी महाराज के नेतृत्व में संपन्न होगा। महायज्ञ समिति के लोगों ने बताया कि आगामी 21 फरवरी को जलयात्रा, 22 को पंचांग पूजन,23 को अन्नाधिवास,24 को फलाधिवास,25 को महाविषेक व नगर भ्रमण, 26 को प्राण प्रतिष्ठा सह भंडारे के साथ महायज्ञ संपन्न होगा। समिति के लोगों ने इस अनुष्ठान में धर्म प्रेमी से तन मन धन से शामिल होकर पुण्य का भागी बनने की अपील की है। मौके पर मुख्य रूप से संयोजक राजीव कुमार सिंह, अध्यक्ष बसंत सिंह, सचिव हंसराज सिंह ,संरक्षक रामकेश साव, कोषाध्यक्ष उपेन्द्र सिंह, कौशल किशोर सिंह, केदारनाथ सिंह, रामप्रवेश सिंह, विकास कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, जिम्मेदार यादव के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

**संकल्प** कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए स्कूल प्रबंधन तत्पर

# हिंदी विषय की परीक्षा में 2 परीक्षार्थी अनुपस्थित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय में स्थापित केंद्र में दूसरे दिन मंगलवार को मैट्रिक के हिंदी विषय की परीक्षा ली गई। इसमें कैलाश सिंह उच्च विद्यालय पंसा के 2 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। जबकि विभिन्न स्कूलों के कुल 475 परीक्षार्थी उपस्थित थे। बतौर स्टेटिक मजिस्ट्रेट बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार ने परीक्षा की निगरानी करते हुए इसे शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त सुनिश्चित किया। प्रधानाध्यापक सह केंद्राधीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि शांति और सुरक्षा व्यवस्था के लिए स्थानीय पुलिस सदलबल तैनात रही। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा केंद्र में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न 4 स्कूलों के 477 परीक्षार्थियों का केंद्र स्थापित किया गया है। इसमें उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय के 158, कैलाश सिंह उच्च विद्यालय के 177, अपग्रेडेड हाईस्कूल रानीदेवा और सोनबरसा के क्रमशः 40 व 102 परीक्षार्थी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि शांति और सुरक्षा के दृष्टिकोण से इस केंद्र के 100 मीटर के दायरे में धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। जिसके तहत पांच या इससे अधिक लोगों का मजमा लगाना वर्जित है। शस्त्र, हथियार अथवा आग्नेयास्त्र लेकर चलने पर पाबंदी लगाई गई है। शादी अथवा शवयात्रा को छोड़कर लाउडस्पीकर और बैंड बाजा बजाने की मनाही है। इसका उल्लंघन कानूनन अपराध है।

## मैट्रिक की परीक्षा: पहले दिन केंद्रों पर हिंदी परीक्षार्थी हुए शामिल

**हैदरनगर** प्रखंड मुख्यालय हैदरनगर के विभिन्न सरकारी स्कूलों में स्थापित परीक्षा केंद्र पर मैट्रिक के हिंदी विषय की शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न हो गई। स्थानीय प्लस टू उच्च विद्यालय हैदरनगर के केंद्राधीक्षक बैद्यनाथ राम ने बताया कि इस केंद्र पर एकमात्र हिंदी बी जबकि हिंदी ए के 541 में 7 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा है। इस विषय में कुल कुल 534 परीक्षार्थी के भाग लेने पूरा विद्यालय परिसर में गहमागहमी रहा है। वहीं बाजार मीडिल स्कूल के केंद्राधीक्षक सुमन कुमार ने बताया कि 376 में एकमात्र परीक्षार्थी हिंदी विषय में अनुपस्थित रहा है। पीएमश्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोहम्मदगंज के केंद्राधीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि दंडाधिकारी सह बीडीओ रणबीर कुमार की निगरानी में परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न करा ली गई है। उन्होंने बताया कि इस केंद्र पर कुल 477 में दो परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। मैट्रिक परीक्षा के पहले दिन हिंदी विषय की परीक्षा उमड़े भीड़ को देखते हुए सभी केंद्रों पर स्थानीय पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की विधि व्यवस्था भी चाक चौबंद देखी गई है।

## उपप्रमुख ने धोती, साड़ी व लूंगी वितरण की शुरूआत की

**मोहम्मदगंज।** पंसा पंचायत के रघुनाथपुर में मंगलवार को मुख्यमंत्री सोना सोबरन योजना के तहत धोती, साड़ी और लूंगी वितरण किया गया। प्रखंड उपप्रमुख पंचायत समिति सदस्य नगीना सिंह ने इसकी शुरूआत की। उन्होंने बताया डीलर विनोद सिंह की जन वितरण प्रणाली की दुकान से उन्होंने वितरण की शुरूआत की। उन्होंने बताया डीलर को पूरी पारदर्शिता के साथ उपभोक्ता वस्तुओं के वितरण सुनिश्चित करने की हिदायत दी गई है। मनमानी की शिकायत मिलने पर सख्त कदम उठाने की चेतावनी भी दी है।

### शादी की खुशी मातम में बदली

# पोते की शादी में शामिल होने जा रहे दादा की दर्दनाक मौत, नाती बाल-बाल बचा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मंगलवार को दामाद के घर से पोते की शादी में जाने के क्रम में एक जीप अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे दादा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जीप चला रहा नाती बाल-बाल बच गया। परिजनों ने बताया कि मुसाफिर साव (उम्र 70) अपने दामाद दामोदर साव के घर लामीपतरा से अपने नाती के साथ रेडमा ठाकुरबाड़ी जा रहे थे। तभी बैंदा कला स्थित करमाही पुल के पास जीप अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में मुसाफिर साव की मौके पर ही मृत्यु हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच लाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस दुर्घटना से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। हालांकि, परिजनों की सहमति से शोकाकुल स्थिति में शादी का कार्यक्रम पूरा किया गया।

# शौचालय सुविधाओं में उच्च गुणवत्ता के बावजूद सुरक्षा मानकों में लापरवाही पर उठाए गए सवाल

● **विश्वविद्यालय में सुरक्षा और सुविधाओं की अनदेखी पर विशेष कार्य पदाधिकारी की चिंता**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में सुरक्षा और छात्र सुविधाओं की अनदेखी पर विशेष कार्य पदाधिकारी (न्यायिक) मुकेश नारायण ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन को विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध स्थानों की उपयोगिता पर ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। नारायण ने विशेष रूप से विश्वविद्यालय भवन के मुख्य द्वार पर ग्रिल की अनुपस्थिति को सुरक्षा के दृष्टिकोण से गंभीर चूक बताया। नारायण ने यह भी उल्लेख किया कि विश्वविद्यालय के शौचालयों की व्यवस्था अत्याधुनिक है, जो हवाई अड्डों की सुविधाओं के समान है, और इनमें उच्च गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया गया है। हालांकि, उन्होंने सवाल उठाया कि जब शौचालयों में इतनी उच्च स्तरीय सुविधाएं प्रदान की जा सकती हैं, तो सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं की अनदेखी क्यों की जा रही है। इस संदर्भ में, विशेष कार्य पदाधिकारी ने बताया कि आंतरिक रिपोर्ट राज्यपाल को सौंपी जाएगी, जिसमें इन खामियों को उजागर किया जाएगा। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से अपेक्षा की है कि वे सुरक्षा और छात्र सुविधाओं के मामले में आवश्यक सुधार करें। यह मामला तब सामने आया है जब हाल ही में मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भी सुरक्षा और सफाई व्यवस्था को लेकर सवाल उठे थे। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अस्पताल में पुलिस आउटपोस्ट का उद्घाटन करते हुए चिकित्सकों की सुरक्षा और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की आवश्यकता पर जोर दिया था। उन्होंने अस्पताल में सफाई कर्मियों की कमी और आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा कम कर्मचारियों के बावजूद अधिक भुगतान लेने की अनियमितता पर भी सवाल उठाए थे। बहरहाल, इन घटनाओं से स्पष्ट होता है कि शैक्षणिक संस्थानों में सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि प्रशासन को इन मुद्दों पर तत्काल ध्यान देकर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने चाहिए, ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिल सके।

# जोड़ ग्राम में नव दिवसीय रामचरित मानस नवाह्न पारायण पाठ महायज्ञ का शुभारंभ

### राम के चरित्र से त्याग और भाईचारे का संदेश : उत्तम कुमार राय



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के जोड़ ग्राम स्थित शिव मंदिर प्रांगण में मंगलवार को 38वें रामचरित मानस नवाह पारायण पाठ महायज्ञ का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन समारोह में सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय, एसआई रणजीत कुमार, एएसआई सुलेस्वर प्रसाद, जोड़ पंचायत की मुखिया प्रभा देवी, उप मुखिया सरिता तिवारी और पंचायत के वार्ड सदस्य सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

उद्घाटन के अवसर पर सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने रामचरित मानस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राम जी का चरित्र न केवल भाई-भाई के रिश्ते में प्रेम और त्याग की भावना को दशार्ता है, बल्कि यह हमें जीवन जीने की कला भी सिखाता है। राम जी ने अपने पिता का वचन निभाने के लिए राज सिंहासन त्याग कर वनवास को स्वीकार किया, जो कि हमारे लिए एक आदर्श प्रस्तुत करता है। महायज्ञ के पहले दिन मुख्य आचार्य दीपक पांडे के नेतृत्व में रामचरित मानस का नौ दिवसीय पाठ शुरू हुआ। रात्रि में जनकपुर मिथिला धाम दरभंगा के बाबा बैजनाथ आदर्श रामलीला मंडली द्वारा रामलीला का मंचन किया गया। यह आयोजन पिछले 37 वर्षों से शिवरात्रि के मौके पर आयोजित किया जा रहा है।

उद्घाटन समारोह में अन्य प्रमुख लोग जैसे एसआई रणजीत कुमार, अध्यक्ष अनुज मिश्रा, उपाध्यक्ष धमेंद्र कुमार, सचिव मेघनाथ मिश्रा, कोषाध्यक्ष रविंद्र चंद्रवंशी, उप मुखिया सरिता देवी, और अन्य ग्रामीण भी मौजूद थे।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर



**मेदिनीनगर।** भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर की पुण्यतिथि मनाई गई। अखिल भारतीय नाई संघ ट्रेड यूनियन के तत्वावधान में चैनपुर के कपूर्री चौक स्थित भारत रत्न कपूर्री ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही, कैंडल जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संघ के प्रदेश अध्यक्ष विजय ठाकुर ने संघ के सभी कार्यकर्ताओं में जोश भरा और उनके बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। महानगर अध्यक्ष धनंजय ठाकुर ने कहा कि भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर दलितों, शोषितों व पिछड़ों के मसीहा थे। उन्होंने समाज के लोगों को एक नई दिशा दी और सभी को एकजुट करने का कार्य किया। वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला और उनके आदर्शों को अपनाते हुए समाज के उत्थान के लिए सोचने की आवश्यकता पर जोर दिया। समाज की एकजुटता और उत्थान करना ही जननायक की सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष मंजीत ठाकुर, सचिव बसंत, उप कोषाध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर, बबलू, सत्यप्रकाश, नथुनी ठाकुर, शशि, राम रतन ठाकुर, अमृत ठाकुर, अभय, गंगा ठाकुर आदि शामिल रहे।

## एसबीएसटीसी दुर्गापुर ने आजाद क्लब समस्तीपुर को दी शिकस्त, अप्पू बने मैन ऑफ द मैच

**मेदिनीनगर।** पुलिस लाइन स्टेडियम में वीर शहीदों की स्मृति में आयोजित अंतर्राज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे मैच में एसबीएसटीसी दुगार्पुर (बंगाल) ने आजाद क्लब समस्तीपुर (बिहार) को 3-1 से हराया। तीन गोल दागने वाले एसबीएसटीसी के अप्पू बाऊरी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री मनोज सिंह, पूर्व सांसद घूरन राम, रिटायर्ड प्रो. एस.सी. मिश्र, प्रेम भसीन, प्रशिक्षु डीएसपी राजेश कुमार यादव, दिवाकर नारायण पांडेय आदि उपस्थित रहे। मैच के दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि फुटबॉल दुनिया में सबसे अधिक खेला जाने वाला खेल है और इससे मानसिक व शारीरिक विकास होता है।

## अधिवक्ता संघ ने नगर आयुक्त का जताया आभार

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अधिवक्ता संघ कार्यालय परिसर में यूरिनल के निर्माण हेतु नगर आयुक्त द्वारा गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए शौचालय निर्माण से संबंधित आदेश निर्गत किया गया है। मंगलवार को नगर निगम की टीम ने संघ परिसर का निरीक्षण किया और यूरिनल निर्माण का प्राक्कलन तैयार किया, जिससे निर्माण कार्य की शुरूआत संभव हो गई। उल्लेखनीय है कि संघ के महासचिव अजय कुमार पांडेय ने इस समस्या के समाधान हेतु नगर आयुक्त जावेद हुसैन से मिलकर उन्हें इस मुद्दे से अवगत कराया था और यूरिनल निर्माण का अनुरोध किया था। इसके परिणामस्वरूप, महासचिव ने नगर आयुक्त का आभार व्यक्त किया है। महासचिव अजय कुमार पांडेय ने बताया कि वह लगातार संगठन को सशक्त और बेहतर करने पर पूरी ऊर्जा लग रहे हैं। तभी संघ परिसर में नाली का निर्माण कराया गया था और अब वे चेंबर तथा भव्य भवन निर्माण की दिशा में लगातार प्रयासरत हैं। इस कार्य के लिए उन्होंने पलामू उपयुक्त से भी सहयोग की अपील की है और वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर को संघ परिसर में आने का निमंत्रण भी दिया है। यूरिनल निर्माण के संबंध में सूचना प्राप्त होने पर संघ के उपाध्यक्ष विनोद कुमार तिवारी, वरीय सदस्य सलभ कुमार, अनिल कुमार सिंह, शौकत अली सहित कई अन्य सदस्यों ने खुशी व्यक्त की है और इस पहल की सराहना की है।

### उपायुक्त ने लिया प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी की तैयारियों का जायजा

# किसान मेला-सह-प्रदर्शनी आज, तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा प्रशासन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रमंडलीय मुख्यालय स्थित शिवाजी मैदान में 19 फरवरी 2025 को प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन होना है। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) द्वारा आयोजित इस किसान मेले को लेकर पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने आज आयोजन स्थल शिवाजी मैदान का निरीक्षण किया। उन्होंने मेले के सफल आयोजन हेतु चल रही तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित पदाधिकारियों को समयबद्ध रूप से तैयारी पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने आयोजन के मुख्य मंच, अतिथियों की बैठने की व्यवस्था, बैकड्रॉप, फेशिया, जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ व्यक्तियों के लिए बैठने की व्यवस्था, विभिन्न विभागों के स्टॉल, पार्किंग व्यवस्था, महिला एवं पुरुष किसानों के आगमन की तैयारी, उनके बैठने की व्यवस्था, भोजन, शुद्ध पेयजल, शौचालय आदि के प्रबंधों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। किसान मेले में पलामू प्रमंडल के तीनों जिले झ्र पलामू, लातेहार और गढ़वा झ्र के विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जा रहे हैं। इन स्टॉलों के माध्यम से लाभुकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और लाभार्थियों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी असीम कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी-सह-आत्मा के परियोजना निदेशक दीपक कुमार आदि उपस्थित रहे।



## जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक

# विकास योजनाओं को समय पर पूर्ण कराएं : सांसद



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निदेशक डीआरडीए रवीश राज सिंह द्वारा एक-एक कर पिछले दिशा के बैठक में दिए गए निर्देशों काअनुपालन प्रतिवेदन की जानकारी समिति के समक्ष रखा।

**इन विभागों की गई समीक्षा**

सांसद ने मुख्य रूप से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, अनापत्ति प्रमाण पत्र से संबंधित मामले, 15वें वित्त के तहत योजना, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, वन विभाग से जुड़े मामले, में समीक्षा के बाद निर्देश दिए। इसके अलावा भू अर्जन मुआवजा भुगतान, विद्युत आपूर्ति, शिक्षा विभाग से जुड़े मामले, कल्याण विभाग अंतर्गत मामले, आपूर्ति विभाग अंतर्गत राशन वितरण, धान अधिप्राप्ति, सड़क निर्माण, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मामलें, श्रम विभाग, लघु सिंचाई, जलपथ, अनुसंधान, जलछाजन, कदवन बांध प्रमंडल, नगर परिषद, नगर पंचायत, खनन, उद्योग विभाग समेत अन्य मामलों पर विस्तार पूर्वक समीक्षा कर पूर्व में दिए निर्देशों के अनुपालन की जानकारी ली गई।

**अधिक निजी अस्पतालों में आयुष्मान के तहत लाभ दें :**

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में अब तक 4,22,448 आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। उक्त उपलब्धि प्राप्त करने पर माननीय सांसद द्वारा इस कार्य की प्रशंसा की गई। बैठक के दौरान जानकारी देते हुए सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि गढ़वा जिला में वर्त्तमान समय मे सदर अस्पताल गढ़वा एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत ईलाज की सुविधा दी जा रही है। वर्तमान समय तक जिले के मात्र 2 प्राईवेट अस्पताल क्रमशः 1 परमेश्वरी मेडिकल सेंटर, गढ़वा एवं 2 नई रोशनी, मेराल में उक्त योजना के तहत ईलाज की सुविधा दी जा रही है। सांसद द्वारा कार्य की सराहना की गई। साथ ही अधिक से अधिक निजी अस्पतालों को आयुष्मान का लाभ देने के संबंध में पंजीकृत करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त शेखर जमुआर, उपविकास आयुक्त पशुनाथ मिश्रा, सदर एसडीओ संजय कुमार पांडेय, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा, अनुमंडल पदाधिकारी रंका, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी, माननीय विधायक प्रतिनिधि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र, सभी प्रखंड प्रमुख, समिति के अन्य सदस्य समेत विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी एवं विभिन्न अभियंत्रण विभाग के कार्यपालक अभियंता आदि उपस्थित थें।

### सोन कनहर पाइप जलापूर्ति योजना की जानकारी ली

समीक्षा के उपरांत संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए। पथ निर्माण विभाग एवं ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के तहत संचालित सड़क निर्माण, पुल पुलिया निर्माण आदि की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के विकास के मद्देनजर 5 पथ एवं पथांश भाग में 11 पुल के निर्माण समेत अन्य योजनाओं के संबंध मे जानकारी प्राप्त की गई। जिले में संचालित सड़क निर्माण एवं पुल पुलिया निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। जल पथ प्रमंडल के तहत कार्यान्वित सोन-कनहर पाईप लाईन जलापूर्ति योजना के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। बैठक में उपस्थित जलपथ प्रमंडल, गढ़वा के प्राक्कलन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्त्तमान समय तक 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हुआ है, शेष कार्य प्रगति पर है। सांसद सह अध्यक्ष द्वारा सोन-कनहर पाईप लाईन जलापूर्ति योजना का कार्य प्राक्कलन की विशिष्टियों के अनुसार निर्धारित समयानुसार पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। सांसद ने कहा कि सभी योजनओं का समय पर पूर्ण कराएं।

### स्कूलों में पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने का निर्देश

सांसद ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से कस्तूरबा आवासीय विद्यालय समेत अन्य विद्यालयों में हो रहे पठन-पाठन, उनमें पेयजल की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था एवं उन्हें दी जाने वाली भोजन, पठन-पाठन, बैठने की समुचित व्यवस्था आदि की जानकारी लिया। उन्होंने कस्तूरबा आवासीय विद्यालय समेत अन्य सभी विद्यालयों में पेयजल एवं शौचालय की सुविधा सुनिश्चित कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही सभी स्कूलों में सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाओं से संबंधित प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### उपायुक्त के आदेश पर एसडीएम व सीओ ने अवध क्रशर प्लांट को कराया बंद

**धुरकी।** उपायुक्त के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी व धुरकी अंचलाधिकारी ने धुरकी प्रखंड के पंचायत अंबा खोरिया में अवैध क्रशर प्लांट व अवध उत्खनन कर रहे क्रशर प्लांट को तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया। इस कार्रवाई से क्षेत्र के अन्य क्रशर प्लांट संचालकों में हड़कंप मच गया है। क्रशर प्लांट की जांच करने पहुंचे अधिकारी को जांच के दौरान संचालक, प्लांट संबंधित आवश्यक दस्तावेज नहीं दिखा सके। इसके बाद प्लांट को तत्काल बंद करने का आदेश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि बंद क्रशर प्लांट संचालन होते अगर पाया जाएगा तो उनके के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। क्रशर प्लांटों पर बिना पानी और फव्वारा के पत्थरों की पेराई धड़ल्ले से की जा रही थी। धुरकी अंचलाधिकारी ने बताया कि यह क्रशर प्लांट गांव के बीचों-बीच है, जिसके धूल से लोग बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं। अम्बाखोरिया के ग्रामीणों द्वारा वीडियो के माध्यम से शिकायत मिल रही थी की अंबा कोरिया में अवैध क्रशर प्लांट संचालित हो रहा है, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इतना ही नहीं क्रेशर संचालक द्वारा अवैध उत्खनन भी किया जा रहा है।

### अबुआ आवास योजना में रिश्वत की शिकायत

**खरौंधी।** खरौंधी पंचायत निवासी राजेश पासवान ने पंचायत के मुखिया पर अबुआ आवास योजना के लाभ के बदले रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। उन्होंने मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। राजेश पासवान के अनुसार, खरौंधी पंचायत की मुखिया मंजू देवी के पति कृष्ण प्रसाद ने उनसे अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए रिश्वत मांगी। जब उन्होंने रिश्वत देने से इनकार किया, तो भौतिक सत्यापन के दौरान उनके कच्चे मकान के बावजूद उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। इस संबंध में मुखिया पति ने अपने उपर लगे आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

### कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में नामांकन प्रारंभ

**कांडी।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कांडी में बच्चों का सत्र 2025-26 के लिए नामांकन प्रारम्भ हो चुकी हैं। जानकारी देते हुए विद्यालय के वार्डन आर ऊषा ने बताया की सत्र 2025-26 में बालिकाओं का नामांकन प्रारंभ कर दिया गया है। जिन छात्राओं को वर्ग 6 में नामांकन कराना है वह विद्यालय में संपर्क कर अपना नामांकन फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में पढ़ने वाले छात्राओं के लिए विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उसके तहत नामांकन पूर्णतः निःशुल्क होगा। विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के लिए छात्रवृति की सुविधा, कैरियर काउंसलिंग की सुविधा, कंप्यूटर, आईसीटी लैब की सुविधा हो या फिर उत्तम आवासीय व्यवस्था, सारी सुविधाएं बिल्कुल मुफ्त दी जाएंगी।

### हिंदी की परीक्षा में 8 परीक्षार्थी अनुपस्थित

**रमना।** प्रखंड स्थित बनाये गये चार परीक्षा केंद्रों पर हिंदी विषय की मैट्रिक परीक्षा शांतिपूर्ण हुई। मैट्रिक के इन केन्द्रसें पर कुल 1460 परीक्षार्थियों में से 1452 परीक्षार्थियों ने परीक्षा लिखा। 8 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। प्लस टू उच्च विद्यालय चटनीया परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक अजय सेठ ने बताया कि इस केंद्र पर मैट्रिक के कुल 716 में से 5 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। 711 परीक्षार्थियों ने परीक्षा लिखा। बालिका उच्च विद्यालय के केंद्राधीक्षक शशि रमण प्रकाश ने बताया कि मैट्रिक के कुल 125 परीक्षार्थी में से 2 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। 123 परीक्षार्थियों ने परीक्षा लिखा। राजकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग एक के केंद्राधीक्षक फुलेन्द्र राम ने बताया कि मैट्रिक के कुल 303 में से 303 परीक्षार्थियों ने परीक्षा लिखा । राजकीय मध्य विद्यालय चटनीया के केंद्राधीक्षक रिंकू कुमार पासवान ने बताया कि मैट्रिक के कुल 316 परीक्षाथियों में से 1 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहा और 315 परीक्षाथियों ने परीक्षा लिखा।

## एक नजर

### बीडीओ ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय स्थित 10 प्लस टू उच्च विद्यालय में मंगलवार को मैट्रिक परीक्षा के प्रथम दिन हिंदी विषय की परीक्षा कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण तरीके से हुई। परीक्षा केंद्र पर 286 छात्र-छात्राओं में तीन विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। प्रखंड विकास पदाधिकारी सुबोध कुमार परीक्षा केंद्र के सभी कमरों में घूम-घूम कर केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं और सीसीटीवी कैमरे का जायजा लिया। बीडीओ ने केंद्राधीक्षकों सहित परीक्षा कार्य में लगे अन्य अधिकारियों एवं शिक्षकों को पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने झारखंड अधिविध परिषद द्वारा जारी नियम का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया।

### समाज सेवी ने निजी खर्च से कराया मंदिर का निर्माण

**केतार।** प्रखंड के परती-कुशवानी गांव में समाज सेवी पंकज सिंह ने आदिवासी समुदाय के देवता डिहवार बाबा के मंदिर निर्माण की ढलाई कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर उन्होंने मजदूरों के साथ ढलाई कार्य में हाथ भी बटाया। समाज सेवी पंकज सिंह ने कहा कि परती-कुशवानी पंचायत आदिवासी बहुल्य है। मंदिर नहीं बनने से आदिवासी समुदाय के लोगों को पारंपरिक पूजा-अर्चना करने में परेशानी हो होता था। आदिवासी समुदायों के लोगों कि मांग मंदिर का निर्माण कराने का था जो आज पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्यों में लोगों को बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी करना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों कि मांग को पूरा करते हुए अपने निजी खर्च से लगभग 2 लाख रुपए कि लागत से इस मंदिर का निर्माण कराया।

## कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन टू का शुभारंभ, खिलाड़ियों ने दिखाया दम



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड के रारो मदरसा खेल मैदान में मंगलवार को झारखंड कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन टू 2025 का शुभारंभ किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ झामुमो के केंद्रीय कार्य समिति सदस्य सह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ताहिर अंसारी ने बैटिंग कर किया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय टूर्नामेंट को शुरू कराया। टूर्नामेंट का पहला मैच बोलिया और दतवनिया के बीच खेला गया। बौलिया की टीम ने टॉस जीत कर पहले क्षेत्र रक्षण करने का फैसला किया। दतवनिया टीम ने पहले ही ओवर में 16 रन बना दिया। मौके पर ताहिर अंसारी ने कहा कि यह खेल पहले शहरों में खेला जाता था। शहरी ही इस खेल के महत्व को जाना करते थे, लेकिन यह खेल अब गांव के साथ-साथ देहात क्षेत्र में भी शुरू हो गया है। देहात क्षेत्र के लोग भी इस खेल से लगाव रखना शुरू कर दिए हैं। एक ही बॉल में कोई खिलाड़ी जीता हुआ मैच हार सकता है, और हारा हुआ मैच जीत भी सकता है। कार्यक्रम का संचालन पप्पू यादव ने किया। अध्यक्षता मंसूर अंसारी ने की। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र ठाकुर ,बीडीसी अरविंद पासवान, पंकज विश्वकर्मा, सुशील गुप्ता,झामुमो नेता दीनानाथ पांडे, चंद्रशेखर प्रसाद, मनीरुउद्दीन अंसारी, आफताब आलम ,नंदू यादव, कन्हाई यादव, देवशरण सिंह, कयामुद्दीन अंसारी सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

## पिता को मृत घोषित कर पुत्रों ने जमीन अपनी पत्नी की नाम रजिस्ट्री कराया

**पिता ने थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी**

**नवनी मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के सोनपुरवा पंचायत के गोगेया गांव में जमीन हड़पने का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। बेटों ने अपने ही जीवित पिता और बाबा को मृत घोषित कर उनकी जमीन अपनी पत्नियों के नाम रजिस्ट्री करा ली। जब जीवित पिता शमशाद खान को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। जानकारी के अनुसार गोगेया गांव निवासी शमशाद खां, जो छत्तीसगढ़ में रहकर अपनी जीविका चला रहे थे। उन्होंने बताया कि उनके बेटों



आह्लाद हुसैन और सदाम हुसैन ने उन्हें और उनके पिता (बाबा) जहीरूद्दीन खां को 22 दिसंबर 2024 को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद लगभग 1 एकड़ 45 डिसमिल जमीन अपनी-अपनी पत्नियों के नाम रजिस्ट्री करा ली और अंचल कार्यालय से दाखिल-खारिज भी करवा लिया। जब शमशाद खां को इस धोखाधड़ी की जानकारी मिली तो वह 22 फरवरी 2025 को अपने पैतृक गांव पहुंचे और बेटों से इस बारे में सवाल किया। आरोप है कि दोनों बेटों और बहुओं ने मिलकर टांगी, गड़ासा और लाठी से हमला करने की कोशिश की, जिससे वह किसी तरह जान बचाकर भागे। इसके बाद शमशाद खां ने 16 फरवरी 2025 को मझिआंव थाना में आवेदन देकर 5 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और सुरक्षा की मांग की। मझिआंव थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि मामला जमीन विवाद से जुड़ा है। अंचल पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने भी मामले को गंभीर बताया है। कहा कि दाखिल-खारिज की प्रक्रिया की जांच की जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### प्रमुख ने डीडीसी से बीपीओ को हटाने की मांग की

**केतार।** प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने उप विकास आयुक्त पशुपति नाथ मिश्रा को ज्ञापन सौंप कर मनरेगा बीपीओ नीरज कुमार पाल को हटाने की मांग की है। प्रमुख चंद्रावती देवी ने उप विकास आयुक्त से कहा है कि बीपीओ नीरज कुमार पाल पदस्थापना के बाद से ही योजना में जांच पड़ताल के नाम पर गरीब-गुरबा लोगों को डरा-धमकाकर पैसे कि उगाही कर रहे हैं। इनके द्वारा इसकी शिकायत एक माह पूर्व उप विकास आयुक्त व बीडीओ से भी किया गया था, परंतु किसी तरह की कारवाई नहीं होने से उनका मनोबल बढ़ा हुआ है।

## मैट्रिक परीक्षा में 1178 परीक्षार्थी हुए शामिल



**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र के तीन परीक्षा केंदों पर मंगलवार को मैट्रिक परीक्षा के हिंदी विषय की परीक्षा परिक्षार्थियों ने लिखी। इस दौरान उत्क्रमित उच्च विद्यालय तसरार के केंद्र पर 310, उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय जरही के केंद्र पर 382, प्लस टू उच्च विद्यालय लवाही कला के केंद्र पर 486 सहित कुल 1178 छात्र।छात्राओं द्वारा मैट्रिक परीक्षा लिखा। उक्त सभी केंदों पर दो-दो वीक्षकों की उपस्थिति में परीक्षा लिया गया। सभी कमरों में दो-दो सीसीटीवी कैमरा लगाया गया था। उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय जरही के केंद्र अधीक्षक असगर अली द्वारा सभी विक्षकों से मोबाइल जब्त कर अपने पास रख लिया गया। प्लस टू उच्च विद्यालय लवाही कला के केंद्र पर अधीक्षक अमिताभ कुमार पांडेय मौजूद थे। उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय जरही केंद्र के अधीक्षक असगर अली ने बताया कि कमरा के अभाव में परीक्षा को लेकर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बावजूद कदाचारमुक्त परीक्षा को लेकर बेहतर ढंग से आज के विषय की परीक्षा ली गई ।

## श्रीराम चरित मानस महायज्ञ का 25वां अधिवेशन में भक्तों की उमड़ रही भीड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में श्रीराम चरित मानस महायज्ञ का लगातार 25वां अधिवेशन सह मानस महायज्ञ की रजत जयंती समारोह प्रगति पर है। यज्ञ मंडप से वैदिक मंत्र गूंज रहे हैं। बगल की कुटिया से संगीतमय शैली में मानस की दोहे व चौपाइयों का सस्वर वाचन हो रहा है। प्रतिदिन दोपहर से शाम तक चल रहे ज्ञान यज्ञ से श्रीराम चरित मानस व श्रीमद् भागवत महापुराण के प्रसंगों का संगीतमय प्रवचन चल रहा है। पांचवे दिन के प्रवचन में आचार्य सौरभ भारद्वाज, चित्रकूट की राजकुमारी देवी, अयोध्या के आचार्य अवधेंद्र प्रपन्नाचार्य व विद्या कुंड श्रीराम धाम अयोध्या के ही श्री श्री 1008 श्री महामंडलेश्वर महंत श्री प्रेमशंकर दास जी महाराज के द्वारा मानस व श्रीमद् भागवत महापुराण समेत वेदों, पुराणों व उपनिषदों के विभिन्न आख्यानों की सुमधुर शैली में व्याख्या की जा रही है। जिसे सुनने के लिए दूर दूर से श्रोताओं की भीड़ उमड़ रही है। आज राजकुमारी देवी ने महर्षि विश्वामित्र के द्वारा यज्ञों की रक्षा के लिए राजा दशरथ से राम लक्ष्मण के मांगे जाने के प्रसंग की करुण व्याख्या की। कहा कि कर्म ही इंसान को महान बनाता है। सभी आज अभिनय करते हैं। लेकिन वास्तव में अपनापन नहीं है। भाई भाई में अनबन, पिता पुत्र में मतभेद है। भाई कैसा होना चाहिए। पिता पुत्र में संबंध कैसा होना चाहिए। संस्कार कैसा होना चाहिए यह हमें रामायण सिखाती है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आज समाज में बैर बढ़ता जा रहा है। कटुता बढ़ती जा रही है। राम चारों भाई एक साथ बैठकर एक ही थाली में खाते थे। आज हर भाई अपने-अपने कमरे में खाता है। नारियां पुत्रों के प्रति भेदभाव करती हैं। समाज में संस्कार का लोप होता जा रहा है। इस सबों का समाधान केवल रामचरितमानस में है।

## सराहनीय पहल

## 351 बहनों के विवाह के लिए शहर में भिक्षाटन अभियान

# इस पहल के माध्यम से गरीब परिवारो को सहयोग किया जा रहा है : विकास माली

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के प्रत्येक वार्ड क्षेत्र में कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास माली ने अपने सहयोगियों के साथ भिक्षाटन किया। कार्यक्रम की शुरूआत टंडवा मुहल्ले से किया गया। इस अभियान के तहत जिले के कई पंचायतों में जाकर 351 कन्याओं के सामूहिक विवाह के लिए सहयोग जुटाया गया। उसके बाद अब गढ़वा मुख्य शहर में भिक्षाटन अभियान चलाया जा रहा है। भिक्षाटन कार्यक्रम के दौरान



विकास माली ने कहा कि यह अभियान समाज में सामूहिक विवाह की परंपरा को मजबूत करने और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहायता देने के लिए चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कई गरीब परिवार आर्थिक तंगी के कारण बेटियों की शादी नहीं कर पा रहे हैं, इसलिए इस पहल के माध्यम से उन्हें सहयोग प्रदान किया जा रहा है।उन्होंने सभी नगरवासियों से आग्रह किया है कि सभी लोग सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होकर 351 बहनों को आशीर्वाद प्रदान करें।

### पंचायत सचिव को मिलाअतिरिक्त प्रभार

**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने केतार व मुकुन्दपुर पंचायत के पंचायत सचिव आयुषी चौबे और आदित्य कुमार को तत्काल प्रभाव से विरमित कर दिया है। उन्होंने दोनों पंचायत सचिव को केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान रांची में चल रहे प्रशिक्षण में शामिल होने का निर्देश दिया है। बीडीओ ने स्थानीय व्यवस्था को देखते हुए प्रशिक्षण अवधि तक पंचायत सचिव राम सुरेश राम को आदेश दिया है कि अपने कार्यों के अतिरिक्त मुकुन्दपुर, परती कुशवानी, केतार एवं लोहरगाडा.पंचायत के सचिव के प्रभार में रहेंगे एवं कार्यों का निष्पादन करना सुनिश्चित करें।


**ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार**

ई– प्रोक्योरमेन्ट नोटिस (द्वितीय आमंत्रण)

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–29/2024-25/EE/BCD/LATEHAR दिनांक– 18.02.2025

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Proposed Construction of Swimming Pool at Latehar | 49993300 /- | 11 (Eleven) Months |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–25/02/2025 को 11:00 बजे
2. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :–10/03/2025 को 11:00 बजे
3. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पत्ता :–कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
4. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :–11/03/2025 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, राँची।
5. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :–9431501121
6. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :–8434414939
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. सूचना प्रौधोगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।
- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 346674 (Building)24-25*D



**ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार**

ई– प्रोक्योरमेन्ट नोटिस (द्वितीय आमंत्रण)

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–30/2024-25/EE/BCD/LATEHAR दिनांक– 18.02.2025

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Soil Testing Lab Latehar | 1,08,81,600 /- | 09(Nine) Months |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 25/02/2025 को 11:00 बजे
2. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 10/03/2025 को 11:00 बजे
3. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पत्ता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
4. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 11/03/2025 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, राँची।
5. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9431501121
6. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8434414939
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. सूचना प्रौधोगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।
- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 346673 Building(24-25)#D

# अधिग्रहित भूमि का मुआवजा नहीं मिलने पर एनएच चार घंटे रहा जाम

● सीओ ने भू अधिग्रहण विभाग व एसडीओ से फोन पर बात कर आश्वासन मिलने के बाद जाम हटा

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत रांची चतरा मुख्य मार्ग जोगियाडीह मिशन स्कूल के पास ग्रामीणों ने अधिग्रहित जमीन का मुआवजा नहीं मिलने पर चार घंटे तक सड़क जाम कर दिया। रैयत देवनाथ उरांव ने कहा कि वर्ष 2019 में भू अर्जन विभाग लातेहार द्वारा सड़क निर्माण के लिए भू रैयतों से भूमि अधिग्रहण किया गया था। भूमि अधिग्रहण का 3 वर्ष बीत गए पर अब तक मुआवजा नहीं मिला। बताया गया कि सभी रैयतों का लगभग 10 एकड़ जमीन अधिग्रहण किया गया है, जिसके मुआवजा की मांग के लिए पिछले 3 वर्षों से बालूमाथ अंचल कार्यालय और भू अर्जन विभाग का ग्रामीण चक्कर काट रहे हैं। अब तक किसी एक को भी विभाग ने पैसे का भुगतान नहीं किया है। बताया गया कि पहले भी मुआवजा की राशि की मांग को लेकर विभिन्न तरह से धरना प्रदर्शन कर चुके हैं पर भू अर्जन विभाग सिर्फ आश्वासन और तरह-तरह की सिस्टम बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर विभाग मुआवजा की राशि यथाशीघ्र नहीं देती है तो उग्र आंदोलन करेंगे।



### प्रशासन के आश्वासन के बाद जाम हटा

बता दें कि मुआवजा की मांग को लेकर रैयत सुबह से ही सड़क को जाम कर दिया था। ग्रामीणों में इतनी आक्रोश थी कि दो चक्का, चार चक्का और भारी सवारी वाहनों को भी रोक रखे थे। इसके बाद बालूमाथ अंचलाधिकारी विजय कुमार एवं प्रखंड विकास प्राधिकारी सोम उरांव और स्थानीय पुलिस जामकर्ता रैयतों से बात कर उनके मांगों को समझा और अंचलाधिकारी विजय कुमार ने फोन कर लातेहार भू अर्जन अधिकारी, एसडीओ को मामले से अवगत कराया। जिले के अधिकारियों के आश्वासन के बाद सीओ के पहल पर घंटों बाद जाम हटा।

### विभाग के लापरवाही का दंश झेल रहे रैयत

जोगियाडीह ग्राम के लगभग 10-12 भू रैयत का जमीन वर्ष 2019 के बाद ही अधिग्रहण किया गया था। भू स्वामित्व के अनुसार उनकी जमीन रैयती है। जब अधिग्रहण हुआ था तो उस वक्त भी रैयतों को मुआवजा के लिए जमीन के कागजात मांगे गए थे। रैयतों द्वारा जमीन के संबंधित कार्य अंचल के माध्यम से दिया गया था, पर आज वर्ष 2025 हो गया है। उसके बावजूद भी भू अर्जन विभाग द्वारा जमीन का मुआवजा नहीं दिया गया है। इसके बाद बाध्य होकर रैयत सड़क पर उतर कर प्रदर्शन कर सड़क जाम कर दिए।

## दो सड़क दुर्घटना में पांच लोग घायल

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत दो अलग-अलग सड़क हादसे में पांच लोग घायल हो गए। पहली सड़क दुर्घटना बालूमाथ चतरा मुख्य मार्ग स्थित बरनी गांव पेट्रोल पंप के पास घटी। वहां पर प्रयागराज कुंभ से स्नान कर लौट रही कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराने से कार में सवार लोहरदगा निवासी शिव टहल साहू, अमरिया देवी, सोलारी देवी घायल हो गई। दूसरी घटना पांकी बालूमाथ मुख्य सड़क मार्ग के हेरहंज गांव में घटी। वहां पर गढ़वा से हजारीबाग जा रही एक कार वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खेत में उतरकर पलट गई, जिससे कार में सवार सत्येंद्र राम, संजय कुमार घायल हो गए। इसके बाद दोनों सड़क हादसे में घायल लोगों को स्थानीय ग्रामीण ने बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार की गई। उपचार कर रहे चिकित्सक ने बताया कि सभी पांच घायल लोग को सिर, पैर सहित शरीर के कई अंग में आंतरिक चोटें आई है।

## न्यूज बॉक्स

### मदरसा खैरूल उलूम में कार्यक्रम आज

**चंदवा।** शहर के तिलैयाटांड़ स्थित मदरसा खैरूल उलूम परिसर में बुधवार की शाम जलसा-ए-इस्लाह-ए-मोआशरा व सालाना तालीमी मुजाहिरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में कई नामचीन ओलेमा भाग लेंगे। उक्त जानकारी मदरसा खैरूल उलूम के संचालक मौलाना रिजवान दानिश नदवी ने दी है। इस कार्यक्रम में लोगों से बड़ी संख्या में पहुंचने की अपील की गई है।

### यौन शोषण का आरोपी गिरफ्तार

**चंदवा।** पुलिस ने मंगलवार को यौन शोषण का आरोपी पंकज गंझू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी युवक पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण का मामला एक युवती ने दर्ज करायी थी। इस मामले में थाना में मामला दर्ज किया गया था। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### सीओ से वार्ता के बाद किसानों का जमीन समाधि सत्याग्रह समाप्त

**चंदवा।** प्रखंड के एक मात्र सांसद आदर्श ग्राम चटुआग के अन्नदाता किसानों का जमीन समाधि सत्याग्रह दूसरे दिन मंगलवार को अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक से हुई वार्ता के बाद समाप्त हो गया। दूसरे दिन भी किसानों ने दस बजे से खुले आसमान के नीचे धूप में भूखे प्यासे दो फीट से अधिक गड्ढे के नीचे बैठकर और कब्र में लेटकर सत्याग्रह आंदोलन पर बैठे थे। अंचलाधिकारी व अंचल निरीक्षक महेश सिंह सत्याग्रह स्थल पर पहुंच किसानों से वार्ता की। उन्होंने किसानों की समस्या का समाधान जल्द कराने का आश्वासन देकर उनसे आंदोलन समाप्त करने का आग्रह किया। सीओ ने आश्वासन दिया कि बिजली को लेकर विभाग से बात हुई है। इस समस्या का निदान जल्द ही करा दिया जाएगा। वन पट्टा का जो आवेदन अंचल में पड़ा है, उसे जिला स्तर के अधिकारियों तक भेज दिया जाएगा। पानी, सड़क आदि समस्याओं के लिए पत्र अग्रसारित की जाएगी। मांगों पर उपायुक्त ने भी संज्ञान लिया है। अधिकारियों द्वारा दिये गए आश्वासन के बाद किसानों ने सत्याग्रह समाप्त कर उपायुक्त के पदनाम सीओ को ज्ञापन सौंपा।

### छत्तीसगढ़ से झारखंड आ रहा बस ओरसा घाट में हुई दुर्घटनाग्रस्त, दर्जनों घायल

**महुआडांड़।** प्रखंड के ग्राम गोठगांव में छत्तीसगढ़ से मेहमान आ रहे यात्री से भरी हुई बस ओरसा घाट में मंगलवार दोपहर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस दुर्घटनाग्रस्त होने का कारण घाटी में ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है। हालांकि बस दुर्घटनाग्रस्त में किसी की मौत नहीं हुई, लेकिन बस में सवार दीनानाथ नागेसिया, अर्जुन नगेसिया , शोभराज चरवा, राम स्वार्थ नागेसिया, लालसाय प्रजापति, ढ़लवा देवी, पेमपेश्वरी देवी, पंजाती देवी, लीलावती, सुरजमत देवी, अर्जुन नागेसिय और जसवल प्रजापति घायल हुए है। सभी छत्तीसगढ़ के चांदों भोजपुर से शादी-विवाह के लिए गोठगांव मेहमान आ रहे थे। बस दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद ओरसा के स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ भर्ती कराया गया। सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सा प्रभारी अमित खलखो ने बताया हल्की चोट थी, सभी लोगों का उपचार कर दिया गया है। इस दुर्घटना की सूचना पाकर छत्तीसगढ़ के बस मालिक घायलों को देखने स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। घटना की सूचना पर झारखंड छत्तीसगढ़ सीमावर्ती के सामरी थाना प्रभारी भी घायलों की हालचाल महुआडांड़ लिया।

## तीन केन्द्रों पर हुई मैट्रिक-इंटर की परीक्षा

**महुआडांड़।** मैट्रिक इंटर की दोनों तीनों परीक्षा केन्दों में शांतिपूर्ण परीक्षा हुई। महुआडांड़ प्रखंड में मैट्रिक इंटर बोर्ड परीक्षा के लिए तीन केंद्र बनाये गये है। वहां पहले पल्ली में हिन्दी विषय के लिए संत जोसेफ पल्स टू विद्यालय में प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय ,गोठगांव और संत मिखाइल साले विद्यालय के कुल 254 छात्र परीक्षा में भाग लिये।संत तेरेसा पल्स टू विद्यालय में संत जोसेफ ,गवर्नमेंट विद्यालय नेतरहाट, समुद्री देवी स्कूल, बासंकरचा, सोहरपाठ, चटकपूर, हामी, आवासीय विद्यालय महुआडांड़ और झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय महुआडांड़ के कुल 696 छात्र छात्रों ने मैट्रिक की परीक्षा में शामिल हुए। इंटर बोर्ड इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के लिए संत तेरेसा पल्स विद्यालय और प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय महुआडांड़ को सेंटर बनाया गया है। मंगलवार को दूसरी पल्ली में कला विषय के लिए प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय में सतं तेरेसा पल्स विद्यालय के कुल 160 छात्र परीक्षा दे रहे है।वही दुसरे इंटर बोर्ड परीक्षा केंद्र संत तेरेसा पल्स विद्यालय में कुल 369 छात्र परीक्षा में भाग लिए। सतं तेरेसा विद्यालय में संत जोसेफ विद्यालय के 326,नेतरहाट उच्च विद्यालय के 11, बांसकरचा हाईस्कूल के 6,झारखंड आवासीय विद्यालय के 22 और चटकपूर हाईस्कूल के 4 छात्र परीक्षा में भाग ले रहे है। परीक्षा को लेकर मैजिस्ट्रेट मुनेश्वर उरांव, थाना से पु अनी महेंद्र उरांव सहित महिला पुरूष होमगार्ड तैनात थे। शांतिपूर्ण परीक्षा सफल क्रियान्वयन के लिए बीडीओ सतोष बैठा लगातार केंद्र का निरीक्षण करते रहे।

## उप विकास आयुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्या, त्वरित निष्पादन का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** उप विकास आयुक्त के कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं को उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उप विकास आयुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एकझएक कर उनकी समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों का निष्पादन जल्द कराते हुए, समाधान किया जाएगा। जन शिकायत में प्राप्त आवेदन के आलोक में उप विकास आयुक्त ने समस्या निदान के लिए त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। जन शिकायत निवारण में कुल 10 आवेदन प्राप्त हुए जो मुख्य रूप से भूमि विवाद, भूमि अतिक्रमण मुक्त कराने संबंधित, रोजगार, पेंशन, संबंधी जुड़े आवेदन आये। इस दौरान कुछ आवेदकों की समस्याओं का निष्पादन आन द स्पॉट किया गया और शेष आवेदकों के समस्याओं का यथाशीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। इस दौरान जनशिकायत प्रभारी पदाधिकारी श्रेयांस भी मौजूद थें।

## ऑनलाइन भूमि रिकॉर्ड सुधार के लिए विशेष राजस्व शिविर का होगा आयोजन

● 18 फरवरी से 4 मार्च तक प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को अंचल में शिविर लगाने का मिला निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला स्तर पर आयोजित जनता दरबार व जन शिकायत निवारण के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों में अधिकांश आवेदन ऑनलाइन जमाबंदी, लगान रसीद निर्गत, दाखिल-खारिज व भू-मापी से संबंधित होते हैं। हालांकि, पूर्व में जारी निर्देशों के बावजूद झारभूमि पोर्टल पर दर्ज जमाबंदी में त्रुटि निवारण की प्रक्रिया में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है, जिससे रैयतों को लगान भुगतान में कठिनाई हो रही है और राजस्व संग्रहण में भी कमी देखी जा रही है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए, सभी अंचल में 18 फरवरी 2025 से 4 मार्च 2025 तक प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार एवं शनिवार को विशेष राजस्व शिविर आयोजित किए जाएंगे। यदि निर्धारित दिन अवकाश पड़ता है तो शिविर अगले कार्य दिवस पर आयोजित किया जाएगा। इन शिविरों में ऑनलाइन झारभूमि पोर्टल पर दर्ज जमाबंदी की त्रुटियों के निवारण, ऑनलाइन लगान रसीद निर्गत करने तथा दाखिल-खारिज से संबंधित शिकायतों का निष्पादन किया जाएगा। साथ ही दाखिल-खारिज वादों के शुद्धिपत्र भी आवेदकों को वितरित किए जाएंगे। विशेष राजस्व शिविरों के सफल आयोजन एवं प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए भूमि सुधार उप समाहर्ता, लातेहार एवं महुआडांड़ को वरीय पदाधिकारी के रूप में नामित किया गया है। वह इन शिविरों की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करेंगे, ताकि शिकायतों का त्वरित समाधान हो सके।

## अंतर जिला बाइक चोर गिरफ्तार, सात बाइक बरामद

**बारियातू।** पुलिस ने बारियातू बाजार से सिविल ड्रेस फिल्मी स्टाइल में एक बाइक चोर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी के निशानदेह पर अलग थाना व जिला के सात बाइक बरामद करने में सफलता हासिल की है। अंतर जिला वाहन चोर की गिरफ्तारी तथा चोरी की मोटरसाइकिल बरामद के सबंध मे पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी विनोद रवानी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 7 फरवरी को बारियातू बाजार से एक मोटरसाइकिल चोरी होने की सूचना प्राप्त हुई थी। इस संबंध में बारियातू अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। अनुसंधान के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर पता चला कि सोमवार को बारियातू साप्ताहिक बाजार में मो, दिलशाद नाम का एक मोटरसाइकिल चोर बाजार में घुमते हुए देखा गया है। पुलिस ने तत्काल ही आवश्यक कार्रवाई करते हुए बारियातू पुलिस ने मो. दिलशाद को गिरफ्तार कर लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर दिलशाद ने 7 फरवरी को बारियातू बाजार से मोटरसाइकिल चोरी करने की बात स्वीकार कर लिया। साथ ही इसके अतिरिक्त कई जिलों व थाना क्षेत्रों से 5-0 अन्य मोटरसाइकिल भी चोरी करने की बात स्वीकार की। उन्होंने बताया कि मो. दिलशाद के निशानदेही पर फूलसु मोड़ बारियातू से एक मोटरसाइकिल तथा ग्राम दिरीदाग बालूमाथ से 6 मोटरसाइकिल बरामद की गई। उल्लेखनीय है कि मो. दिलशाद का पूर्व से कई अपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापामारी दल में बारियातू थाना प्रभारी पुअनि देवेन्द्र कुमार, बालूमाथ थाना प्रभारी,पुअनि अमरेन्द्र कुमार,पुअनि निर्मल कुमार मंडल, पुअनि जितेन्द्र कुमार, सअनि द्वारिकानाथ पाण्डेय सहित थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव 2025 की तैयारी पूरी, आज होगा शुभारंभ

● मंच पर सनातन, बौद्ध व जैन धर्म के गुंबज होंगे आकर्षण का केंद्र

नवीन मेल संवाददाता

**इटखोरी (चतरा)।** जिले के प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थ स्थली माता भद्रकाली मंदिर प्रांगण में आयोजित तीन दिसवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन 19 से 21 फरवरी तक होगा। इसके लिए सांस्कृतिक मंच को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य एवं आकर्षक स्वरूप दिया गया है। सांस्कृतिक मंच पर सनातन, बौद्ध व जैन धर्म के गुंबज होंगे आकर्षण के केंद्र। तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का उद्घाटन 19 फरवरी को राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू एवं विशिष्ट अतिथि चतरा सांसद कालीचरण सिंह, सिमरिया विधायक उज्जवल कुमार दास, लोजपा विधायक जनार्दन पासवान के साथ विभिन्न धर्मगुरु के द्वारा संयुक्त रुप से किया जायेगा। ज्ञात हो कि तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव के तीनो दिन शाम से देर रात्रि तक कई नामचीन बॉलीवुड, भोजपुरी एवं नागपुरी कलाकारों के साथ स्थानिय कलाकारों द्वारा गीत, संगीत, नृत्य व नाट्य कला की भी प्रस्तुति दी जाएगी। श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत ना हो, इसके लिए उपायुक्त रमेश घोलप, एसपी विकाश कुमार पांडेय, सदर एसडीओ जहूर आलम, सिमरिया एसडीओ सन्नी राज लगातार तैयारियों का जायजा लेने के साथ विधि व्यवस्था का लगातार निरीक्षण कर संबंधितों को दिशा निर्देश भी दे रहे हैं। वहीं विधि व्यवस्था को लेकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस व मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ती की गई है। ताकी यहा पहुंचने वाले श्रद्धालु अपने धार्मिक अंदाज से तीनो शाम कार्यक्रम का आनंद ले सकें।

### डीसी व एसपी ने किया महोत्सव स्थल का निरीक्षण

**इटखोरी (चतरा)।** मंगलवार को इटखोरी प्रखंड मुख्यालय स्थित माता भद्रकाली मंदिर प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय इटखोरी महोत्सव कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण डीसी रमेश घोलप व एसपी विकास कुमार पांडेय ने किया। निरीक्षण के दौरान टेंट हाउस के संचालक को कई निर्देश भी दिए। जल्द से जल्द होडिंग बोर्ड, मंच को पूर्ण, ब्राइकेटिंग की संपूर्ण व्यवस्था, लाइटिंग की संपूर्ण कार्य देर रात तक पूर्ण करने के आदेश भी दिए। बताया गया कि पूरे कार्यक्रम स्थल को सीसीटीवी से लैस किया गया है। सुरक्षा के दृष्टिकोण 1500 पुलिस बल के साथ मजिस्ट्रेट भी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। वाहनों के पार्किंग के लिए चार वाहन पार्किंग भी बनाया गया है। 15000 दर्शकों के लिए कुर्सी की भी व्यवस्था की गई है। दर्शकों के लिए वीवीआईपी, वीआईपी, मीडिया, रैयत, मंदिर प्रबंधन समिति समेत सामान्य गैलरी भी बनाया गया है। एसपी श्री पांडेय ने भी विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस पदाधिकारियों को इस दौरान कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिप उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, भाजप विधायक कुमार उज्जवल दास, डीडीसी अमरेंद्र सिन्हा, एसी अरवींद कुमार, एसडीपीओ संदीप सुमन, बीडीओ सोमनाथ बंकिरा समेत कई अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

## अनियंत्रित कोल वाहन ने स्कूल का दीवार तोड़ा

**टंडवा (चतरा)।** तेज रफ्तार अनियंत्रित हाइवा ने मंगलवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय सराढू में टक्कर मारकर बाउंड्री वॉल तथा गेट को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो घटना सुबह चार बजे की है। टक्कर काफी जोरदार था। इसकी चपेट में आने से कई बिजली का पोल समेत आस पास लगे सोलर लाइट भी उखड़ गये। गनीमत रहा कि आसपास खड़े कई लोग अपनी जान गंवाने से बाल बाल बचे।

## 51 महिलाओं के बीच सिलाई मशीन का वितरण

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड के प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के चयनित ग्राम नवादा, जरही व हूरनाली के लाभुकों के बीच चंद्रदेव प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सिलाई मशीन का वितरण किया गया। बीडीओ ने ग्राम हूरनाली के 16, ग्राम जरही के 20 एवं ग्राम नवादा के 15 लाभुको के बिच निःशुल्क सिलाई मशीन का वितरण किया। मौके पर श्रम अधीक्षक कार्यालय के कर्मी, मुखिया, पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक आदि उपस्थित थे।

## अंजुमन तरक्की उर्दू हिंद झारखंड के पहले राज्य सम्मेलन संपन्न

**चंदवा।** अंजुमन तरक्की उर्दू हिन्द झारखंड का पहला राज्य सम्मेलन पुरानी विधान सभा में रविवार को संपन्न हो गया। इसमें अंजुमन तरक्की उर्दू के लातेहार सदर मोहसीने आजम अमजदी व नायब सदर असगर खान,सेक्रेटरी अहद खान, उप सचिव मो अखतर अंसारी, कोषाध्यक्ष कारी जावेद अख्तर, हाफिज शेर मोहम्मद, मो मुरसीद आदि ने भाग लिया। सम्मेलन से लौटकर नायब सदर असगर खान ने बताया कि इस सम्मेलन में राज्य के 24 जिलों से अंजुमन उर्दू तरक्की के अधिकारी पहुंचे हुए थे। कार्यक्रम में उर्दू से संबंधित 13 प्रस्ताव पारित किए गए। जिसमें मुख्य रूप से साहित्य एवं उर्दू अकादमी का गठन,उर्दू सेल,उर्दू निदेशालय का गठन साहित्य उर्दू शिक्षकों रिक्त पदों पर नियुक्ति आदि प्रस्ताव शामिल थे।

## अवैध कोयला उत्खनन के विरुद्ध टास्क फोर्स की कार्रवाई

# 10 मीट्रिक टन कोयला जब्त, 12 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** जिले में अवैध कोयला उत्खनन, परिवहन, भंडारण को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला खनन टास्क फोर्स ने बालूमाथ थाना क्षेत्र के रजवार पंचायत के हरैयाखांड में अवैध कोयला उत्खनन को लेकर छापेमारी की गई। जिसमें अलग-अलग स्थान में अवैध रूप से उत्खनन कर रखे करीब 10 मीट्रिक टन कोयला जब्त किया है। जब्त कोयला को ट्रैक्टर में लोड कर मकाईयाटांड़ पुलिस पिकेट को सौंप दी गई है। इस अभियान में जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र सिंह, खनन निरीक्षक पद्मलोचन ओहदार, एएसआई विकास व थाना के जवान शामिल थे। जिला खनन पदाधिकारी नदीम शफी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि हरैयाखांड के आप पास अवैध कोयले का उत्खनन किया जा रहा है। इसके बाद टीम गठित कर छापेमारी की गई। इस अवैध उत्खनन में शामिल 12 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। उनमें संदीप यादव, मनोज यादव, सुरेंद्र उरांव, बलराम उरांव, अनिल उरांव, छोटू अंसारी, रंथू उरांव, मंगल उरांव, राजू यादव, अजय यादव, मनोज यादव, कार्तिक उरांव (सभी हरैयाखांड) पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसके अलावा एक दर्जन से अधिक अज्ञात लोगों व रैयती भूमि मालिक के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। डीएमओ ने बताया कि जिले में अवैध खनन, उत्खनन, परिवहन किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर ऐसी सूचना मिलेगी तो उसे पर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि इस कार्रवाई के बाद अवैध रूप से कोयला उत्खनन में लगे लोगों में इस कार्रवाई का कोई असर नहीं दिख रहा है। सूत्रों के मुताबिक अभी भी कई क्षेत्रों से कोयले का अवैध उत्खनन बदस्तूर जारी है। मसियातु ,होलेंग ,रामपुर, बारी रामपुर,सेरक गुरतुर,सासंग के कई क्षेत्रों में अवैध रूप से चल रहे ईंट भट्ठों में कोयले की खपत बड़े पैमाने पर की जा रही है, जिन्हें रात के अंधेरे में मोटरसाइकिल, साइकिल व ट्रैक्टर से अवैध कोयला पहुंचाया जाता है।


कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू
(खेल शाखा)
Phone no.06562 224033, email id:- palamukhel@gmail.com

प्रेस विज्ञप्ति

उप निदेशक, पर्यटन निदेशालय, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 128 दिनांक 31.01.2025 के निदेशानुसार पर्यटन एवं ट्रेवल ट्रेड से जुड़े निम्न Category व्यवसायी को Jharkhand Tourist Trade Regestration Portal में पंजीकरण कराना अनिवार्य है:-

1. Accommodation Units
2. Adventure Tourism/Adventure Sports Operators/Water Sports Operators (ASO)
3. Boat Operator
4. Entertainment related unit
5. Tour Operator/Travel Agent/ Tourist Transport Operator
6. Tourist Guide
7. Professional Tourist Photographers

अतः पलामू जिला अन्तर्गत वैसे व्यक्ति जो पर्यटन के क्षेत्र में अपना रोजगार या करोबार कर रहे है या करना चाहते है, वे Jharkhand Tourist Trade Regestration Portal में पंजीकरण कराना सुनिश्चित करेंगें।

अधिक जानकारी हेतु जिला पर्यटन कार्यालय, पलामू (समाहरणालय परिसर) में सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी, पलामू

PR 346657 District(24-25).D



झारखण्ड सरकार
आदिवासी कल्याण आयुक्त का कार्यालय, झारखण्ड मंत्रालय, कल्याण कॉम्प्लेक्स, मोराबादी, रॉंची
( उप निदेशक कल्याण, कार्यालय, पलामू प्रमण्डल मेदिनीनगर)
प्रवेश परीक्षा/नामांकन सम्बंधि सूचना वर्ष :– 2025–26

झारखण्ड राज्य अन्तर्गत कल्याण विभाग के नियंत्रणाधीन संचालित आश्रम, पी0वी0टी0जी0, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं को–एड आवासीय विद्यालय सहित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में रिक्ति के अनुसार वर्ग षष्टम् , सप्तम् एवं अष्टम् (वर्ग 06, 07, 08) में नामांकन एवं चयन प्रक्रिया की सारणी निम्नवत निर्धारित की जाती है।

आवासीय विद्यालय में नामांकन एवं चयन की प्रक्रिया से सम्बंधित कैलेंडर

1- विज्ञापन प्रकाशन :– 18 फरवरी से 28 फरवरी 2025 तक।
2- नामांकन प्रपत्र (Form) भरने की तिथि :– 05 से 28 फरवरी
3- प्रवेश परीक्षा की तिथि :– 09 मार्च 2025 (रविवार)
4- परीक्षाफल प्रकाशन की तिथि :– 23 से 25 मार्च, 2025
5- Counselling की तिथि :– 01 से 10 अप्रैल, 2025
6- नामांकन लेने की तिथि :– 10 से 20 अप्रैल, 2025
7- विद्यार्थियों का विद्यालय में प्रवेश की तिथि :– 25 अप्रैल, 2025 तक
8- कक्षा (सत्र) प्रारम्भ होने की तिथि :– 01 मई , 2025

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं,पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा पलामू प्रमण्डल अन्तर्गत तीनों जिलों से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर छात्र/छात्राओं की रिक्तियाँ वर्गानुसार निम्नवत है:–

9. पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर अन्तर्गत संचालित आवासीय विद्यालय/आश्रम विद्यालय एवं एकलव्य मॉडल विद्यालय

| क्र0 | जिला | विद्यालय का नाम | बालक/बालिका | वर्ग वार रिक्तियाँ VI | VII | VIII |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पलामू | अनुसूचित जाति बालक आवासीय उच्च विद्यालय , कौआखोह | बालक | 24 | 20 | 02 |
| | | पिछड़ी जाति उच्च +2 बालिका आवासीय विद्यालय, अयोध्या कोल्हुआ। | बालिका | 40 | 03 | 01 |
| | | अनुसूचित जनजाति आश्रम आवासीय उच्च विद्यालय रेड़मा। | बालक | 40 | 03 | 04 |
| | | एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय वंशीखूर्द वंशा , मनातू। | बालक | 30 | 05 | 09 |
| | | | बालिका | 30 | 10 | 14 |
| 2 | गढ़वा | अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय चिनिया, गढ़वा। | बालक | 00 | 40 | 05 |
| | | अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय कुदरूम, गढ़वा। | बालक | 00 | 28 | 04 |
| | | अनुसूचित जनजाति आश्रम बालिका उच्च विद्यालय मंझिगांवा, कांडी। | बालिका | 40 | 15 | 04 |
| | | अनुसूचित जाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, रमकण्डा गढ़वा। | बालिका | 40 | 13 | 00 |
| | | एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय भंडरीया , गढ़वा। | बालक | 30 | 06 | 10 |
| | | | बालिका | 30 | 13 | 21 |
| 3 | लातेहार | अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय, गारू। | बालक | 00 | 48 | 00 |
| | | अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय, महुआडांड़। | बालक | 00 | 44 | 02 |
| | | आश्रम विद्यालय मनिका, लातेहार। | बालिका | 40 | 00 | 04 |
| | | एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय हेठाटोली गारू , लातेहार। | बालक | 30 | 03 | 06 |
| | | | बालिका | 30 | 14 | 16 |
| | | एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय मंगरा बरवाडीह , लातेहार। | बालक | 30 | 00 | 00 |
| | | | बालिका | 30 | 10 | 16 |
| | | एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय नेगाई , लातेहार। | बालक | 30 | 04 | 14 |
| | | | बालिका | 30 | 10 | 16 |

नोट :– रिक्तियों की संख्या घट/बढ़ भी सकती है।

ह0/
उप निदेशक कल्याण
पलामू प्रमण्डल मेदिनीनगर।

PR 346651 District(24-25)D

# महाकुंभ गए भागवत कथावाचक के घर में चोरी, पांच लाख के जेवरात और नकदी भी गायब

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** महाकुंभ गए भागवत कथावाचक के किराए के मकान में भीषण चोरी हो गई है। चोरों ने घर का ताला तोड़कर लगभग 5 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण और 1 लाख रुपये नकद चोरी कर ली। कथावाचक सदानंद जी महाराज लोहरदगा जिले के शारदा नगर स्थित किराए के आवास में रहते हैं। वे महाकुंभ में कल्पवास के लिए गए थे। भागवत कथावाचक के घर में चोरी की वारदात सामने आने के बाद सनसनी फैल गई है। सूचना पर पहुची सदर थाना की पुलिस ने जांच शुरू कर दिया है। पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार शहरी क्षेत्र के भागवत कथावाचक सदानंद रामानुज महाराज भारतीय सनातन समाज में एक प्रेरक मोटिवेशनल, हिंदुत्व रक्षक, सनातन संस्कृति के ठेकेदार एवं राष्ट्रिय श्रीमद् भागवत, श्री राम कक्षा एवं





यज्ञाथीश के रूप में कार्यरत है। वर्तमान में कुछ कार्य (निमार्णाधीन) को देखते हुए शारदा नगर विद्या मंदिर के पास किराए के मकान में रह रहे थे। प्रयागराज कुंभ में उनके गुरु के द्वारा बहुत बड़ी शिविर लगाई गई थी, जिसमे भाग लेने के लिए वे जनमानस सेवा के निमित्त 08 जनवरी 2025 को लोहरदगा से प्रयाग के लिए प्रस्थान किया था। हालांकि मौनी अमावस्या पश्चात वे दो-चार दिनों के लिए लोहरदगा आये थे लेकिन पुनः प्रयाग चले गए थे। दिनांक 11/2/2025 को उनकी अर्धांगिनी एक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए उस किराए मकान को ताला बंदकर औरंगाबाद के लिए प्रस्थान की और चाभी पड़ोस के शुभचिंतक को दिया। 16 फरवरी को उन्हें पता चला कि उनके घर का ताला खुला हुआ है और घर का सामान बिखरा हुआ है। घर से लगभग 4.5 लाख के गहने, चांदी के बर्तन, यज्ञ की सामग्री एवं लगभग 50 हजार के आसपास नकद गायब थे। उन्होंने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उचित कानूनी कार्यवाही की मांग पुलिस से किया है।

## अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार दो को रौंदा, गंभीर अवस्था में रिम्स रेफर



**कुडू-लोहरदगा।** कुडू के इंदिरा गांधी चौक पर अज्ञात चारपहिया वाहन की चपेट में आकर स्कुटी सवार दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना सोमवार की देर रात करीब साढ़े दस बजे की है। स्थानीय लोगों ने दोनों को गंभीर हालत में कुडू अस्पताल में भर्ती कराया जहां से बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। दोनों की हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, लोहरदगा के हिरही निवासी आकाश उरांव 27 पिता देवपाल उरांव स्कुटी से अपने साथी बराटपुर निवासी सुखदेव उरांव 22 के साथ चान्हो थाना क्षेत्र के सिलागाई जतरा में शामिल होने गए थे। वापसी के दौरान कुडू इंदिरा गांधी चौक के सामीप चंदवा की ओर से आरहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी स्कुटी को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे यह हादसा हुआ। फिलहाल पुलिस दुर्घटनाग्रस्त चारपहिया वाहन की तलाश में जुटी है।

## सेतु दीदी का दो दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण आयोजित

**लोहरदगा।** जेएसएलपीएस द्वारा स्वास्थ्य एवं पोषण कार्यक्रम के तहत सेतु दीदी का दो दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण होटल दिव्य पैलेस में आयोजित की गई। इस प्रशिक्षण में जिले के सभी 7 प्रखंडों से 25 प्रतिभागी भाग लिए। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप में राज्य कार्यालय से तीन लोग (पार्था गुहा, सुदीप्तो बनर्जी और सुश्री तनवी कदम) शामिल हुए। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य था कि कार्यकताओं (सेतु दीदी) को स्वास्थ्य और पोषण संबंधी मुद्दों की जानकारी बढ़े और वे ग्राम स्तर में समुदाय को जाकरुक करे। साथ ही साथ आंगनबाड़ी केंद्र के कार्यकताओं ( सेविका, सहायिका एवं एएनएम वगैरह) से ताल मेल बैठा कर वहां मिलने वाले सेवाओं को समुदाय के लक्षित समूह ( गर्भवती, छोटे बच्चे, धात्री माता, किशोरियों इत्यादि) तक पहुंचाने का प्रयास करें। इस अवसर पर जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक, संजय गुप्ता एवं जिला प्रबंधक, सामाजिक विभाग, विनोद कुमार होरो भी अपने अपने स्तर से प्रतिभागियों को जानकारी दिए।

## डीसी-एसपी से मिले तहरीक-ए-अमन सोसायटी के पदाधिकारीगण

# आगामी 25 फरवरी को आयोजित कव्वाली सह मेला प्रोग्राम में शामिल होने के लिए दिया निमंत्रण

**नवीन मेल संवाददाता।**
**लोहरदगा**

तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह द्वारा देश के महान क्रांतिकारी अंग्रेजी हुकूमत को अपने दम पर धूल चटाने वाले शहीद शेख भिखारी की शान में आयोजित मुकाबला कव्वाली सह मेला प्रोग्राम को ऐतिहासिक और भव्य तरीके से आयोजित कराए जाने हेतु सोसायटी के तमाम पदाधिकारी व सदस्यगण पूरी तरह से अपने-अपने जिम्मेदारियों का शत-प्रतिशत निर्वहन करने हेतु जुटे हुए हैं। इसी निमित आगामी मुकाबला कव्वाली सह मेला प्रोग्राम में अतिथियों को आने हेतु तहरीक-ए-अमन सोसायटी के अध्यक्ष एकरामुल अंसारी महासचिव रौनक इकबाल अंजुमन ए इस्लामिया लोहरदगा के नाजिम ए आला हाजी अब्दुल जब्बार के संयुक्त अगुवाई में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार और पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय समीर कुमार तिर्की से मिलकर प्रोग्राम में शामिल होने हेतु निमंत्रण दिया गया। इस बीच उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, एसडीओ अमित कुमार व डीएसपी मुख्यालय समीर कुमार तिर्की ने तहरीक-ए-अमन सोसायटी के पदाधिकारियों द्वारा दी गई निमंत्रण को स्वीकार करते हुए प्रोग्राम में हर संभव शामिल होने की बात कही। उल्लेखनीय है कि धुर्वा मोड़ में आयोजित आगामी मुकाबला कव्वाली सह मेला प्रोग्राम में देश के जाने-माने मशहूर कव्वाल रईस अनीश साबरी और युवाओं के बीच अपनी खास पहचान बनाने वाले मेवत महाराष्ट्र के सलमान अली उक्त प्रोग्राम में अपनी दमदार प्रस्तुति देंगे और रात-भर लोगों को गंगा जमुनी तहजीब को बढ़ावा देने हेतु एक से बढ़कर कव्वाली पेश कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने का कार्य कर दिखाएंगे। इधर जिले के आलाधिकारियों को न्योता देने के पश्चात सोसायटी के **पदाधिकारियों ने कहा कि तहरीक-ए-अमन** सोसायटी द्वारा आयोजित उक्त प्रोग्राम की सभी तैयारियां जोरों पर है, जल्द ही बाकी तैयारी को पूरा कर लिया जाएगा। सोसायटी के पदाधिकारियों ने कहा कि शहीद शेख भिखारी की शान में आयोजित यह प्रोग्राम को सफल बनाने में मुख्य रूप से पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और अंजुमन ए इस्लामिया लोहरदगा के नाजिम ए आला हाजी अब्दुल जब्बार का अहम योगदान है। सोसायटी के पदाधिकारियों ने कहा कि तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह के जेरे निगरानी में शानदार महामुकाबला कव्वाली सह मेला प्रोग्राम पूरे देश में गंगा जमुनी तहजीब को बढ़ावा देने और एक नया कीर्तिमान स्थापित करने का कार्य कर दिखाएगा। कहा कि उक्त प्रोग्राम में आधे दर्जन झारखंड सरकार के मंत्री और कई विधायक और नामचीन हस्तियों का आगमन होगा। साथ ही बताया कि उक्त प्रोग्राम में सभी वर्गों की सहुलियत हेतु खास तैयारियां की जा रही है, ताकि लोगों को किसी तरह की कोई परेशानी महसूस ना हो सके। मौके पर अंजुमन ए इस्लामिया कुर्से के सेक्रेटरी हातिम अंसारी, तहरीक-ए-अमन सोसायटी के उपाध्यक्ष साकिर अंसारी, जियाउल अंसारी सह सचिव रेयाज अंसारी अकबर अंसारी, समाजसेवी संदीप मिश्रा, मोहम्मद कैश आलम मौजूद थे।





## मैट्रिक में 772 छात्र छात्राओं ने दी हिंदी की परीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** झारखंड अविविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में मंगलवार को हिन्दी की परीक्षा कदाचारमुक्त शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ.मैट्रिक परीक्षा आयोजित कराने के लिये प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु व कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है.वही नन्दलाल उच्च विद्यालय अरु प्लस 2 स्थित परीक्षा केंद्र में 418 छात्र छात्राओ में से 416 और कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा स्थित परीक्षा केंद्र में 359 में 356 विद्यार्थियों ने हिन्दी का परीक्षा दिया.वही 777 परीक्षार्थियों में से 772 परीक्षा में उपस्थित हुए.केंद्राधीक्षक नैंसी सीमा लकड़ा ने जानकारी देते हुए.बताया कि कदाचारमुक्त व शांतिपूर्वक परीक्षा सम्पन्न कराने के उद्देश्य से झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा प्राप्त गाइड लाइन के अनुसार परीक्षा कराया जा रहा है.जिस निमित परीक्षा प्रारम्भ से पूर्व सभी विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र जांच कर परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश कराया जाता है.जिसमें सोमवार को परीक्षा निर्धारित समय से प्रारम्भ हुआ.साथ ही बताया कि परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार पर व परीक्षा कक्ष में छात्र छात्राओं का निगरानी के लिये सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है.साथ ही परीक्षा केंद्र के समीप निषेधज्ञा लागू है.वही प्रखंड क्षेत्र के सभी छात्र छात्रा परीक्षा में उपस्थित हो हिन्दी का परीक्षा दिया। मौके पर दंडाधिकारी कनीय अभियंता राजीव कुमार, शिवशंकर उरांव शिक्षक मेराज अंसारी,शिक्षिका सुनीता देवी समेत अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावे एएसआई गोवर्धन तुरी,रामचन्द्र मांझी दल बल के साथ परीक्षा केंद्र पर मौजूद थे।

## वीर बुधु भगत जयंती समारोह आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** टाटा स्टील फॉउडेशन जमशेदपुर एवं अद्दी कुड़ुख चाला धुमकुड़िया पड़हा अखड़ा रॉंची के संयुक्त रूप से संचालित तोलोंङ सिकि सह कुड़ुख भाषा शिक्षण केंद्र आशा आदिवासी विद्यालय बलसोता सरना टोली भण्डरा के प्रांगण में सोमवार को कुड़ुख कत्थ तोलोंङ सिकि लिपि हफ्ता दिवस 2025 एवं वीर बुधु भगत जयंती समारोह मनाया गया। जिसमें लोहरदगा जिला के विभिन्न स्कूल जिसमें कुड़ुख भाषा एवं तोलोङ सिकि लिपि में पढ़ाया जाता है। कार्यक्रम में छात्र - छात्राऐ और शिक्षक सामिल हुए । कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से द्विप प्रज्वलित कर एवं अमर शहीद वीर बुधु भगत के फोटो पर माल्यार्पण कर किया गया। इस कार्यक्रम में भंडरा जिला परिषद सदस्य राजमनी उरांव , सात पड़हा देवान शनिचरवा उरांव , बलसोता पहान सुकरा उरांव, मसमानो पहान रामा उरांव, भौरों पंचायत मुखिया सुमन्ती तिग्गा, गडरपो पंचायत मुखिया सुमित उरांव, मसमानो पंचायत मुखिया ममता कुमारी पूर्व भिठा पंचायत मुखिया सरिता कुमारी तिर्की,
समाजिक कार्यकर्ता नागदेव उरांव,बालुमाथ, राजेश उरांव कचमची, नितु साक्षी टोप्पो रांची, गंगा भगत झटनी टोली, विरेन्द्र उरांव सैंदा, सीमा उरांव, पंकज उरांव , बेड़ों राजकुमार,जगजीवन उरांव , बलसोता,एतवा उरांव विटपी, कार्तिक उरांव, डुमरी, राजेश उरांव भण्डरा, बिनोद उरांव ,भिठू उरांव कसपूर, सोमेश्वर उरांव , संजय उरांव, बिरिया गडरपो, सुकरा उरांव नवडिहा, दिवाकर उरांव पोडहा शामिल हुए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए आशा आदिवासी विद्यालय, बलसोता के अध्यक्ष नागदेव उरांव ने कहा कि अपने भाषा- लिपि संस्कृति को बचाने के लिए ऐसे अगवाई आदिवासी समाज को अति आवश्यक है। जिला परिषद सदस्य राजमनी उरांव ने आदिवासी भाषा बचाने को कहा और घर में अपनी कुँड़ुख भाषा में ही बातचीत करने पर जागरूक किया। विवाह में डीजे का इस्तेमाल न करने से वर्तमान पारंपरिक नगाड़ा- मांदर के जमाने में बदलेगा।

### आम जनता का समस्याओं का समाधान शांतिपूर्वक करना मुख्य उद्देश्य : वारिश

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रशासन द्वारा शांति पूर्वह विधि व्यवस्था बहाल करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक लोहरदगा हारिस बिन जमां के निदेर्शानुसार सेन्हा थाना प्रभारी का तबादला किया गया। जिस निमित वारिश हुसैन सेन्हा थाना प्रभारी के रूप में मंगलवार पदभार ग्रहण किया। वही वारिश हुसैन ने पदभार संभालते के उपरान्त कहा कि आम जनता का समस्याओं का समाधान शांतिपूर्वक करना मुख्य उद्देश्य है।वरीय पुलिस पदाधिकारियों के निदेर्शानुसार अपराध एव उग्रवाद का खत्मा कर क्षेत्र को भयमुक्त कर शांति बहाल करना है। जिससे ग्रामीण निर्भीक हो कर थाना में आकर अपनी समस्या को रख सकेंगे। जिसे सभी का समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सकेगा। वही क्षेत्र भ्रमण कर सभी बिंदुओं का जानकारी लिया और उन्होंने आम जनता से सहयोग करने का अपील करते हुए कहा कि पुलिस आम जनता का सहयोगी मित्र है। जिसे सभी के सहयोग से अपराध और उग्रवाद के खिलाफ मजबूती से कारवाई किया जायेगा।

## ट्रैक्टर मालिक और चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** खनिज संपदा चोरी एवं विभाग का राजस्व क्षति को लेकर पुलिस कारवाई के पश्चात जिला खनन पदाधिकारी के आवेदन पर खनन अधिनियम के तहत जप्त ट्रैक्टर मालिक एवं चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र भ्रमण के दौरान पुलिस द्वारा की गई। अवैध बालू लदा बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का एक ट्रैक्टर जप्त कर अग्रतर कारवाई हेतु खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद को अवगत कराया गया था.जिसके आलोक में खनन



विभाग द्वारा जप्त ट्रैक्टर मालिक एवं चालक के विरुद्ध नियम संगत केश दर्ज किया गया। गौरतलब हो कि उक्त बालू लदा ट्रैक्टर को परिवहन करते हुए पीसीसी पथ भड़गांव से पुलिस डेरा पकड़ कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखते हुए संबंधित विभाग को अग्रतर कारवाई हेतु सूचनार्थ किया गया था। जिसके आलोक में खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद के लिखित बयान पर सेन्हा थाना कांड संख्या 20/25 दर्ज कर खनन अधिनियम के तहत कारवाई किया जा रहा है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने बताया कि स्वराज कम्पनी का ट्रैक्टर मॉडल 735 एफ ईई इंजन नम्बर सी जे 1354 एन के 010730 तथा चेचिस नम्बर एम बी एन ए के 48 ए सी एन टी एल 34933 के साथ टॉली में लदा अवैध 80 घनफिट बालू पाये जाने पर सत्यापन के पश्चात खनन पदाधिकारी के आवेदन के आलोक में पुलिस द्वारा कारवाई किया जा रहा है।

## किसानों के बीच किया गया बकरी वितरण



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अंतर्गत घाटा में व सेन्हा पंचायत ग्राम में किसानों के बीच बकरी वितरण किया गया.झारखण्ड सरकार के पशुपालन विभाग की ओर से प्रखंड क्षेत्र के 9 किसानों के बीच 4 बकरी व एक बकरा का वितरण किया गया.सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में से एक पशुपालन योजना के तहत सुमंती देवी,सरस्वती देवी, गुड़िया देवी, राजू महली, साबा उरांव, शान्ति उराइन, शिला उरांव, मोहनी उराइन और मैना देवी के अलावे अन्य किसानों को आय वृद्धि जीविकोपार्जन के लिये बकरी दिया गया। साथ ही दवा भी दिया गया.मौके पर पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मी कुमारी,पशु चिकित्सक डॉ. रोहित कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

## बिजली चोरी के खिलाफ चला छापेमारी अभियान

**कैरो/लोहरदगा।** विद्युत विभाग के मैनेजिंग डायरेक्टर रांची के पत्रांक 30/ए पी टी के अनुपालन के तहत मंगलवार को सहायक विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कुडू के नेतृत्व में कैरो थाना क्षेत्र के कैरो उतका गांव में बिजली चोरी के खिलाफ सघन अभियान चलाया गया। इस दौरान कैरो निवासी पवन ठाकुर पिता गोपाल ठाकुर, शंभु सोनी पिता छेदी सोनी, चन्दन ठाकुर पिता स्व सुनील ठाकुर , उतका निवासी कमल किशोर सिंह पिता स्व सुमन्त कुमार सिंह को अवैध रूप से बिजली ऊर्जा का उपयोग करने का दोषी ठहराते हुए जुमार्ना की राशि तय करते हुए कैरो थाना में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया गया। छापामारी दल में मानव दिवस कर्मी मजुल अंसारी के साथ बिजली कर्मी मौजूद थे।

## पुटो विद्यालय के शिक्षक की सड़क हादसे में मौत, अज्ञात वाहन फरार



**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के नवाडीह बैर टोली के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से पुटो विद्यालय के सरकारी शिक्षक आशीष कुमार बड़ाइक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक फरार हो गया। टोटो थाना पुलिस ने शव को सदर अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित किया। बताया जा रहा है कि शिक्षक रात में गुमला स्थित अपने घर लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। हेलमेट पहनने के बावजूद सिर पर गंभीर चोट आई, जिससे उनकी जान नहीं बच सकी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## दो व्यक्तियों को मिली ट्राई साइकिल व एक को मिली ब्लाइंड सटीक

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास कार्यालय में दो व्यक्ति को ट्राई साइकिल व एक व्यक्ति को ब्लाइंड सटीक दिया गया। वही झारखण्ड सरकार का कल्याण विभाग की ओर बाल विकास परियोजना द्वारा दिव्यांगों का उपयोग के लिये उपकरण का वितरण किया गया। जिस निमित सेन्हा बांधटोली निवासी स्व.रोपन महतो का 50 वर्षीय दिव्यांग पुत्र अजय महतो और सुखन मुंडा का सुखन मुंडा का 36 वर्षीय पुत्र मंजीत मुंडा को ट्राई साइकिल दिया गया। चितरी अम्बाटोली निवासी रहीमुद्दीन अंसारी का 48 वर्षीय पुत्र सफदर अंसारी को ब्लाइंड सटीक मिला। ट्राई साइकिल मिलने से अजय महतो व मंजीत मुंडा ने कहा कि चलने फिरने में काफी परेशानी होती थी। लेकीन ट्राई साइकिल मिलने से कही आने जाने में काफी सुविधा होगी। सफदर अंसारी ने कहा कि दूसरों के सहारे इधर उधर जाना पड़ता था। लेकीन ब्लाइंड सटीक मिलने से काफी सहयोग हुआ।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

तरहसी थाना कांड सं0–60/20, दिनांक 17.06.2020, धारा–386/387 भा0द0वि0 एवं 17 सी0एल0एव एक्ट के प्राथ0 अभियुक्त सुदेश जी उर्फ शशिकांत जी उर्फ आरिफ जी उर्फ सुदेश गंझु पिता हिरा सिंह सा0 केदल थाना मनातु जिला पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कष्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, (पांकी) लेस्लीगंज :– 9523355003
थाना प्रभारी, तरहसी :– 6203069537

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 346713 Police(24-25).D

## विद्यार्थियों ने ईमानदारी और नैतिकता की पेश की मिसाल

# शिशु मंदिर की छात्राओं ने लौटाई खोई हुई सोने का चेन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** समाज में ईमानदारी और नैतिकता की अनूठी मिसाल पेश करते हुए सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर, लोहरदगा की दो छात्राओं, इशिका आर्य एक्का एवं सिद्धि शर्मा, ने एक बहुमूल्य सोने की चेन उसके असली स्वामी तक पहुँचाने का नेक कार्य किया। 3 फरवरी 2025 को सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर अक्षरारंभ संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस विशेष अवसर पर लोहरदगा निवासी विनोद कुमार राय एवं उनकी धर्मपत्नी सुमन राय अपने पोते के अक्षरारंभ संस्कार के लिए





विद्यालय पहुंचे थे। इसी दौरान दुर्भाग्यवश सुमन राय की सोने की चेन गुम हो गई, जिसकी उन्होंने बहुत तलाश की, लेकिन वह नहीं मिल सकी। 17 फरवरी को विद्यालय की दो छात्राओं इशिका आर्य एक्का एवं सिद्धि शर्मा को विद्यालय परिसर में एक सोने की चेन प्राप्त हुई। अपनी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए, उन्होंने बिना किसी लालच के इसे विद्यालय की शिक्षिका सुनीता बहन को सौंप दिया। सुनीता बहन ने इस महत्वपूर्ण जानकारी को विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे तक पहुँचाया। प्रधानाचार्य ने जब इसकी जानकारी विनोद कुमार राय को दी, तो वे और उनकी पत्नी अत्यंत हर्षित हुए और तुरंत विद्यालय पहुंचे। विद्यालय प्रशासन ने औपचारिक रूप से वह चेन उन्हें लौटा दी। अपनी ईमानदारी से सबका दिल जीतने वाली इन दोनों छात्राओं को सम्मानित करने के लिए विनोद कुमार राय एवं उनकी धर्मपत्नी सुमन राय ने उन्हें चांदी की चेन उपहार स्वरूप भेंट की। इसके अलावा, उन्होंने विद्यालय के सभी बच्चों के बीच मिष्ठान वितरण कर इस नेक कार्य का उत्सव मनाया। सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर, लोहरदगा ने हमेशा से अपने विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता की शिक्षा दी है। इस घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि यह विद्यालय न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि नैतिक मूल्यों के निर्माण में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस प्रेरणादायक घटना से यह स्पष्ट होता है कि यदि बच्चों को उचित संस्कार और शिक्षा मिले, तो वे समाज में सच्चाई और ईमानदारी के आदर्श उदाहरण बन सकते हैं। समाज को ऐसे ही सकारात्मक कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए और सत्यनिष्ठा तथा कर्तव्यपरायणता को हमेशा प्रोत्साहित करना चाहिए।

**असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा**

**अल्पकालीन-निविदा**

जिला स्वास्थ्य समिति, लोहरदगा, लोहरदगा द्वारा प्रचार–प्रसार हेतु विभिन्न प्रकार के फ्लैक्स, बैनर, होर्डिंग इत्यादि के मुद्रण एवं आपूर्ति हेतु दर निर्धारण एवं एजेंसियों का चयन कर सूचीबद्ध करने हेतु खुली निविदा के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदादाता द्वारा विस्तृत विवरण के साथ निविदा दस्तावेज को वेबसाइट https://lohardaga.nic.in पर देखा और डाउनलोड किया जा सकता है। सीलबंद निविदा को केवल निबंधित डाक अथवा हाथों–हाथ स्वीकार किया जाएगा।

निविदा दिनांक 05.03.2025 को अपराह्न 03:00 बजे तक ही स्वीकार की जायेगी। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं होगी। प्राप्त सभी निविदाओं को दिनांक 06.03.2025 को पुर्वाह्न 11:00 बजे निविदा निस्पादन समिति (क्रय समिति) के समक्ष खोली जायेगी।


असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य
चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR.NO.346701 Lohardaga(24-25):D

# चैनपुर प्रखंड में मैट्रिक परीक्षा की शुरूआत, सुरक्षा और अनुशासन पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड में 10वीं कक्षा की मैट्रिक परीक्षा का आयोजन आज से शुरू हो गया है। यह परीक्षा 18 फरवरी से 03 मार्च तक चलेगी। इस परीक्षा में प्रखंड के छात्रों के लिए कुल चार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां उन्हें अपनी परीक्षा देने का अवसर मिलेगा।परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक उपाय किए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है और सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। इसके साथ ही, परीक्षा केंद्र के 200 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू की गई है, ताकि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता को रोका जा सके। चैनपुर प्रखंड के विकास पदाधिकारी, यादव बैठा ने सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा कक्षों में इलेक्ट्रॉनिक



गैजेट्स और अन्य किसी प्रकार के चिट-पुर्जे की जांच की। इसके दौरान परीक्षार्थियों को स्पष्ट हिदायत दी गई कि वे किसी भी प्रकार की नाजायज गतिविधियों से दूर रहें। परीक्षा में कदाचार मुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के लिए विशेष निर्देश भी दिए गए हैं। छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए वॉलेंटियर्स की तैनाती की गई है, ताकि उन्हें परीक्षा देने में किसी भी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। इस प्रकार, चैनपुर प्रखंड में मैट्रिक परीक्षा का आयोजन सुचारू और सुरक्षित तरीके से किया जा रहा है, जिससे छात्रों को एक सकारात्मक परीक्षा अनुभव मिले।प्रबंधन की इस तत्परता से छात्रों में भी उत्साह देखने को मिल रहा है। सभी ने परीक्षा में अपनी मेहनत और तैयारी को सही साबित करने का संकल्प लिया है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का मानना है कि इस तरह के उपायों से परीक्षा प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी और सुरक्षित बनाया जा सकता है।चैनपुर प्रखंड में छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवसर है, और सभी की उम्मीद है कि इस परीक्षा का आयोजन सफल और निष्पक्ष तरीके से होगा।

### गुमला में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन

# उपायुक्त ने समस्याओं का किया समाधान



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में मंगलवार को साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के दूर-दराज से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं। उपायुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और सम्बंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

पालकोट प्रखंड के बनईडेगा डाडर टोली ग्राम के ग्रामीणों ने बताया कि उनके क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा न होने के कारण खेती प्रभावित हो रही है, जिससे लोग पलायन करने को मजबूर हैं। उन्होंने डीप बोरिंग और सोलर सिंचाई की व्यवस्था की मांग की। उपायुक्त ने सॉइल कंजर्वेशन विभाग को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द आवश्यक कार्रवाई की जाए।

**जमीन विवाद पर सख्ती, जांच के आदेश**

चैनपुर टांगरिया ग्राम के चंदन प्रसाद ने शिकायत की कि उनके पिता द्वारा खरीदी गई जमीन पर भूमाफियाओं ने कब्जा कर लिया है और उनके परिवार पर दबाव बनाया जा रहा है। उपायुक्त ने संबंधित वरीय अधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

कई आवेदकों ने मुख्यमंत्री अबुआ आवास योजना के तहत निर्माण कार्य में बालू की अनुपलब्धता की समस्या बताई। इस पर उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को त्वरित समाधान निकालने के निर्देश दिए ताकि निर्माण कार्य निर्बाध रूप से पूरा हो सके।

**पेयजल संकट पर कार्रवाई के आदेश**

पालकोट के देवगांव के ग्रामीणों ने गांव में सिंचाई और पेयजल संकट की समस्या बताई और जल कुल निर्माण की मांग की। इस पर उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को जल्द आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**समस्याओं का त्वरित समाधान प्राथमिकता : उपायुक्त**

जन शिकायत निवारण दिवस में जमीन विवाद, रोजगार की मांग, सरकारी योजनाओं के लाभ, पेयजल और सिंचाई जैसी कई समस्याओं से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र निवारण करना है। उन्होंने सभी अधिकारियों को पारदर्शिता और तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए ताकि जनता को राहत मिल सके।

# डीलर की मनमानी से परेशान ग्रामीण पहुंचे प्रखंड कार्यालय



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड शिवराजपुर पंचायत के दरदाग के जन वितरण प्रणाली दुकानदार संतोष लोहरा के खिलाफ कार्डधारीयों ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन लेकर प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी बीडीओ दिनेश कुमार के कक्ष पहुँचे। शिकायत में कार्डधारियों ने कहा है कि पीडीएस दुकानदार संतोष लोहरा के द्वारा जनवरी माह का फिंगर प्रिंट कराकर राशन का वितरण नही किया। लाभुकों द्वारा आहूत ग्राम सभा मे 7 फरवरी को राशन वितरित करने का आश्वाशन दिया गया लेकिन उसके उपरांत भी राशन नही दिया गया। कार्डधारियों ने आवेदन में कहा है कि इस प्रकार की गलती उक्त पीडीएस दुकानदार के द्वारा पूर्व में भी किया गया है। जिससे वे डीलर संतोष लोहरा को बदलने की मांग की है। आवेदन में मुखिया बिनोद उरांव, ग्राम प्रधान बुतरू पहान, वार्ड सदस्य गोमनति देवी, जीरा देवी, शिवराती देवी सहित अन्य लाभुकों ने हस्ताक्षर कर कारवाई की मांग की है।

## कोलपारा घट्टा में महिला पर तलवार से हमला, रिम्स रेफर

**गुमला।** गुमला सदर थाना क्षेत्र के कोलपारा घट्टा गांव में 55 वर्षीय रज्जो देवी पर गांव के ही चार लोगों ने तलवार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। महिला शौच के लिए गई थी, तभी सुधीर तिर्की, विपदा लकड़ा, मांगा तिर्की और अल्बेर तिर्की ने उसका पीछा किया और अंधेरे का फायदा उठाकर गर्दन पर वार कर दिया। महिला ने हाथ से बचाव किया, जिससे उसका हाथ कट गया और गाल पर भी गहरी चोट आई। घायल महिला किसी तरह बचकर एक घर में घुसी, जिसके बाद आरोपी फरार हो गए। परिजनों ने उसे सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां से गंभीर हालत में रिम्स रेफर कर दिया गया। परिजनों ने गुमला थाना में केस दर्ज कर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में साहित्य उत्सव प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**बसिया(गुमला)।** बिरसा मुंडा एग्रो पार्क गुमला में आयोजित द्वितीय गुमला साहित्य उत्सव प्रतियोगिता में बसिया स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार सिंह को स्टिल फोटोग्राफी के लिए पुरस्कृत किए जाने की सूचना है। इसके साथ साथ इनकी कविता बिटिया का दर्द को भी सर्टिफिकेट के लिए चुने जाने की बात सामने आई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बसिया के इस विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि स्टिल फोटोग्राफी में उनके द्वारा विद्यालय परिसर से खींची गई सूर्योदय की तस्वीर को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया है। उन्होंने यह जानकारी भी दी कि उनके पुरस्कृत चित्रों को समाहरणालय में लगाया जाएगा। इस फोटो को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त होने पर विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। बहुमुखी प्रतिभा के धनी प्राचार्य श्री सिंह की इस उपलब्धि के लिए आम लोगों ने भी उन्हें बधाई दी है और यह उम्मीद जताई है कि उनके सानिध्य में इस विद्यालय के छात्रों के साथ साथ आम लोगों को भी सही नेतृत्व प्राप्त होता रहेगा।

# आंजन पुल से गिरा टेंपो, 10 घायल, दो की हालत गंभीर



**गुमला।** गुमला प्रखंड के आंजन पुल में स्कूटी को बचाने के प्रयास में एक टेंपो पुल से नीचे गिर गया, जिससे उसमें सवार 10 लोग घायल हो गए। दो घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी को स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टेंपो में सवार ग्रामीण टोटो बाजार आ रहे थे, तभी सामने से आ रही एक स्कूटी को बचाने के दौरान यह हादसा हुआ। टेंपो पुल से नीचे पानी में जा गिरा, जिससे कुछ यात्री पानी में और कुछ टेंपो के नीचे दब गए। चालक प्रकाश चिक बड़ाइक भी हादसे में बुरी तरह घायल हुआ, जिसे पानी के अंदर से निकाला गया। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने स्कूटी को जब्त कर लिया। घायलों में रीमा कुमारी, भिखनी देवी, बुधनी उरांईन, मनोरमा कुमारी, बंधन मुंडा, सोमारी उरांईन, ठूरकी देवी और मुनी देवी शामिल हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## गुमला दौरे पर पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त सुषमा सिंह ने कार्यों का लिया जायजा

**गुमला।** भारत की पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त सुषमा सिंह ने मंगलवार को गुमला जिले का दौरा किया और विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का परिभ्रमण किया। दौरे की शुरूआत गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं परियोजना निदेशक रीना हांसदा के साथ बैठक से हुई, जिसमें उपायुक्त ने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से जिले की विभिन्न उपलब्धियों और विकास योजनाओं की जानकारी दी। बैठक के बाद सदर अस्पताल गुमला में नवनिर्मित थैलेसीमिया सेंटर का उद्घाटन किया गया। यह केंद्र रक्त विकार से पीड़ित रोगियों के लिए एक बड़ी सुविधा साबित होगा। इसके उपरांत गुमला साइंस सेंटर का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने विज्ञान के आधुनिक उपकरणों का अवलोकन किया और थ्री-डी स्पेस सेंटर का अनुभव भी लिया।

# थैलेसीमिया-सिकल सेल एनीमिया ब्लड ट्रांसफ्यूजन सेंटर का शुभारंभ



**गुमला।** जिले के थैलेसिमिया और सिकल सेल अनीमिया से पीड़ित बच्चों को बेहतर उपचार और मानसिक संबल प्रदान करने के लिए थैलेसिमिया-सिकल सेल एनीमिया ब्लड ट्रांसफ्यूजन सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया गया। यह सेंटर जिला प्रशासन गुमला और विशिंग फैक्ट्री के संयुक्त प्रयास से उरफ फंड के सहयोग से स्थापित किया गया है। इस अवसर पर भारत की पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त सुषमा सिंह, उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं परियोजना निदेशक रीना हांसदा ने सेंटर का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन नवल कुमार, द विशिंग फैक्ट्री के चेयरमैन राजेश ठाकुर, डॉक्टरों सहित अन्य अधिकारी, मरीज और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

**थैलेसिमिया पीड़ित बच्चों के लिए वरदान बनेगा यह सेंटर**

मुख्य अतिथि सुषमा सिंह ने जिलेवासियों को इस स्वास्थ्य सुविधा के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सेंटर थैलेसिमिया और सिकल सेल अनीमिया से जूझ रहे बच्चों के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और द विशिंग फैक्ट्री के संस्थापक के प्रयासों की सराहना की। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि यह सेंटर बच्चों को सुरक्षित और बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने विशिंग फैक्ट्री का आभार व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि थैलेसिमिया पीड़ित बच्चों के दिव्यांग प्रमाण पत्र शीघ्र बनाए जाएं, ताकि वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें।द विशिंग फैक्ट्री की स्थापना पार्थ ठाकुर ने 19 वर्ष की उम्र में की थी। वे स्वयं थैलेसिमिया और सिकल सेल अनीमिया के मरीज थे और चाहते थे कि कोई भी मरीज अकेला महसूस न करे। उनके निधन के बाद भी संस्था उनके सपने को साकार कर रही है।

### अमर शहीद वीर बुधु भगत जतरा का हुआ आयोजन

# कोल विद्रोह के महानायक और एक सच्चे स्वतंत्रता सेनानी थे : मुखिया सुकेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** अमर शहीद वीर बुधु भगत जतरा का भव्य आयोजन भरनो प्रखंड के जोरकोडीपा में पड़हा अध्यक्ष लघुवा उरांव की अगुवाई में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पहान ललित उरांव द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों से पूजा-अर्चना के साथ हुई।

कार्यक्रम में झामुमो अध्यक्ष जॉनसन बाड़ा, मुखिया सुकेश उरांव, पूर्व मुखिया मुकेश उरांव, जुगल उरांव, राजेंद्र टोपनो, शमशाद खान और बिरसा उरांव सहित विभिन्न गांवों के पहान-पुजार शामिल हुए। अतिथियों ने वीर बुधु भगत



की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस जतरा में विभिन्न गांवों से खोड़हा दल के लोग पारंपरिक भेषभूषा में शामिल हुए और गीत-नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत किया। मुखिया सुकेश उरांव ने वीर बुधु भगत की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह कोल विद्रोह के महानायक और एक सच्चे स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने कहा की हमारे पूर्वजों ने कुर्बानियां देकर हमारी संस्कृति और परंपरा को बचाया है। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर उनके सपनों को साकार करना होगा और अपनी संस्कृति व जतरा को मिलजुलकर आगे बढ़ाना होगा।

# चैनपुर प्रखंड में अनुमंडल स्तरीय पुस्तक मेला एवं कठपुतली नाटक का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को हाल ही में एक अद्वितीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अनुमंडल स्तरीय पुस्तक मेला और कठपुतली नाटक बिरसा मुंडा धरती आबा का प्रदर्शन हुआ। यह आयोजन लूथरन स्कूल मैदान में किया गया, जिसमें कई प्रमुख हस्तियों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि चंद्रहास चौधरी और चैनपुर अनुमंडल पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी के द्वारा किया गया। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, अंचल अधिकारी दिनेश कुमार, थाना प्रभारी कुंदन चौधरी, डीएसपी एसएसबी जितेंद्र कुमार, जिप सदस्य मेरी लकड़ा, चैनपुर मुखिया शोभा देवी, और विभिन्न स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा, यह कार्यक्रम चैनपुर प्रखंड के लिए एक विशेष अवसर है। इसे पहली बार आयोजित किया गया है और इससे बच्चों को सीखने का मौका मिलेगा। अनुमंडल पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी ने कहा, एजेमजी फाउंडेशन के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जो बच्चों की शिक्षा में नई दिशा देने का प्रयास है। अंचल अधिकारी दिनेश कुमार ने भी अपनी बात रखते हुए कहा, इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में नई सोच विकसित होती है और पढ़ाई के प्रति उनका उत्साह बढ़ता है। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए थे, जिनका उद्देश्य आम जनता को जागरूक करना था। किताबों के स्टॉल ने भी विशेष ध्यान आकर्षित किया, जहां स्कूली बच्चों को भ्रमण कराया गया और उन्हें विभिन्न पुस्तकों के बारे में जानकारी दी गई।बनारस से आए कठपुतली नाटक ने बच्चों का विशेष ध्यान आकर्षित किया, जिसमें बच्चों में उत्साह और आनंद की लहर देखने को मिली। साथ ही, जेएसएलपीएस की दीदियों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने भी दर्शकों का मन मोह लिया।इस सफल आयोजन के पीछे एजेमजी फाउंडेशन के सभी सदस्यों की अहम भूमिका रही, जिन्होंने इसे संभव बनाने के लिए कड़ी मेहनत की।इस प्रकार, चैनपुर प्रखंड में यह कार्यक्रम न केवल शिक्षा को बढ़ावा देने में सहायता करेगा, बल्कि स्थानीय संस्कृति और कला को भी सहेजने में मदद करेगा।


**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
(CIN:U40108JH2013SGC001702)
Electric Supply Area, Medininagar
(CIN:U40108JH2013SGC001702)
Regd. Office: By Pass Road, Sudna, Medininagar, 822102
email:-gm_mdnjseb@yahoo.in Telephone:-06562-295539

**e-Tender cancellation notice**

Invited E-Tender Notice No.285/PR/ JBVNL / 2024-25 O&M is hereby cancelled due to unavoid able reason.

Deposited EMD by concerned agency is hereby refunded.

Sd/-
General Manager (Tech)
Electric Supply Area, Medininagar

PR No. 344788

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR.NO.346692 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25):D



**कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा।**

इस कार्यालय के पत्रांक 19/दिनांक 06.02.2025 द्वारा निकाली गई ई0 आमंत्रण सूचना ई0 निविदा सख्या 02/2024-25NREP /LOHARDAGA दिनांक 06.02.2025 पी0आर0नं0 345910 लोहरदगा (24–25) डी0 के द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा।

PR 346653 (Lohardaga) 24-25 (D)



**कार्यालय**
**कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) लातेहार**
**संयुक्त जिला कृषि कार्यालय भवन, कीनामाड़, लातेहार–829206**
Website :- www.atmalatehar.in Email :- atmalatehar@gmail.com Phone No.06565-297030

**आवश्यक सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची के Agriculture Extension (Krishonnati Yojna) योजना के अन्तर्गत प्रकाशित विज्ञापन संख्या&PR-257881 Agriculture (2021-22)-D ,oa PR-276083 Agriculture (2022-23)-D के आलोक में प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (BTM) एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक (ATM) के पद पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु दिनांक 28.06.2024 से 12.07.2024 तक प्राप्त आपत्ति का निराकरण उपरान्त संशोधित सूची आत्मा, लातेहार के वेबसाईट atmalatehar.in एवं लातेहार जिला के वेबसाईट latehar.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है। उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, आत्मा, लातेहार के द्वारा गठित जाँच एवं मूल्यांकन समिति के द्वारा सभी योग्य उम्मीदवारों का मूल प्रमाण पत्रों की जाँच दिनांक 27.02.2025 (दिन–गुरूवार) को पूर्वाहन 09:00 बजे से 11:00 बजे तक आत्मा सभागार, संयुक्त जिला कृषि कार्यालय, कीनामाड़, लातेहार एवं पूर्वाहन 11:00 बजे से कम्प्यूटर दक्षता जाँच परीक्षा NIC, लातेहार में आयोजित किया गया है।

अतः सभी योग्य अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि ससमय अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों के साथ आत्मा कार्यालय, लातेहार में उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे। उक्त कार्य हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–
परियोजना निदेशक (आत्मा) लातेहार।

PR.NO.346662 Agriculture(24-25):D



**कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा**
**(अभियंत्रण कोषांग)**
Phone Number:- 06526-222064 , email-id: zplohardaga@gmail.com

**ई–निविदा**
**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या – 07/2024–25 दिनांक 18.02.2025

| क्र0/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | सेन्हा | अरू | अम्बेदकर मुहल्ला में सामुदायिक भवन निर्माण | 4170900.00 | 5000.00 | 83500.00 | 06(छः) माह |
| 2 | कुडू | सलगी | ग्राम सलगी में सलगर मसियातु मुख्य पथ पर घासी बांध के पास पुल निर्माण | 3172400.00 | 5000.00 | 63500.00 | 03(तीन) माह |
| 3 | सेन्हा | भडगांव | प्रखण्ड सेन्हा एन0एच0 47/A भडगॉव बाजार से आदिवासी अखडा तक पथ निर्माण | 4928900.00 | 5000.00 | 98600.00 | 03(तीन) माह |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | 21.02.2025/10:00 बजे पर्वाह्न से |
| 3 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय | :– | 27.02.2025/10:00 बजे पर्वाह्न तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि व समय | :– | 28.02.2025/10:00 बजे पर्वाह्न |
| 5 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :– | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |
| 6 | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :– | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |

नोट – 1. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
2. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद्, लोहरदगा

PR 346670 Lohardaga(24-25).D



**कार्यालय :– नगर पंचायत, लातेहार**

**बन्दोबस्ती आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार क्षेत्र के अन्तर्गत निम्नलिखित सैरातों की बन्दोबस्ती **वर्ष 2025–26 (01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च, 2026 तक)** के लिये खुली डाक द्वारा बोली दिनांक– **10.03.2025** को 11.30 बजे पूर्वाह्न नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय प्रकोष्ट में की जायेगी। उस दिन बन्दोबस्ती नही होने की स्थिति में दिनांक **11.03.2025** एवं दिनांक– **12.03.2025** को 12:00 बजे पूर्वाह्न खुली डाक द्वारा बन्दोबस्ती की जायेगी।

| क्र० सं० | सैरात का नाम | वर्श 2025–26 की न्यूनतम डाक की राशि | जमानत की राशि सुरक्षित जमा राशि का 10% | सैरात का आवेदन शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 01 | नगर पंचायत लातेहार में प्रवेश करने वाले व्यवसायिक वाहनों पर प्रवेश शुल्क का निर्धारण। | 7161300.00 | 716200.00 | 5000.00 |

नोटः–
1. उपरोक्त सैरात में भाग लेने वाले आवेदकों को संबंधित सैरात हेतु **5000.00** रूपये कार्यालय में नगद जमा कर संबंधित सैरात का आवेदन प्रपत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा। तदोपरांत ही उपरोक्त सैरात में भाग लेने की स्वीकृति प्रदान की जायेगी। आवेदन प्रपत्र को नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में दिनांक 07.03.2025 को (कार्यालय कार्य दिवस में) प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही संबंधित आवेदन को मांग किये गये सभी कागजात एवं जमानत की राशि का बैंक डाफट्/बेंकर चेक के साथ दिनांक 08.03.2025 के अपराहन् 5.00 बजे तक ही जमा किया जा सकता है। डाक की तिथि के दिन किसी भी प्रकार के आवेदन स्वीकार नही किये जायेगें।
2. छदम नाम से डाक बोलने वाले तथा भ्रम, अशान्ति पैदा करने वाले , सुरक्षीत जमा राशि से कम डाक की बोली बोलने वाले पर जमानत की राशि जब्त करते हुए कड़ी कानूनी कारवाई की जायेगी।
3. कार्यालय अवधि में कार्यालय सूचना पट्ट/कार्यालय से सम्पर्क कर इस कार्य हेतु लागु किये गये सभी नियम एवं शर्तों को देखा जा सकता है या लातेहार जिला के वेवसाईड www.latehar.nic.in पर देखा या डाउनलोड किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 346640 (Urban Development)24-25*D

# सुप्रभात

विचार प्रवाह

हे ब्रह्म! हमें शरीर को आपकी वैश्विक ऊर्जा से अनुप्राणित कर स्वस्थ करना सिखाएं, मन को एकाग्रता एवं प्रसन्नता द्वारा स्वस्थ करना सिखाएं, और आत्मा के अज्ञान के रोग को आप पर ध्यान की दिव्य औषधि के द्वारा स्वस्थ करना सिखाएं। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

### भीड़ और भगदड़ में हमारी भूमिका


कुंभ की भगदड़ के बाद अब रेलवे की भीड़ ने एक और नई घटना को जन्म दे दिया। भीड़ की भगदड़ भी एक नई आपदा बन रही है। इस भगदड़ ने भी 18 लोगों को लील लिया और कई अस्पताल पहुंच गए। कुंभ की घटना हो या फिर हाथरस की भक्तों की भीड़ या फिर 2008 की नैना देवी तथा 2009 व 2011 की सबरीमाला की भगदड़, इन सभी ने पूरे देश का ध्यान खींचा। एक तरफ जहां, हाथरस में भक्तों ने सारी सीमाएं तोड़ते हुए और अपने पूजनीय के चरण छूने के चक्कर में एक बड़ी घटना को जन्म दिया और करीब 125 लोगों की जान गई। उसी तर्ज पर प्रयागराज महाकुंभ में जो कुछ भी हुआ, उसे सारी दुनिया ने देखा और उसके बाद फिर सड़कों से संसद तक वाकयुद्ध और खींचातान अब तक रुकी नहीं है। इन विषयों में सरकार और विपक्ष, दोनों कई तरह से अपने तर्कों से एक-दूसरे पर भारी पड़ने की कोशिश में लगे रहते हैं। अब रेलवे की भीड़ ने एक और बहस छेड़ दी है। अगर इन सभी बड़ी घटनाओं को देखें, तो हम मात्र इन्हें ही भीड़ न मानें। ऐसी भीड़ अक्सर कई अन्य आयोजनों में भी पाई जाती है। वैसे अपने देश में भीड़ दिखना कोई नई बात नहीं है। चाहे सड़कें हों या फिर सर्कस, भीड़ होने के पीछे मात्र भक्तों के दर्शन या स्नान ही नहीं होते, बल्कि क्रिकेट में जब हमने विश्व कप जीता, तो मुंबई में सड़कों के हालात ठीक उसी तरह थे, जैसे कुंभ के स्नान में लोगों की भीड़ थी। सच बात तो यह है कि हम यह कोशिश नहीं कर रहे हैं कि इस भीड़ का अध्ययन तथा विश्लेषण भी करें। उल्लेखनीय है कि भीड़ जो भगदड़ का बड़ा कारण बनती है, उसमें एक समान बात यह है कि यह श्रद्धा, उत्साह या उन्माद से जुड़ी होती है। अब कुंभ को ही देख लीजिए। पिछले लगातार एक साल से इतनी ढेर सारी तैयारियां चली हैं और ऐसा भी नहीं माना जा सकता कि कुंभ में हालात एकदम अव्यवस्थित थे। अक्सर यही होता है कि हम सरकार और उसकी व्यवस्था पर चोट कर बहस को कहीं और ले जाना चाहते हैं, मूल प्रश्न एक तरफ रह जाते हैं। सरकार किसी की भी होती, और ऐसी घटना होती, तो भी यही सब होता, क्योंकि हम मूल भाव को समझने और समझाने में बहुत ज्यादा चूके हुए हैं। यह अपेक्षित ही था कि 30-40 करोड़ लोग कुंभ में पहुंचेंगे और इसलिए कोई भी सरकार होती, ऐसे में अनहोनी से बचने के लिए भरसक मुस्तैदी रखती। लेकिन इन सबके बावजूद अपार भीड़ ने एक घटना को इसलिए जन्म दे दिया, क्योंकि सीमा तोड़ व्याकुलता हमें ही कुचलने लगती हैं। इसमें व्यवस्था के आकलन के साथ जन-व्याकुलता का बराबर दोष है।अयोध्या में जहां लाखों लोग एकत्रित हुए थे, लेकिन सब ठीक से निपट गया, क्योंकि ऐसा अवसर नहीं आया, जिससे लोगों में अफरा-तफरी मच जाए। वहीं नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में भगदड़ जैसी घटनाओं के पीछे एक बड़ा कारण जल्दबाजी, व्याकुलता और संयम का अभाव भी है। यह स्पष्ट है कि एक असीमित भीड़ में कुछ व्यक्तियों के कारण या अन्य विपरीत परिस्थितियों से भड़की एक भगदड़ी चिनगारी पूरे माहौल को बिगाड़ देती है। प्रशासनिक व्यवस्थाओं की सख्ती ऐसे नाजुक माहौल में और भी गड़बड़ी पैदा कर सकती है। अव्यवस्थाओं या भीड़ का पूर्वानुमान लगाने में हुई चूक तो एक कारण है ही, भीड़ के आत्मानुशासन का प्रश्न बहुत बड़ा है। इसी वजह से मात्र आलोचनाएं करके इस तरह की घटनाओं के प्रति कोई न्याय नहीं किया जा सकता।

*अब रेलवे की भीड़ ने एक और बहस छेड़ दी है। अगर इन सभी बड़ी घटनाओं को देखें, तो हम मात्र इन्हें ही भीड़ न मानें।*

देश की बात

# भारत में कृत्रिम बुद्धिमता से किफायती नवाचार का सशक्त भविष्य

पत्र सूचना कार्यालय



भारत कृत्रिम बुद्धिमता (एआइ) में एक परिवर्तनकारी क्रांति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व है। पहली बार भारत सरकार के प्रत्यंक्ष रूप से एआई क्षेत्र को बढ़ावा देने से कंप्यूटिंग पावर, ग्राफिक्सा प्रोसेसिंग यूनिट्स (जीपीयू) और शोध के अवसर किफ़ायती लागत पर उपलब्ध हैं।सरकार ने एआई को कुछ खास लोगों और बड़ी तकनीकी कंपनियों और वैश्विक दिग्गजों के वर्चस्व के बजाय सभी के लिए विशेष नीतियों के ज़रिए, छात्रों, स्टार्टअप और इनोवेटर्स को विश्व स्तरीय एआई क्षेत्र तक पहुंचने में सक्षम बना रही है, जिससे वास्तव में समान अवसर मिल रहे हैं। चाहे वह इंडिया एआई मिशन हो या एआई के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करना। मोदी सरकार ने 2024 में 10,300 करोड़ रुपए के आवंटन के साथ पांच वर्षों के लिए इंडिया एआई मिशन को मंजूरी दी। एक उच्च-स्तरीय सामान्य कंप्यूटिंग सुविधा समर्थित, इंडिया एआई मिशन अब भारतीय भाषाओं का उपयोग करके भारतीय संदर्भ के लिए स्वदेशी एआई कार्यक्रमों को लोकप्रिय बनाने करने के करीब है। एआई मॉडल की शुरुआत लगभग 10000 जीपीयू की कम्प्यूटेशन सुविधा से हो रही है। इसमें जल्द ही शेष 8693 जीपीयू जोड़े जाएंगे।इंडिया एआई मिशन के लॉन्च होने की 10 माह की अवधि में, नोडल मंत्रालय जबर्दस्ता प्रतिक्रिया प्राप्त करने और लगभग 18,693 ग्राफिक प्रोसेसिंग यूनिट, जीपीयू की एक उच्च-स्तरीय और मजबूत सामान्य कंप्यूटिंग सुविधा बनाने में सक्षम रहा है।यह ओपन सोर्स मॉडल डीपसीक की तुलना में लगभग नौ गुना और चैटजीपीटी की तुलना में लगभग दो तिहाई है। मोदी सरकार ने उल्लेखनीय रूप से, भारत के जीपीयू बाज़ार को खोलने की शानदार पहल की है और यह भारत में जीपीयू बाज़ार खोलने वाली पहली सरकार है, जिससे छोटे स्टार्टअप, शोधकर्ता और छात्र उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग संसाधनों तक पहुंच प्राप्त कर सकते हैं। जबकि प्रमुख देशों में एआई बाज़ार पर अक्सर बड़े उद्योग दिग्गहजों का दबदबा होता है।मोदी सरकार अगले कुछ दिनों में देश में संस्थाओं को एआई विकास के लिए 18,000 उच्च-स्तरीय जीपीयू-आधारित कंप्यूट सुविधाएं उपलब्ध कराएगी और उनमें से 10,000 पहले से ही उपलब्ध हैं। सरकार ने 10 कंपनियों का भी चयन किया है जो 18,693 जीपीयू की आपूर्ति करेंगी।इसके अतिरिक्त, भारत अगले तीन से पांच वर्षों में अपना स्वयं का जीपीयू विकसित करेगा और अगले 10 महीनों में एक घरेलू आधारभूत एआई प्लेटफ़ॉर्म की उम्मीद की जा सकती है। सरकार जल्द ही एक सामान्य कंप्यूट सुविधा शुरू करेगी जहां स्टार्टअप और शोधकर्ता कंप्यूटिंग शक्ति तक पहुंच सकते हैं।जबकि वैश्विक जीपीयू एक्सेस की लागत लगभग ढाई से तीन डॉलर प्रति घंटा है, मोदी सरकार इसे केवल एक डॉलर प्रति घंटा पर प्रदान करेगी।शोधकर्ता, स्टार्टअप, शिक्षाविद, कॉलेज, आईआईटी, सभी को इस कंप्यूटिंग शक्ति तक पहुंच मिल सकती है, और वे आधारभूत मॉडल शुरू कर सकते हैं।

**इंडिया एआई डेटासेट प्लेटफ़ॉर्म : ओपन डेटा के साथ एआई नवाचार को सक्षम बनाना**

डेटा वह शक्ति है जो एआई शोध और नवाचार को आगे बढ़ाता है, और समृद्ध, विविध और प्रचुर डेटासेट के बिना, सबसे कुशल डेटा वैज्ञानिक और डेवलपर्स भी अवरोधों का सामना करते हैं। इसे पहचानते हुए, मोदी सरकार बड़े शोध समुदाय के लिए ओपन डेटासेट को सुलभ बनाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। इंडिया एआई डेटासेट प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से सरकार का लक्ष्य उच्च-गुणवत्ता वाले, गैर-व्यक्तिगत डेटासेट तक पहुंच को सुव्यवस्थित करना और एक एकीकृत डेटा प्लेटफ़ॉर्म बनाना है। यह भारतीय स्टार्टअप और शोधकर्ताओं के लिए सहज पहुंच को सक्षम बनाता है, जिससे एआई-संचालित नवाचार में तेज़ी आती है। इस एआई डेटासेट प्लेटफ़ॉर्म में अज्ञात डेटा का सबसे बड़ा संग्रह होगा जो नवाचार को बढ़ावा देगा और एआई अनुप्रयोगों की क्षमताओं को बढ़ाएगा।एआई उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना वर्ष 2023 में मोदी सरकार ने नई दिल्ली में हेल्थकेयर, कृषि और बेहतर शहरी नियोजन एवं प्रबंधन- युक्त शहरों पर केंद्रित तीन एआई उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) की स्थापना की घोषणा की। बजट 2025 में 500 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ शिक्षा के क्षेत्र में एआई के लिए एक नया उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की घोषणा की गई। शिक्षा में एआई के लिए घोषित उत्कृष्टता केंद्र चौथा ऐसा केंद्र है।सरकार ने कौशल विकास के लिए 5 राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों की योजना की भी जानकारी दी, जो युवाओं को उद्योग- संबंधित विशेषज्ञता से दक्ष करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। मेक फॉर इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक भागीदारी के साथ इन केंद्रों की स्थापना की जाएगी। भारत न केवल एक मजबूत एआई क्षेत्र विकसित कर रहा है, बल्कि आधारभूत एआई मॉडल बनाने में पहले ही महत्वपूर्ण प्रगति कर चुका है। सरकार ने सुनिश्चित किया है कि भारत की एआई उन्नति स्वदेशी हो। इंडियाएआई ने प्रस्तावों के लिए कॉल के माध्यम से एलएलएम और एसएलएम सहित स्वदेशी आधारभूत एआई मॉडल विकसित करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। डिजिटल इंडिया भाषिणी उसकी उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो भारत का एआई-आधारित भाषा अनुवाद प्लेटफ़ॉर्म है, जिसका उद्देश्य भारतीय भाषाओं में इंटरनेट और डिजिटल सेवाओं तक आसान पहुंच को सक्षम करना है, जिसमें आवाज़-आधारित पहुंच शामिल है, और भारतीय भाषाओं में कंटेंट के सृजन में मदद करना है। भारतजेन दुनिया की पहली सरकारी वित्तपोषित मल्टीमॉडल एलएलएम पहल है।

भारतजेन, एक जनरेटिव एआई है, जिसे भारत में वर्ष 2024 में दिल्ली में लॉन्च किया गया था। इस पहल का उद्देश्य भाषा, भाषण और कंप्यूटर विज़न आधारभूत मॉडलों का एक समूह विकसित करके सार्वजनिक सेवा वितरण में क्रांति लाना और नागरिक जुड़ाव को बढ़ावा देना है। भारतजेन में देश के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के शीर्ष एआई शोधकर्ताओं का एक संघ शामिल है। सर्वम-1 एआई मॉडल, यह अभिनव बृहद भाषा मॉडल भारतीय भाषाओं के लिए विशेष रूप से अनुकूलित है, जो एआई परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण अंतर से संबद्ध है। सर्वम-1, 2 बिलियन मापदंडों का दावा करता है, दस प्रमुख भारतीय भाषाओं का समर्थन करता है, जो भाषा अनुवाद, पाठ सारांश और सामग्री निर्माण जैसे विभिन्न अनुप्रयोगों में क्रांति लाने की अपनी क्षमता को प्रदर्शित करता है।

चित्रलेखा एआई4भारत द्वारा विकसित एक ओपन-सोर्स वीडियो ट्रांसक्रिप्शन प्लेटफ़ॉर्म है। उन्नत एआई मॉडल का लाभ उठाते हुए, चित्रलेखा उपयोगकर्ताओं को विभिन्न भारतीय भाषाओं में आसानी से ऑडियो ट्रांसक्रिप्ट बनाने और संपादित करने की शक्ति प्रदान करता है।प्लेटफ़ॉर्म की ओपन-सोर्स प्रकृति सामुदायिक योगदान को प्रोत्साहित करती है और एआई-संचालित वीडियो प्रोसेसिंग में नवाचार को बढ़ावा देती है।एसएमएल के हनुमान ने एवरेस्ट 1.0 का अनावरण किया है, जो हिंदी, बंगाली, तमिल और तेलुगु सहित विभिन्न भारतीय भाषाओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया एक बहुमुखी बहुभाषी एआई प्रणाली है। यह प्रणाली वर्तमान में 35 भाषाओं का समर्थन करता है और जल्द ही यह भाषा क्षमताओं को 90 तक बढ़ाने के लिए तैयार है।

## भक्ति के बाजार में ऑफरों की बरसात

सूरज की पहली किरण के साथ, शहर के मशहूर "मोक्ष बाजार" में चहल-पहल शुरू हो गई। बाजार के मुख्य द्वार पर लिखा था, "यहाँ हर पाप की माफी का ऑफर - आज और अभी!" पोस्टर में एक संत दिख रहे थे, जिनके हाथ में "साल का सबसे बड़ा मोक्ष मेला" का बैनर था। उनके चेहरे पर वही मुस्कान थी, जो सिर्फ व्यापारियों के चेहरों पर होती है। जैसे ही श्रद्धालु अंदर घुसे, एक जोरदार आवाज गूंजी, "आइए, पापों की धुलाई कराइए। पहली सेवा फ्री, दूसरी पर 50% छूट!" धर्मस्थल अब तीर्थ नहीं, बल्कि एक शॉपिंग मॉल में तब्दील हो चुका था। हर कोने में आस्था की दुकानें सजी थीं। पहली दुकान थी "गंगा जल स्पा।" दुकान के मालिक ने सफाई दी, "हमारे गंगा जल में स्नान करने से आपके सारे पाप धुल जाएंगे। बस 999 रुपये में 10 मिनट का स्नान। अगर स्नान के साथ प्रवचन भी सुनना चाहते हैं, तो सिर्फ 499 रुपये एक्स्ट्रा।" ग्राहक लाइन में लगे थे, जैसे टिकट खिड़की पर मेला लग गया हो। दूसरी दुकान थी "पाप कटौती केंद्र।" यहाँ विभिन्न पापों के लिए अलग-अलग दरें थीं। चोरी का पाप 200 रुपये, झूठ बोलने का 150 रुपये, और घूसखोरी का पाप 500 रुपये। दुकानदार ने गर्व से बताया, "यहाँ क्रेडिट कार्ड से भी पेमेंट की सुविधा है। ईएमआई पर पापमुक्ति का ऑफर भी है।" बाजार के बीचों-बीच एक विशाल मशीन लगी थी, जिस पर लिखा था, "पाप धोने की ऑटोमैटिक मशीन।" श्रद्धालु मशीन के पास जाकर अपनी पर्ची डालते, और मशीन उन्हें एक पुर्ज़ा निकाल कर देती, जिसमें लिखा होता, "आपके पाप सफलतापूर्वक धुल गए हैं। अब आप अगले सप्ताह तक पाप कर सकते हैं।" भीड़ इतनी ज्यादा थी कि मशीन का स्टॉक खत्म होने की घोषणा हो गई। बाजार में एक कोने में "भक्त कलेक्शन" नाम की दुकान थी। यहाँ भगवान की मूर्तियों पर भारी छूट थी। "तीन मूर्तियाँ खरीदें, चौथी फ्री!" दुकानदार ने प्रचार किया, "यह ऑफर सिर्फ आज के लिए है। जल्दी करें, कहीं भगवान आउट ऑफ स्टॉक न हो जाएं।" भक्तों ने धक्का-मुक्की करके मूर्तियाँ खरीदनी शुरू कर दीं। एक कोने में "मोक्ष काउंटर" था, जहाँ पंडित जी बैठे थे। उनके पास एक बड़ी सी किताब थी, जिसमें भक्तों के पापों का हिसाब लिखा था। एक भक्त ने पूछा, "पंडित जी, मेरा पाप कितना बचा है?" पंडित जी ने चश्मा लगाकर जवाब दिया, "तुम्हारे पाप का बैलेंस 35% बचा है। 65% पिछले महीने के मेले में कट चुका है।" बाजार के अंत में, एक विशाल मंच पर धर्मगुरु जी प्रकट हुए। उन्होंने माइक पर घोषणा की, "भक्तों, अगले महीने से हमारे बाजार में वीआईपी मोक्ष कार्ड की शुरुआत हो रही है। इस कार्ड से आप बिना लाइन में लगे सीधे स्वर्ग की टिकट कटा सकते हैं।"

अलग बात



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## श्रवण के रहस्य को समझने वाला ईश्वर के निकट हो जाता है

गत् रविवार को योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया एवं सेल्फ रियलाइजेशन फैलोशिप के आध्यात्मिक प्रधान स्वामी चिदानंद गिरि जी रांची के योगदा आश्रम में थे। उनका आगमन रांचीवासियों और खासकर योगदा भक्तों के लिए परम आनन्द का विषय बना हुआ था। जब स्वामी चिदानन्द गिरि भक्तों के बीच में आये और जब उनका स्वागत स्वामी श्रद्धानन्द गिरि ने माल्यार्पण से किया और इधर जब शंखध्वनि सुनाई दी, तो ऑडिटोरियम में खडे प्रत्येक श्रद्धालओं के नेत्रों में गंगा-यमुना उमड़ पड़ी। सभी ने बड़े भावपूर्ण अंदाज में उनका स्वागत किया। शायद यही कारण रहा कि जब स्वामी चिदानन्द गिरि प्रवचन देने को हुए। तो उनके मुख से यह निकल पड़ा कि इस ऑडिटोरियम में आए एक-एक व्यक्ति असाधारण दिव्य आत्माएं है, जो प्रकाशस्वरुप प्रतिबिंबित हो रहे हैं। स्वामी चिदानन्द गिरि के प्रवचन सुननेवालों में भारत के प्रत्येक कोने के लोग थे और कुछ इस पल के साक्षी वे विदेशी भी थे, जो आध्यात्मिक सुख पाने को रांची में मौजूद थे। स्वामी चिदानन्द गिरि ने जीर्णोद्धार हुए ऑडिटोरियम का नामकरण जैसे ही 'श्रवणालय' के रूप में किया। हजारों की संख्या में बैठे योगदा भक्त भाव-विभोर हो उठे और यहीं से श्रवण और श्रवणालय की महत्ता को समझाना स्वामी चिदानन्द गिरि ने शुरु किया। जैसे-जैसे उनके प्रवचन अपने अंतिम छोर तक पहुंच रहे थे। ठीक वैसे-वैसे श्रवण और श्रवणालय की महत्ता से भी लोग दो-चार हो रहे थे, क्योंकि स्वामी चिदानन्द गिरि इन दोनों शब्दों के गूढ़ रहस्यों से सभी को परिचय करा रहे थे।

स्वामी चिदानन्द गिरि ने कहा कि भारत के ऋषि-मुनियों ने जितना श्रवण के मूल रहस्यों को समझा। वैसा किसी ने समझने की कोशिश नहीं की। यहीं कारण रहा कि आध्यात्मिक तौर पर वे ईश्वर के ज्यादा निकट रहे। उन्होंने कहा कि श्रवण का मतलब सिर्फ सुनना नहीं हैं, बल्कि उसका मनन करते हुए, उसमें रम जाना, ईश्वरीय अनुभूतियों को महसूस करना है। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए कहा कि जब राजर्षि जनकानन्द जी एक बार गुरुजी के साथ ध्यान करने को बैठे, तो जैसे ही प्रार्थना के कुछ शब्द जैसे हैवेनली फादर, मदर, फ्रेंड, बिलवड गॉड कहना प्रारम्भ हुआ। राजर्षि जनकानन्द जी अचेत हो गये। कुछ लोगों ने कहा कि वे अचेत हो गये। लेकिन गुरुजी ने कहा कि वे अचेत नहीं हुए बल्कि वे समाधिस्थ हो गये। स्वामी चिदानन्द गिरि जी ने इस दृष्टांत के माध्यम से बता दिया कि श्रवण का मूल अर्थ क्या होता है? वे कहना चाहते थे कि श्रवण का अर्थ ही है कि जिनके बारे में हम सुन रहे हैं। बस उन्हीं का हो जाना है। जैसा कि राजर्षि जनकानन्द जी के साथ हुआ। उन्होंने दो-चार शब्द ही सुने थे और वे समाधिस्थ हो गये। ये हैं श्रवण का महत्व।


उन्होंने कहा कि ये जो जगह हैं। यहां मैं जब भी होता हूं। तो पाता हूं कि मैं स्वयं को परिवर्तित महसूस कर रहा हूं। अपने महान गुरु के आशीर्वाद से अनुप्राणित हो रहा हूं। आप भी गुरुजी के टीचिंग, उनके बताये मार्ग, उनके द्वारा सीखाये गये क्रियायोग के बारे में जानने, सुनने का प्रयास करिये, ताकि आप भी बेहतर दिशा में आध्यात्म की सर्वोच्च शिखर पर पहुंच सकें। ये सभी के लिए आसान है। स्वामी चिदानन्द गिरि जी ने कहा कि श्रवण का मतलब है कि हम अपने अंदर की सारी बुराइयों को, उससे उत्पन्न होनेवाली तनावों को सदा के लिए दूर करें। इस श्रवणालय में आकर आप गुरुजी के बताये पाठों को स्मरण करने का प्रयास करें। उन पाठों में छपे शब्दों के मूल रहस्यों को जानने की कोशिश करें, ताकि आप आध्यात्मिक अनुभवों को जान सकें, समझ सकें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



कृष्ण बिहारी मिश्र



### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

बौराये से घूमते, लोग यहाँ बेताब।
मंत्र वही, ओझा वही, बला वही है सा 'ब।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## जीवन की श्रेष्ठता में देवत्व की तलाश

भारतीय चितन में मनुष्य की प्रतिष्ठा देवता से ऊपर है। मनुष्य अपने कर्म, ज्ञान, विचार और धर्म से देवत्व को प्राप्त कर मुक्ति का आरोहण कर सकता है। यह सौभाग्य देवता को भी प्राप्त नहीं है। इस भाव के कारण ही हरेक स्थल, तट, किनारा, संगम और शिखर पर जीवन और जगत को जोड़नेवाली आध्यात्मिक चेतना का अलख जगाया। हमने अपने श्रेष्ठतम ज्ञान से अपने "देवता" को पहचाना है, उसे देखा है और उसका विस्तार किया है। भारतीय इतिहास और पुराणों की परंपरा में ही नहीं, बल्कि ऋग्वेद की प्राचीनतम दस्तावेज में भी ऋषि देव है, ज्ञान देव है और प्रश्न उठना भी देवत्व की श्रेणी में आता है। यही कारण है कि जहां सृजन, शक्ति और साधना का केंद्र मिला, उसे देवस्थान बना दिया। हिमालय देवभूमि है, वहां कैलाश पर शिव अखंड समाधि में अवस्थित है, तो बदरी विशाल में श्रीकृष्ण तपरत् रहे। गंधमाधन पर्वत की चोटी पर नर-नारायण साधनरत है। धरती के हरेक स्थान को देवत्व से जोड़ने के लिए शिव-शक्ति से स्थलों को जोड़ दिया गया। विष्णु को विराट पुरुष के रूप में परिकल्पना कर समूचा भारतवर्ष को उनका ही प्रतिबिंब बना दिया गया। अंगुत्तर निकाय नामक ग्रंथ में महात्मा बुद्ध ज्ञान प्राप्त करने के पूर्व उन्हें स्वप्न में इसका पूर्वाभास हो गया था। सपने में बुद्ध भारत देश पर लेटे हुए हैं, मानो वह कोई बड़ा बिस्तर हो। उनका सर हिमालय पर टिका है। बांया हाथ पूर्वी समुद्र महोदधि में तथा दाहिना हाथ पश्चिमी समुद्र रत्नाकर में तथा दोनों पैर हिंदमहासागर में दिखाया गया है। यह भारत के भूगोल का चित्रण है। यही नहीं हमारे शरीर के विभिन्न अंगों को शक्तिपीठ के रूप में मान्यता दी गयी है। यह सब हमारी अमरता का केंद्रबिंदू होता गया।

इतना ही नहीं, हमने नक्षत्र, ऋतु, मास और दिवस को भी देवत्व एवं सुजनधर्म से जोड़ा है। चैत मास में इस सृष्टि की रचना हुई। यह भगवान नारायण का मास है। वैशाख और फाल्गुन मास राधा मास है, तो मार्गशीर्ष या अग्रहन मास श्रीकृष्ण को प्रिय है। वैशाख को माधव मास कहा जाता है। सावन शैव की अर्चना का मास है तो माता पार्वती को भादो अतीव प्रिय है। कार्तिक और चैत माह तो उत्सव का ही मास है। मार्गशीर्ष साधना का तो आषाढ़ माह गुरुपर्व का है। इस प्रकार एकादशी का दिन विष्णु को प्रिय है, तो त्रयोदशी का दिन शिव का प्रिय दिवस है। अमावस व्रत का, मौन का और साधना का अवसर है, तो पूर्णिमा का दिन उत्सव का, विष्णु स्मरण का और आनंद का समय होता है। सप्ताह का हरेक दिन किसी देव या देवी से जुड़ा है। हमारे हृदयों, विचारों, ऋचाओं और मंत्रों में जितने में वेदरूपों का वर्णन आता है, उनका निवास इसी लोक में है। हमारी प्रकृति ही देवों का निवासस्थल है। देवताओं का लोक प्रकृति के अवयवों से जुड़ा है। जो प्रकाश बाहर है, वहीं हमारे अंदर भी है। जो प्राण बाहर प्रवाहित है, वही हमारे भीतर है। जो रस शून्य गगन में प्रवाहित है। वहीं रस हमारे हर भी झरता है। हम निराकर को आकार देकर शिवलिंग और शालीग्राम बना देते हैं। पत्थर का एक टुकड़ा मंदिर में रखा जाता है तो शिवत्व (महादेव), तो वही पत्थर का टुकड़ा तुलसी चैरा में शालिग्राम (भगवान विष्णु) बन जाता है। इन पदार्थो को आकार देकर देवत्व से जोड़ देते है और उनमें प्राणों की प्रतिष्ठाकर विराट बना देते हैं। प्रकृति हरेक अनाम पत्थर पर पहाड़ के शिखर से सदैव जलाभिषेक करती है। मनुष्य का शिवलिंग पर जलार्पण उसका ही विस्तारित स्वरूप है। पहाड़ की चोटी पर जब बर्फ पिघलता है, तो पहला अर्पण इन पत्थरों पर ही होता है। प्रकृति जलाभिषेक ही नहीं करती है, बल्कि साथ में संगीत के अक्षय कोष का मुंख खोल देती है। पंक्षियों के हल्के कलरव की प्रार्थना, दिशाओं से वनस्पतियों के सामूहिक गान के स्वर और पेड़ के तनों से अंजुलि भर धूप के अर्पण के साथ हवाओं की प्राकृतिक सुगंध मानवजाति को अहर्निश ही अस्तित्व की साधना में तल्लीन रहने का आमंत्रण देती है।

हिमालय के गहवरों में खड़े देवदार को देखकर शिव और शक्ति को पुत्र की कामना उठी। इसी कारण वृक्ष का देवत्व स्वरूप बना। बेल और बरगद में भगवान शिव, आंवला, तुलसी ओर केला में विष्णु और लक्ष्मी का निवास हो गया।। यहां तक की दुर्बा में भगवान गणेश का वास बताया गया। हमारे मन में वृक्ष, लताओं, पुष्पों, जलों और वायु का भी बड़ा स्थान है। यह प्राणी का प्रकृति के प्रति एक आदर भाव बनाते हैं। ऐसे ही उदात भावों के कारण यह भावना बनी कि पृथ्वी हमारी माता है और हम उसके पुत्र है। यदि जन का यह भाव और आगे बढ़ता जाए तो उसकी चेतना के प्राणवायु में देवत्व का संचार होता जायेगा और व्यक्ति पृथ्वी से आकाश में छा जायेगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



डॉ मयंक मुरारी

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# महाकुंभ से 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की अवधारणा साकार हुई : राज्यपाल आनंदी

**लखनऊ (आईएएनएस)**



राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश राज्य विधान मंडल के वर्ष 2025 के प्रथम सत्र के लिए बुलाई गई दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार की ओर से प्रयागराज में कराए जा रहे महाकुंभ 2025 का विशेष उल्लेख किया और इसे 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की अवधारणा को साकार होना बताया। राज्यपाल ने कहा कि उनकी सरकार को इस वर्ष दिव्य एवं भव्य महाकुंभ आयोजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। महाकुंभ-2025 में स्वच्छता, सुरक्षा तथा सुव्यवस्था के नए मानक गढ़े गए हैं। महाकुंभ में आस्था एवं आधुनिकता का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा कि यह आयोजन जहां एक ओर अनेकता में एकता को दर्शाता है, वहीं दूसरी ओर समता और समरसता का संदेश भी दे रहा है, जिससे 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की अवधारणा साकार हो रही है। अब तक लगभग 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुजन पावन त्रिवेणी में आस्था की पवित्र डुबकी लगा चुके हैं।

उन्होंने मौनी अमावस्या पर घटी दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि इससे हम सभी अत्यन्त दुःखी हैं। इसमें कुछ श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें से कुछ श्रद्धालुओं की दुःखद मृत्यु भी हो गई। उन्होंने असमय काल-कवलित हुए लोगों के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। राज्यपाल ने इस बात का विशेष उल्लेख किया कि महाकुंभ प्रयागराज 2025 के शुभ अवसर पर पावन त्रिवेणी तट पर 22 जनवरी, 2025 को मंत्रिपरिषद् की ऐतिहासिक बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट सत्र (2025-26) शुरू होने से पहले कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि हार की हताशा से परेशान विपक्ष अपनी खुन्नस को सदन पर नहीं उतारेगा, बल्कि सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से संचालित करने में सकारात्मक योगदान करेगा। अभिभाषण और बजट महत्वपूर्ण मुद्दे होते हैं, जिसमें विपक्ष ही नहीं, बल्कि सदन का हर सदस्य अपनी बात को प्रभावी ढंग से रख सकता है। इसके अलावा भी विपक्ष जिस मुद्दे पर चर्चा करना चाहेगा, सरकार उसका तथ्यात्मक जवाब देने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

## शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती बोले- बिना भेदभाव सेवा में जुटा है अदाणी समूह

**प्रयागराज (आईएएनएस)।** प्रयागराज महाकुंभ 2025 में अदाणी समूह द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की द्वारका शारदा मठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती ने प्रशंसा की। उन्होंने इसे अति पुण्य का कार्य बताते हुए कहा कि महाप्रसाद की अनवरत व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ी सेवा है। शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती ने अदाणी समूह को इसके सेवा कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी और कहा, "धर्म की सच्ची सेवा वही है जो जरूरतमंदों, श्रद्धालुओं और निर्बलों को बिना भेदभाव के मिले। अदाणी समूह का यह कार्य निश्चित रूप से अतुलनीय और प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि अदाणी समूह द्वारा प्रतिदिन एक लाख से अधिक लोगों को भोजन कराया जा रहा है, जो पिछले एक महीने से अनवरत जारी है। श्रद्धालु इस सेवा से अत्यंत संतुष्ट हैं और इसे महाकुंभ के सबसे उत्कृष्ट भंडारों में से एक मान रहे हैं।



शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती ने कहा कि कुंभ मेला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि अध्यात्म, संस्कृति और सेवा का संगम है। उन्होंने अदाणी समूह के योगदान को विशेष रूप से सराहा और कहा कि इतने बड़े पैमाने पर भोजन की व्यवस्था करना न केवल श्रद्धालुओं के लिए राहतकारी है, बल्कि यह धर्म और मानवता की सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण भी है। शंकराचार्य ने बताया कि जब वे सेक्टर 19 से सेक्टर 12 जा रहे थे, तो उन्होंने अदाणी समूह द्वारा संचालित विशाल भंडारे को देखा। वहां श्रद्धालुओं की एक किलोमीटर तक लंबी कतारें थीं, जहां भोजन अनुशासित और व्यवस्थित तरीके से परोसा जा रहा था।

## महाकुंभ में डिजिटल पेमेंट ने बदली तस्वीर श्रद्धालुओं और दुकानदारों की बना पहली पसंद

**महाकुंभ (आईएएनएस)।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में डिजिटल पेमेंट ने छोटे दुकानदारों और श्रद्धालुओं की राह आसान कर दी है। एक समय था जब डिजिटल पेमेंट की शुरुआत पर इसका विरोध हुआ था। विपक्षी दलों ने तर्क दिया था कि गरीब, अनपढ़ और आम आदमी इसका उपयोग कैसे करेगा। लेकिन आज महाकुंभ में इसका व्यापक असर देखा जा सकता है। यहां चाय, पकौड़ी, पूड़ी, कचौड़ी और अन्य खाद्य पदार्थ बेचने वाले सभी दुकानदार डिजिटल पेमेंट स्वीकार कर रहे हैं। हर दुकान के सामने क्यूआर कोड का स्टीकर या बोलने वाली मशीन लगी हुई दिख जाती है। जिनके पास मशीन नहीं है, वे मोबाइल नंबर से पेमेंट लेते हैं। महाकुंभ क्षेत्र में चाय की दुकान चलाने वाली एक महिला का कहना है कि डिजिटल पेमेंट से उन्हें काफी फायदा हुआ है। सबसे बड़ा लाभ यह है कि चोरी-चकारी का कोई डर नहीं रहता क्योंकि नगद पैसे पास नहीं होते। ग्राहक आसानी से स्कैन कर भुगतान कर देते हैं, जिससे बचत भी हो रही है। उनका मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह पहल बहुत अच्छी है।



श्रद्धालु भी इस व्यवस्था से बेहद खुश नजर आ रहे हैं। सतीश शुक्ला नामक एक श्रद्धालु ने कहा कि अब पैसे जेब में रखने की जरूरत नहीं पड़ती, जिससे जेब कटने का डर भी खत्म हो गया है। उन्होंने बताया कि उन्होंने अभी नाश्ता किया और डिजिटल भुगतान किया, जो उन्हें बहुत सुविधाजनक लगा। एक महिला श्रद्धालु, अमन शर्मा ने कहा कि डिजिटल पेमेंट देश के विकास में सहायक सिद्ध हो रहा है।

## महाकुंभ से काशी आए नागा साधुओं के फेफड़ों में संक्रमण सर्दी, जुकाम, खांसी व बुखार

**नवीन मेल संवाददाता**

- एंटीबॉडी जांच के लिए लिया जा रहा सैंपल
- जांच के लिए गंगा के घाटों पर चलंत ओपीडी चलाई जा रही है

**वाराणसी।** महाकुंभ से काशी आने वाले नागा साधुओं के फेफड़े में संक्रमण की समस्या सामने आ रही है। कुछ को खांसी , बुखार व त्वचा की एलर्जी भी हो रही है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के जीन वैज्ञानिक ज्ञानेश्वर चौबे के देखरेख में साधुओं का सैंपल लिया जा रहा है, इनके सेहत की जांच की जा रही है। अलग-अलग घाटों पर रहने वाले साधुओं के जांच में किसी के फेफड़े में इंफेक्शन मिल रहा है तो कोई एलर्जी से परेशान है। किसी को बुखार की समस्या बनी हुई है। बीएचयू मेडिकल कॉलेज के न्यूरोलॉजी विभाग के प्रो. विजयनाथ मिश्र ऐसे साधुओं की जांच कर उनको जरूरी दवाइयां दे रहे हैं।ऐसे साधुओं के शरीर में एंटीबॉडी की जांच भी की जाएगी। इसके लिए जीन वैज्ञानिक प्रो.ज्ञानेश्वर चौबे के निर्देशन में साधुओं का सैंपल लिया जा रहा है। महाकुंभ में लगभग एक माह तक प्रयागराज में गंगा किनारे रहने के बाद बड़ी संख्या में नागा साधु काशी में आए हैं। यहां किसी को सर्दी, जुकाम है तो कोई एलर्जी से परेशान हैं। प्रोफेसर वीएन मिश्रा का कहना है कि जांच के दौरान नागा साधुओं में इंफेक्शन मिल रहा है। साधु कहते हैं कि संगम में रेत पर रहने के दौरान धूल ही धूल था। इस वजह से धूल के कण शरीर में आ गए हैं। प्रो.वीएन मिश्रा ने बताया कि घाट वॉक ओपीडी नियमित चलाई जा रही है। हर दिन शाम 5 बजे टीम के साथ शिवाला, दांडीघाट, हनुमान घाट, शंकराचार्य घाट सहित अन्य घाटों पर घूम घूम कर ओपीडी चलाई जा रही है। अब तक करीब 150 से अधिक साधुओं को इसका लाभ पहुंचाया गया। इसके तहत मौके पर बीपी जांच, अन्य जरूरी जांच की जा रही है। साधुओं को जरूरी दवाइयां दी जा रही है। जरूरत पड़ने पर बीएचयू में भी उपचार करवाया जाएगा। प्रो. ज्ञानेश्वर चौबे ने बताया कि साधुओं के शरीर में एंटीबॉडी की जांच के लिए सैंपल लिया गया है।इसकी जांच बीएचयू में होगी।

### केंद्रीय कृषि मंत्री ने रायसेन से किया भूमि सर्वेक्षण की पायलट परियोजना का शुभारंभ

# 26 राज्य और तीन यूटी जुड़े हैं 'नक्शा' पायलट परियोजना से : शिवराज सिंह

**मप्र के मुख्यमंत्री ने कहा, इस योजना से किसानों को होगा फायदा**

**एजेंसी । रायसेन**



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को रायसेन जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में शहरी बस्तियों के राष्ट्रीय भू-स्थानिक ज्ञान-आधारित भूमि सर्वेक्षण (नक्शा) पायलट परियोजना का शुभारंभ किया। केन्द्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग द्वारा यह पालट परियोजना देश के 26 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के 152 शहरी स्थानीय निकायों में शुरू की गई है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को दोपहर करीब 12 बजे हेलीकॉप्टर से रायसेन हेलीपैड पहुंचे, जहां जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पवार, राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, विधायक सुरेंद्र पटवा सहित कलेक्टर-एसपी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वे आयोजन दशहरा मैदान स्थित आयोजन स्थल पहुंचे। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर सबसे पहले रैम्प पर चलकर दोनों नेताओं ने जनता पर पुष्पवर्षा की, इसके बाद दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद 'नक्शा' परियोजना पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह केवल रायसेन या मध्य प्रदेश का कार्यक्रम नहीं है। यहां से पूरे हिंदुस्तान का 'नक्शा' कार्यक्रम आज लॉन्च किया जा रहा है। इसमें 26 राज्य और तीन केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) इस योजना से जुड़े हुए है, लेकिन मेरी इच्छा थी कि में यह कार्यक्रम रायसेन से शुरू करूं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस योजना से किसानों को फायदा होगा। हर खेत को पानी और बिजली मिलेगी, इसलिए 'नक्शा' कार्यक्रम लॉन्च किया जा रहा है। आपके अपने गांव में, आपके शहर में, आपके अनुभाग में ड्रोन से सर्वे करके 'नक्शा' के आधार पर काम किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी बंद हो जाएगी, पर लाडली बहना योजना नहीं होगी। कार्यक्रम में ड्रोन की उड़ान के साथ शहरी सर्वेक्षण कार्यक्रम 'नक्शा' का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही वाटरशेड यात्रा को भी हरी-झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) पुस्तिका का विमोचन किया गया। 'नक्शा' कार्यक्रम पर वीडियो एवं फ्लायर भी जारी किए गए। कार्यक्रम में केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं संचार राज्यमंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी, पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा और मत्स्य पालन राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार सहित कई विधायक और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### शहरी क्षेत्रों में भूमि रिकॉर्ड बनाना 'नक्शा' कार्यक्रम का उद्देश्य

'नक्शा' कार्यक्रम का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में भूमि रिकॉर्ड बनाना और उन्हें अपडेट करना है, ताकि भूमि स्वामित्व का सटीक और विश्वसनीय दस्तावेज़ीकरण सुनिश्चित किया जा सके। यह पहल नागरिकों को सशक्त बनाएगी, जीवन को आसान बनाएगी, शहरी नियोजन को बढ़ाएगी और भूमि संबंधी विवादों को कम करेगी। संपत्ति रिकॉर्ड प्रशासन के लिए आईटी-आधारित प्रणाली पारदर्शिता, दक्षता को बढ़ावा देगी और सतत विकास का समर्थन करेगी। सर्वे ऑफ इंडिया नक्शा कार्यक्रम के लिए तकनीकी भागीदार है, जो हवाई सर्वेक्षण करने और राज्य और केंद्र शासित प्रदेश सरकारों को तीसरे पक्ष के विक्रेताओं के माध्यम से ऑर्थोरेक्टीफाइड इमेजरी प्रदान करने के लिए जिम्मेदार है।

## दिल्ली में शपथ ग्रहण समारोह को लेकर तैयारी शुरू



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद देश की राष्ट्रीय राजधानी में शपथ ग्रहण समारोह को लेकर तैयारियों का सिलसिला शुरू हो चुका है। शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम रामलीला मैदान में आयोजित किया जाएगा। इसमें भाजपा के कई बड़े नेता शामिल होंगे। इस कार्यक्रम को भव्य बनाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। कार्यक्रम स्थल पर अभी टेंट, कुर्सियां, साफ-सफाई का काम शुरू हो चुका है। शीर्ष अधिकारी पूरी तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। कार्यक्रम स्थल कैसे रहेगा, इसकी रूपरेखा पहले ही निर्धारित की जा चुकी थी। दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा जीत दर्ज करने में सफल रही है।इसे देखते हुए कार्यक्रम की शोभा और आकर्षण में किसी भी प्रकार की कमी न रह जाए, इसका पूरा खास ख्याल रखा जा रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, 19 फरवरी को विधायक दल की बैठक होगी। इसमें यह फैसला किया जाएगा कि किसे दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की कमान सौंपी जाएगी। वैसे अभी इस पद को लेकर कई नामों पर चर्चा चल रही है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## कांग्रेस का ग्राफ लगातार गिरता जा रहा है: भरत सेठ

**मुंबई (आईएएनएस)**



शिवसेना नेता भरत सेठ गोगावले ने मंगलवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को कांग्रेस द्वारा 'कव्वालीवाला' बताए जाने पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का राजनीतिक मोर्चे पर ग्राफ लगातार नीचे गिर रहा है, इसलिए इनके नेता भी इसी तरह का बयान देंगे। इसके बाद उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की प्रक्रिया बताई। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह संवैधानिक पदों पर किसी की भी नियुक्ति बहुत ही सोच-समझकर की जाती है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि अब इस पार्टी का राजनीतिक मोर्चे पर ग्राफ लगातार नीचे गिर रहा है, तो जाहिर सी बात है कि इनके नेता भी इसी तरह का बयान देंगे।

**हादसा...**



### बस और ट्रक में टक्कर 5 की मौत, 30 घायल

**चंडीगढ़।** पंजाब के कोटकपूरा-फरीदकोट मार्ग पर मंगलवार सुबह लगभग आठ बजे एक तेज रफ्तार निजी बस और ट्रक के बीच भीषण टक्कर हो गई, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और करीब 30 लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस रेलिंग को तोड़ते हुए गिर गई।

## मैट्रिक की परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक करने के आरोप में 5 वीडियोग्राफर पकड़े गए

**फारबिसगंज/अररिया (हि.स.)**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा( मैट्रिक परीक्षा) के पहले दिन ही दूसरी पाली में प्रश्नपत्र लीक करने के आरोप में 5 वीडियोग्राफर पकड़े गए है।

बताया जा रहा है की परीक्षा की निगरानी के लिए तैनात पांच वीडियोग्राफरों को प्रश्नपत्र लीक करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। दंडाधिकारी ने जब इनकी गतिविधियों पर शक किया, तो उन्होंने जांच शुरू की। जांच में पता चला कि ये ये वीडियोग्राफर परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र की तस्वीरें खींचकर मोबाइल के जरिए दूसरे परीक्षा केंद्रों पर भेज रहे थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार किए गए सभी वीडियोग्राफरों के रिश्तेदार उसी परीक्षा केंद्र में परीक्षा दे रहे थे। इससे आशंका जताई जा रही है कि ये वीडियोग्राफर अपने रिश्तेदारों को परीक्षा में मदद पहुंचाने के लिए प्रश्नपत्र लीक कर रहे थे। बोर्ड के द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे और वीडियोग्राफी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए थे और वही, कहां गया था की जिन केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे थे, वहां वीडियोग्राफी की व्यवस्था किया गया था।

## बिहार के बक्सर-मुजफ्फरपुर में महाकुंभ से लौट रहे तीन श्रद्धालुओं की दुर्घटना में मौत

**पटना (हि.स.)।** बिहार में बक्सर और मुजफ्फरपुर जिले में हुई सड़क दुर्घटना में आज तीन लोगों की मौत हो गई। पहली घटना बक्सर जिले के चौसा गोला की है,जहां सुबह तेज रफ्तार बोलेरो ने अल्टो कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में अल्टो कार सवार एक की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए हैं। अल्टो कार सवार सभी लोग महाकुंभ से स्नान कर वापस घर लौट रहे थे। उसी दौरान यह हादसा हुआ है। हादसे के बाद बोलेरो में सवार लोग मौके से फरार हो गए। हादसे की सूचना पर डायल 112 की टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस की टीम ने सभी को चौसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया। इस घटना में मृतक की पहचान छपरा के रहने वाले धीरेंद्र सिंह के रूप में हुई है। वहीं घायलों में मृतक की पत्नी नीतू देवी, अशोक सिंह, रविंद्र नाथ पांडेय और उनकी पत्नी उषा देवी शामिल हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि सुबह में चालक को झपकी आने की वजह से यह हादसा हुआ है।

# यूपी में गांव की महिलाएं गृहिणी ही नहीं आत्मनिर्भर कारीगर और उद्यमी भी हैं

**लखनऊ (आईएएनएस)**



उत्तर प्रदेश की ग्रामीण महिलाएं अब केवल गृहिणी नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर कारीगर और उद्यमी भी बन रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए कई योजनाएं चला रही है। इसका प्रभाव यह हुआ है कि राज्य की महिलाएं उपभोक्ता से उत्पादक बनकर समाज में बदलाव की वाहक बन रही हैं। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीएसआरएलएम) के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने आत्मनिर्भरता की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।

योगी सरकार प्रदेश की महिलाओं को सशक्त और स्वावलंबी बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। सरकार के प्रयासों का सार्थक परिणाम भी सामने आने लगा है। प्रदेश की महिलाएं अब सिर्फ उपभोक्ता नहीं, बल्कि बदलाव की वाहक बन चुकी हैं। मनरेगा साइटों पर सिटीजन इंफॉर्मेशन बोर्ड (सीआईबी) के निर्माण ने महिलाओं के लिए आय का एक नया स्रोत खोल दिया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1,100 से अधिक स्वयं सहायता समूहों की 5,000 से ज्यादा महिलाओं ने 5 लाख से अधिक सीआईबी बोर्ड बनाए। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 5,465 महिलाओं द्वारा लगभग 3.76 लाख बोर्ड तैयार किए जा चुके हैं। योगी सरकार ने सुनिश्चित किया है कि मनरेगा के तहत बनने वाली सभी परिसंपत्तियों के लिए सीआईबी बोर्ड की आपूर्ति स्वयं सहायता समूहों से ही कराई जाए, जिससे महिलाओं को स्थायी रोजगार और आत्मनिर्भरता का अवसर मिल रहा है।

### महिलाओं ने 1,600 करोड़ रु का राजस्व संग्रह किया है

राज्य सरकार की विद्युत सखी योजना के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 790 करोड़ रुपये का बिजली बिल संग्रह किया है। अब तक इस योजना से जुड़ी महिलाओं ने कुल 1,600 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह कर लिया है। दिसंबर 2024 और जनवरी 2025 में ओटीएस योजना के तहत 303 करोड़ रुपये के बिजली बिल संग्रह पर 3.5 करोड़ रुपये का कमीशन महिलाओं को मिला। इस योजना से महिलाओं को न केवल आर्थिक मजबूती मिली है, बल्कि वे समाज में आत्मनिर्भरता की मिसाल भी पेश कर रही हैं। वित्तीय वर्ष 2024 में विद्युत सखी कार्यक्रम के तहत 438 महिलाओं ने 'लखपति दीदी' बनने का गौरव प्राप्त किया।

# आज से शुरू हो रही है आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी



**स्पोर्ट्र्स डेस्क ।** चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज कल 19 फरवरी से हो रहा है। हाइब्रिड मॉडल में आयोजित होने वाले इस एलीट टूर्नामेंट का शुरूआती मैच कराची में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होगा। भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा और चैंपियंस ट्रॉफी का अपना पहला मैच 20 फरवरी को दुबई में खेलेगा।

आठ प्रतिस्पर्धी टीमों को दो समूहों में विभाजित किया गया है। ग्रुप ए में पाकिस्तान, भारत, न्यूजीलैंड, बांग्लादेश हैं जबकि ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, इंग्लैंड हैं। भारत 23 फरवरी को दुबई में पाकिस्तान से खेलेगा। आईसीसी ने कहा कि 8 टीमों के इस टूर्नामेंट में 15 मैच होंगे और ये मैच पाकिस्तान और दुबई में खेले जाएंगे।

पाकिस्तान में रावलपिंडी, लाहौर और कराची तीन स्थान होंगे जहां टूनार्मेंट खेला जाएगा। प्रत्येक पाकिस्तानी स्थल पर तीन-तीन ग्रुप गेम खेले जाएंगे, जिसमें लाहौर दूसरे सेमीफाइनल की मेजबानी करेगा। लाहौर 9 मार्च को फाइनल की मेजबानी भी करेगा, जब तक कि भारत क्वालीफाई नहीं कर लेता। भारत के फाइनल में क्वालीफाई के बाद यह दुबई में खेला जाएगा। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में रिजर्व दिन होंगे। भारत के तीन ग्रुप मैच और पहला सेमीफाइनल दुबई में खेला जाएगा।

**08 टीमें और**

**15 मैच**

**20 फरवरी, बांग्लादेश बनाम भारत, दुबई**
**23 फरवरी, पाकिस्तान बनाम भारत, दुबई**
**2 मार्च, न्यूजीलैंड बनाम भारत, दुबई**

**ग्रुप ए : पाकिस्तान, भारत, न्यूजीलैंड, बांग्लादेश**
**ग्रुप ए : दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, इंग्लैंड**

### चैंपियंस ट्रॉफी का पूरा शेड्यूल (सभी मैच दोपहर 2.30 बजे से)

- 19 फरवरी, पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड, कराची, पाकिस्तान
- 20 फरवरी, बांग्लादेश बनाम भारत, दुबई
- 21 फरवरी, अफगानिस्तान बनाम दक्षिण अफ्रीका, कराची, पाकिस्तान
- 22 फरवरी, ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड, लाहौर, पाकिस्तान
- 23 फरवरी, पाकिस्तान बनाम भारत, दुबई
- 24 फरवरी, बांग्लादेश बनाम न्यूजीलैंड, रावलपिंडी, पाकिस्तान
- 25 फरवरी, ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका, रावलपिंडी, पाकिस्तान
- 26 फरवरी, अफगानिस्तान बनाम इंग्लैंड, लाहौर, पाकिस्तान
- 27 फरवरी, पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश, रावलपिंडी, पाकिस्तान
- 28 फरवरी, अफगानिस्तान बनाम ऑस्ट्रेलिया, लाहौर, पाकिस्तान
- 1 मार्च, दक्षिण अफ्रीका बनाम इंग्लैंड, कराची, पाकिस्तान
- 2 मार्च, न्यूजीलैंड बनाम भारत, दुबई
- 4 मार्च, सेमीफाइनल 1, दुबई
- 5 मार्च, सेमीफाइनल 2, लाहौर, पाकिस्तान
- 9 मार्च, फाइनल, लाहौर (भारत के क्वालीफाई करने पर दुबई में)
- 10 मार्च, रिजर्व डे

## चैंपियंस ट्रॉफी यात्रा नीति पर बीसीसीआई ने किया बदलाव

# पत्नियों-परिवारों को दुबई में मैच देखने की अनुमति दी

**एजेंसी**


**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में हार के बाद बीसीसीआई ने सख्त यात्रा नीति की घोषणा की, जिसे कथित तौर पर चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान लागू किया जाना था। नियम के अनुसार आईसीसी टूर्नामेंट के दौरान दुबई में भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ परिवार नहीं रहेंगे। हालांकि ताजा रिपोर्ट से पता चला है कि बीसीसीआई ने सभी खिलाड़ियों के परिवारों को केवल एक मैच देखने के लिए दुबई जाने की अनुमति दी है। भारतीय टीम गुरुवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी अभियान की शुरूआत करेगी। इसके बाद वे रविवार को गत चैंपियन पाकिस्तान और अगले सप्ताह न्यूजीलैंड से भिड़ेंगे। अगर भारत फाइनल में भी पहुंचता है, तो पूरा टूनार्मेंट तीन सप्ताह तक चलेगा, इसलिए बीसीसीआई ने खिलाड़ियों के साथ परिवारों को दौरे पर जाने की अनुमति नहीं दी। नियम के अनुसार, 'विदेशी दौरे के दौरान 45 दिनों से अधिक समय तक भारत से अनुपस्थित रहने वाले खिलाड़ी अपने साथी और बच्चों (18 वर्ष से कम) को प्रति श्रृंखला (प्रारूप के अनुसार) दो सप्ताह की अवधि तक एक यात्रा के लिए शामिल कर सकते हैं।'

**बीसीसीआई ने यात्रा नीति पर अपना रुख बदला**

मंगलवार को एक रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से कहा गया कि अब कोई खिलाड़ी अपने परिवार को एक मैच के लिए दुबई ले जा सकता है, क्योंकि टीम प्रबंधन के एक शीर्ष व्यक्ति ने दुबई जाने से पहले बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया से बात की थी। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि खिलाड़ियों को अब तदनुसार बीसीसीआई की अनुमति लेनी होगी, साथ ही टीम प्रबंधन से बोर्ड को एक सूची प्रस्तुत करने की उम्मीद है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि पूरी टीम दुबई में है, इसलिए शुरू से ही कोई भी परिवार उनके साथ नहीं गया है। अब तक प्रत्येक खिलाड़ी को अपने परिवार को केवल एक मैच में ले जाने की अनुमति दी गई है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि किसी खिलाड़ी ने अनुमति मांगी है या नहीं। उन्होंने कहा कि यह खिलाड़ी पर निर्भर करता है कि वह चुने कि उसका परिवार उसके साथ मैच में जाएगा या नहीं। कई लोग अपने परिवार को थोड़े समय के लिए भी नहीं ले जा सकते हैं।


# चेन्नई में 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स की शुरूआत

## देशभर से 1,476 खिलाड़ी ले रहे हिस्सा




**चेन्नई (आईएएनएस)।** 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप सोमवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शुरू हुई। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता को तमिलनाडु सरकार का समर्थन प्राप्त है। यह 20 फरवरी तक चलेगी। इस चैंपियनशिप में भारत भर से 1,476 पैरा-एथलीटों ने हिस्सा लिया है, जो 30 टीमों के तहत 155 स्पधाओं में भाग ले रहे हैं। इससे यह देश में सबसे बड़े पैरा-एथलेटिक्स समारोहों में से एक बन गया है। यह आयोजन देवेंद्र झाझरिया के नेतृत्व वाली भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) और चंद्रशेखर राजन के नेतृत्व वाली तमिलनाडु पैरालंपिक खेल संघ (टीएनपीएसए) के प्रयासों से सुचारू रूप से आयोजित किया जा रहा है। सत्य प्रकाश सांगवान और जयवंत गुंडू हमनवार सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारियों ने भी चैंपियनशिप के बिना रुके क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। चैंपियनशिप के बारे में बोलते हुए, पीसीआई के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने कहा, हमें विश्वास है कि चेन्नई में होने वाली यह चैंपियनशिप भारत में पैरा-एथलेटिक प्रतियोगिताओं के लिए नए मानक स्थापित करेगी। 155 स्पधाओं में 1,476 पैरा-एथलीटों की प्रभावशाली भागीदारी के साथ, यह टूनार्मेंट देश में पैरा-स्पोर्ट्स के तेजी से विकास और बढ़ती प्रतिस्पर्धा को दिखाता है। विश्व स्तरीय सुविधाओं और समावेशिता के प्रति प्रतिबद्धता के साथ, हम भारतीय पैरा-एथलेटिक्स के लिए एक नए युग के साक्षी बन रहे हैं। टीएनपीएसए के अध्यक्ष चंद्रशेखर राजन ने कहा, तमिलनाडु सरकार का अटूट समर्थन इस आयोजन को एक शानदार सफलता बनाने में सहायक रहा है। यह चैंपियनशिप न केवल असाधारण प्रतिभा को दिखाती है, बल्कि देश भर में पैरा-एथलीटों को सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि करती है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले टॉप एथलीटों में भाला फेंक में सुमित अंतिल, व्हीलचेयर रेसिंग में मनोज सबापति, शॉटपुट में मनोज सिंगराज, ऊंची कूद में मरियप्पन थंगापन, शॉटपुट में मुथु राजा, शॉटपुट में होकाटो सेमा और भाला फेंक में नवदीप सिंह, डिस्कस थ्रो में योगेश कथुनिया आदि शामिल हैं। यह चैंपियनशिप न केवल पैरा-एथलीटों की अविश्वसनीय प्रतिभा को उजागर करती है, बल्कि भारतीय खेलों में समावेशिता और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में भी काम करती है।

# पीसीबी ने बताया कि स्टेडियमों से भारतीय झंडा क्यों गायब था



**कराची(आईएएनएस)।** कराची के नेशनल स्टेडियम का एक वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर विवाद खड़ा हो गया। दरअसल, वीडियो में आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भाग लेने वाले देशों के झंडे दिखाई दे रहे हैं, लेकिन भारतीय ध्वज तिरंगा नहीं है। जिसके बाद से विवाद छिड़ गया है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की 19 फरवरी से पाकिस्तान द्वारा मेजबानी की जानी है। वीडियो में दिखाया गया है कि स्टेडियम में कथित तौर पर भारतीय ध्वज नहीं फहराया गया। जिसके बाद से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की आलोचना की गई कि वह देश में चैंपियंस ट्रॉफी मैच खेलने से इनकार करने पर भारत के खिलाफ अपना गुस्सा निकाल रहा है। सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के स्टेडियमों में भारतीय ध्वज फहराने से इनकार करने पर प्रशंसकों द्वारा आलोचना की जा रही है, वहीं पीसीबी ने इस विवाद पर कहा है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान में खेलने वाले देशों के झंडे ही स्टेडियमों में फहराए गए हैं। पीसीबी के एक सूत्र ने आईएएनएस से कहा, जैसा कि आप जानते हैं, भारत आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान अपने मैच खेलने के लिए पाकिस्तान नहीं आ रहा है, कराची के नेशनल स्टेडियम, रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम और लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में उन देशों के झंडे फहराए गए हैं, जो उक्त स्थलों पर खेलने जा रहे हैं। जब पूछा गया कि कराची और लाहौर स्टेडियम में भारत, बांग्लादेश और अन्य भाग लेने वाले देशों के झंडे क्यों नहीं थे, तो सूत्र ने कहा, भारतीय टीम दुबई में अपने मैच खेलने जा रही है। दूसरी बात, बांग्लादेश की टीम अभी तक पाकिस्तान नहीं पहुंची है और दुबई में भारत के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी। इसलिए, उनके झंडे नहीं फहराए गए हैं और अन्य देश, जो यहां आ चुके हैं और पाकिस्तान में खेलेंगे। उनके झंडे स्टेडियम में हैं। सूत्र ने कहा, मुझे नहीं लगता कि पीसीबी को इस पर आधिकारिक बयान देने की भी जरूरत है।

# अहमदाबाद में शुरू हुई गुजरात ओपन गोल्फ चैंपियनशिप 2025

**अहमदाबाद (आईएएनएस)।** गुजरात ओपन गोल्फ चैंपियनशिप 2025 मंगलवार को ग्लेड वन गोल्फ रिसॉर्ट एंड क्लब में शुरू हुई और 21 फरवरी तक चलेगी। 1 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वाला यह टूनार्मेंट कुल 54 होल में खेला जाएगा। इस क्षेत्र में 126 खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनमें 123 पेशेवर और तीन शौकिया खिलाड़ी शामिल हैं। पहले दो राउंड में नौ-नौ होल होंगे। 18 होल के बाद कट लागू किया जाएगा। इसके बाद तीसरे और चौथे राउंड में 18-18 होल होंगे। इस टूनार्मेंट में कुछ शीर्ष भारतीय पेशेवर खिलाड़ी भाग लेंगे, जैसे कि युवराज संधू, राशिद खान, गत विजेता अभिनव लोहान, राहिल गंगजी, गौरव प्रताप सिंह, गुजरात ओपन के पूर्व विजेता करणदीप कोचर और चिक्कारंगप्पा, पीजीटीआई क्वालीफाइंग स्कूल विजेता शुभम नारायण और ग्लेड वन के पूर्व विजेता मनु गंडास और ओम प्रकाश चौहान आदि। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रमुख विदेशी खिलाड़ियों में बांग्लादेश के जमाल हुसैन (ग्लेड वन के पूर्व विजेता), बादल हुसैन और मोहम्मद अकबर हुसैन, श्रीलंका के एन थंगाराजा और के प्रबागरन, चेक गणराज्य के स्टीफन दानेक, इटली के फेडेरिको जुचेट्टी, अमेरिकी कोइचिरो सातो और डोमिनिक पिकिरिलो तथा नेपाल के सुकरा बहादुर राय और सुभाष तमांग शामिल हैं। स्थानीय चुनौती का नेतृत्व गुजरात के पेशेवर वरुण पारीख, अंशुल पटेल, जय पांड्या, ग्लेड वन के आदित्य राज कुमार चौहान और ग्लेड वन के पूर्व जीएम अर्शप्रीत थिंड करेंगे।

# सिंधु 15वें स्थान पर खिसकीं लक्ष्य शीर्ष 10 में बरकरार

**कुआलालंपुर(आईएएनएस)।** बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) द्वारा मंगलवार को जारी नवीनतम अपडेट के अनुसार, शीर्ष भारतीय शटलर पीवी सिंधु महिला एकल विश्व रैंकिंग में दो स्थान नीचे खिसक गई हैं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु, जिन्होंने 2025 में सिर्फ दो टूनार्मेंट खेले हैं, एक छोटी सी चोट के कारण बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप से हटने के बाद विश्व की 13वीं रैंकिंग से 15वीं रैंकिंग पर खिसक गई हैं। वह इंडिया ओपन सुपर 750 में क्वार्टर फाइनल में पहुंची और इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 के पहले दौर में हार गई। वह महिला एकल सूची में 57,190 अंकों के साथ 15वें स्थान पर हैं, जबकि उनकी कोरियाई प्रतिद्वंद्वी एन से यंग 111,867 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। दूसरी ओर, मालवोका बंसोड़ ने तीन पायदान की छलांग लगाकर शीर्ष 30 में प्रवेश किया, जो 44,752 अंकों के साथ 28वें स्थान पर हैं। पुरुष एकल चार्ट में, लक्ष्य सेन 63,668 अंकों के साथ दुनिया के 10वें नंबर पर भारत के शीर्ष शटलर बने हुए हैं। एचएस प्रणय 31वें (44,662 अंक) पर हैं। चीन के शि यू की, जिन्होंने सीजन ओपनर मलेशिया ओपन जीता और इंडोनेशिया मास्टर्स में तीसरा स्थान हासिल किया, 100,415 अंकों के साथ चार्ट में शीर्ष पर हैं। मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन में लगातार सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल भारतीय जोड़ी 73,430 अंकों के साथ दुनिया में सातवें नंबर पर बनी हुई है। डेनमार्क की किम एस्ट्रुप और एंडर्स स्कार्प रासमुसेन की जोड़ी 94,903 अंकों के साथ पुरुष युगल रैंकिंग में शीर्ष पर है।

# भारत को बुमराह की कमी 'बहुत खलेगी' : धवन




**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन का मानना है कि रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमी बहुत खलेगी। बुमराह पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण आठ टीमों के इस टूनार्मेंट से बाहर हो गए थे। उनकी जगह हर्षित राणा को भारतीय टीम में शामिल किया गया। आईसीसी ने धवन के हवाले से कहा,आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी की वापसी होना बहुत अच्छा अहसास है। मुझे याद है कि जब मैंने 2013 में पहली बार इसमें खेला था, तो मुझे यह बहुत पसंद आया था और इस टूनार्मेंट को लेकर पहले से ही काफी चर्चा है।बहुत सारी अटकलें और बहुत सारी भविष्यवाणियां हैं, जो मजेदार है, और मैं भारत से आगे नहीं देख सकता। मुझे उन पर पूरा भरोसा है, उनके पास एक ठोस टीम है और उन्होंने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में बहुत अच्छा खेला।"

# छत्तीसगढ़ वॉरियर्स ने राजस्थान किंग्स को हराया, लीजेंड 90 लीग का खिताब जीता

**रायपुर (छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ वॉरियर्स ने सोमवार रात को शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में राजस्थान किंग्स पर आखिरी गेंद पर रोमांचक जीत के बाद पहली लीजेंड 90 लीग के चैंपियन का खिताब जीता। अपने घरेलू दर्शकों के सामने वॉरियर्स ने 160 रनों का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया और नाटकीय अंदाज में ट्रॉफी अपने नाम की। पहले गेंदबाजी करने का फैसला करते हुए वॉरियर्स ने राजस्थान किंग्स को बल्लेबाजी के लिए उतारा। सलामी बल्लेबाज असद पठान (38) और फिल मस्टर्ड (34) ने किंग्स को मजबूत शुरूआत दी और 76 रनों की साझेदारी की। हालांकि, वॉरियर्स ने बीच के ओवरों में खेल पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली और रन रेट को धीमा कर दिया। रजत सिंह ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 17 गेंदों पर नाबाद 27 रन बनाकर आखिरी गेंद तक शानदार प्रदर्शन किया।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# भारत और कतर प्रतिस्पर्धी नहीं, एक-दूसरे के पूरक हैं : केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस बात पर जोर दिया कि भारत और कतर एक-दूसरे के प्रतिस्पर्धी नहीं हैं, बल्कि अलग-अलग क्षेत्रों में एक-दूसरे के पूरक हैं। मंगलवार को भारत-कतर व्यापार मंच के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री गोयल ने दोनों देशों द्वारा समृद्धि और आर्थिक विकास के लिए एक साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई। इस कार्यक्रम को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सहयोग से आयोजित किया गया था। कतर के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री शेख फैसल बिन थानी बिन फैसल अल थानी भी कार्यक्रम का हिस्सा बने। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, भारत और कतर के बीच संबंध ऐतिहासिक भी हैं और संभावनाओं से भरे हुए भी हैं। सोमवार को पीएम मोदी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी को एयरपोर्ट पर रिसीव कर मित्रता और भाईचारा का एक संदेश दिया। यह दोनों देशों के बीच भाईचारे और बढ़ते विश्वास को दिखाता है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने आने वाले दिनों में व्यापार और निवेश दोनों में भारत और कतर के बीच बड़े पैमाने पर वृद्धि होने की संभावना जताई है। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर बदलते दौर के साथ दोनों देश अपने संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और कतर के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री की उपस्थिति में भारत और कतर के बीच दो समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, हम दो देश हैं, जो कतर और भारत दोनों देशों के लोगों के बेहतर भविष्य, अधिक समृद्धि और कल्याण के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। बदलते वैश्विक व्यापार परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि भारत और कतर दोनों ही देश अपने व्यापार और निवेश संबंधों में बड़े बदलाव के लिए तैयार हैं। उन्होंने सस्टेनेबिलिटी, उद्यमशीलता और एनर्जी को तीन प्रमुख स्तंभों के रूप में पहचाना जो आने वाले वर्षों में दोनों ही देशों की आर्थिक साझेदारी को आकार देने का काम करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ये तीन स्तंभ परिभाषित करेंगे कि हम इस बदलती दुनिया में एक साथ कैसे काम करेंगे, जहां हर 10 या 20 साल में हम विश्व व्यवस्था और व्यापार दोनों में बड़ा फेरबदल देखते हैं।

# भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में बंद, सेंसेक्स 29 अंक फिसला

**मुंबई(आईएएनएस)।** भारतीय घरेलू बेंचमार्क सूचकांक कारोबारी हफ्ते के दूसरे दिन मंगलवार को लाल निशान में बंद हुए। कारोबार के अंत में ऑटो, फार्मा और पीएसयू बैंक सेक्टर में बिकवाली दर्ज की गई। सेंसेक्स 29.47 अंक या 0.04 प्रतिशत की मार्जिनल गिरावट के साथ 75,967.39 पर बंद हुआ। यह अपने इंट्रा-डे लो लेवल 75,531.01 से लगभग 436.38 अंक अधिक था। इसी के साथ सेंसेक्स ने इंट्रा-डे हाई लेवल 76,091.69 को छुआ। निफ्टी 14.20 अंक या 0.06 प्रतिशत की मामूली गिरावट के बाद 22,945.30 पर बंद हुआ। सत्र के दौरान इंडेक्स 22,992.50 और 22,801.50 के बीच कारोबार करता रहा। निफ्टी बैंक 171.60 अंक या 0.35 प्रतिशत की गिरावट के बाद 49,087.30 पर बंद हुआ। कारोबार के अंत में निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 98.40 अंक या 0.20 प्रतिशत गिरने के बाद 49,751.45 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 244.65 अंक या 1.59 प्रतिशत गिरने के बाद 15,168.45 पर बंद हुआ। बाजार विशेषज्ञों ने कहा, ₹तकनीकी रूप से, डेली स्केल पर, निफ्टी ने मल्टीपल सपोर्ट जोन के पास हैमर कैंडलस्टिक पैटर्न बनाया है, जो मजबूती का संकेत देता है।

# नए फंड जुटाने के बावजूद बीटूबी ट्रेड प्लेटफॉर्म 'उड़ान' की वित्तीय मुश्किलें जारी




**बेंगलुरु(आईएएनएस)।** बीटूबी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म 'उड़ान' को फ्रेश फंड हासिल करने के बावजूद गंभीर वित्तीय चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि वित्त वर्ष 2024 में कंपनी का रेवेन्यू लगभग स्थिर रहा। कंपनी के वित्तीय आंकड़ों के अनुसार, इसका मूल्यांकन भी 59.3 प्रतिशत की तेज गिरावट के साथ 1.3 बिलियन डॉलर रह गया, जो इसके 3.2 बिलियन डॉलर के पीक से नीचे है। यह गिरावट तब आई है, जब 'उड़ान' ने सालभर में अपने घाटे में 19.4 प्रतिशत की कटौती की है। वित्त वर्ष 2024 में 'उड़ान' के जीएमवी में केवल 1.7 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो पिछले वित्त वर्ष के 5,609.3 करोड़ रुपये से बढ़कर 5,706.6 करोड़ रुपये हो गया। यह कंपनी के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि वित्त वर्ष 2022 में इसका जीएमवी 9,900 करोड़ रुपये से कहीं अधिक था। बेंगलुरु स्थित यह कंपनी मुख्य रूप से व्यापारिक वस्तुओं की बिक्री, प्लेटफॉर्म शुल्क, लॉजिस्टिक्स सेवाओं, क्रेडिट सेवाओं और विज्ञापन से राजस्व अर्जित करती है। हालांकि, व्यापारिक वस्तुओं की बिक्री इसके जीएमवी का 98.5 प्रतिशत है, जो इस राजस्व धारा पर भारी निर्भरता को दशार्ता है। स्थिर राजस्व के बावजूद, 'उड़ान' अपने वित्त का प्रबंधन करने के लिए आक्रामक रूप से लागत में कटौती कर रहा है। कंपनी ने प्रमुख क्षेत्रों में खर्च कम किया, जिसमें कर्मचारी लाभ शामिल है, जो 35.4 प्रतिशत कम था, लॉजिस्टिक्स और पैकेजिंग में 16.8 प्रतिशत की गिरावट आई और आउटसोर्स मैनपावर में 39.3 प्रतिशत की गिरावट आई। इस लागत-कटौती ने वित्त वर्ष 2024 में कुल खर्च को 4.4 प्रतिशत घटाकर 7,407.6 करोड़ रुपये करने में मदद की। हालांकि, सामग्री की लागत - कंपनी के लिए सबसे बड़ा खर्च - 4.2 प्रतिशत बढ़कर 5,576.8 करोड़ रुपये हो गया। 'उड़ान' के वित्तीय आंकड़ों के अनुसार, उसका घाटा 2,075.9 करोड़ रुपये से घटकर 1,674.1 करोड़ रुपये रह गया। परिचालन को जारी रखने की कोशिश में 'उड़ान' ने हाल ही में लाइटहाउस कैंटन, स्ट्राइड वेंचर्स, इनोवेन कैपिटल और ट्राइफेक्टा कैपिटल जैसे निवेशकों से 300 करोड़ रुपये की डेट फंडिंग जुटाई है।

# सबसे निचले स्तर पर ओला इलेक्ट्रिक के शेयर

**मुंबई(आईएएनएस)।** भाविश अग्रवाल की अगुआई वाली ओला इलेक्ट्रिक के शेयरों में गिरावट जारी रहने से निवेशकों पर भारी असर पड़ा है। कंपनी के शेयर के उच्चतम मूल्यांकन के बाद से अब तक करीब 40,000 करोड़ रुपये डूब चुके हैं। लिस्टिंग के बाद शुरूआती उछाल से 66,000 करोड़ रुपये के मूल्यांकन वाली कंपनी का बाजार पूंजीकरण अब घटकर 26,187.81 करोड़ रुपये रह गया है। पिछले साल अगस्त में 76 रुपये प्रति शेयर पर अपनी शुरूआत करने वाले इस शेयर पर लगातार बिकवाली का दबाव रहा है। यह मंगलवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 3 प्रतिशत से अधिक गिरकर 58.84 रुपये के अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। बढ़ते घाटे, घटते राजस्व, मौजूदा सेवा-संबंधी मुद्दों और भारतीय शेयर बाजार में व्यापक सुधार की चिंताओं ने शेयर में गिरावट में योगदान दिया है। पिछले सप्ताह, इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर फर्म ने अपने कंसोलिडेटेड शुद्ध घाटे में 50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो कि वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 376 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 564 करोड़ रुपये हो गया। इसी अवधि के दौरान फर्म का परिचालन राजस्व भी 19 प्रतिशत घटकर 1,296 करोड़ रुपये से 1,045 करोड़ रुपये रह गया।

# स्टील सेक्टर पर अमेरिकी टैरिफ का भारत पर नहीं पड़ेगा कोई बड़ा असर : क्रिसिल

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** क्रिसिल इंटेलिजेंस ने मंगलवार को कहा कि स्टील सेक्टर पर अमेरिकी टैरिफ का भारत पर कोई बड़ा असर पड़ने की संभावना नहीं है, क्योंकि इस वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में देश के कुल तैयार स्टील निर्यात का केवल 2 प्रतिशत ही अमेरिका को गया है। 12 मार्च से स्टील आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के अमेरिका के इस कदम का तीन गुना असर पड़ेगा, क्योंकि पहले कई तरह के टैरिफों की यह संख्या कम थी। क्रिसिल इंटेलिजेंस के निदेशक-शोध सेहुल भट्ट ने कहा, अमेरिका के इस कदम से स्थानीय उत्पादन बढ़ने के साथ ही इसके व्यापार भागीदारों के निर्यात में कमी आएगी, लेकिन भारत पर इसका कोई खास असर पड़ने की संभावना नहीं है, क्योंकि इस वित्त वर्ष के पहले 9 महीनों में भारत के कुल तैयार स्टील निर्यात का केवल 2 प्रतिशत ही अमेरिका को गया है। इसका दूसरा असर यह होगा कि निर्यातक इन्वेंट्री को बढ़ती वैश्विक प्रतिस्पर्धा के माहौल में एग्रेसिव कीमतों पर दूसरे आयातक देशों में भेजा जाएगा। परिणामस्वरूप भारत में स्टील की कीमतें और भी कम हो सकती हैं, जो पहले से ही 4 साल के निचले स्तर पर चल रही हैं। भट्ट ने कहा, इसका मतलब है कि भारत सरकार को घरेलू क्षमताओं का समर्थन करने के लिए सुरक्षा शुल्क के साथ कदम उठाना पड़ सकता है।

## बजट सत्र को को लेकर स्पीकर ने की बैठक, कहा

# प्रश्नों का सटीक उत्तर दें, आश्वासनों को पूरा करें

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने सरकार के विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। मंगलवार को अपने कक्ष में हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्पीकर ने अधिकारियों से कहा कि सदस्यों की ओर से पूछे गए सवालों का सटीक उत्तर उपलब्ध कराएं। सदन में सरकार की ओर से दिए गए आश्वासनों को पूरा कर विधानसभा को अवगत कराएं। स्पीकर ने कहा कि सत्र के दौरान सभी विभाग अपने वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराएं, ताकि संबंधित विभागों के मंत्रियों को अपने विभाग के उत्तर देने में आवश्यक और अद्यतन सूचनाएं प्राप्त हो सके। सदस्यों के स्वीकृत, अल्पसूचित और तारांकित प्रश्नों के उत्तर निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व सभा सचिवालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया और सदन में पेश होने वाले विधेयकों को तीन दिन पूर्व ही सभा सचिवालय को प्राप्त कराने का निर्देश दिया। ताकि सदस्यों को ससमय विधेयक उपलब्ध हो सके और सदन में पेश होने वाले विधेयक पर पारदर्शिता के साथ गहनतापूर्वक चर्चा हो सके।

बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता, प्रधान सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, प्रधान सचिव पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मस्त राम मीना, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग अजय कुमार सिंह, सचिव भवन निर्माण विभाग अरवा राजकमल, अपर सचिव भवन निर्माण विभाग विधान चंद्र चौधरी, सचिव श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभगा मुकेश कुमार, विशेष सचिव वित्त विभाग शशिभूषण मेहरा, सचिव सूचना, प्रोद्योगिकी विभाग विप्रा भाल के अलावे उपायुक्त रांची, आरक्षी अधीक्षक, यातायात, सिविल सर्जन, रांची के अलावा झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव माणिक लाल हेम्ब्रम उपस्थित रहे।



### विधानसभा में दिन-रात फहरेगा तिरंगा

अध्यक्ष ने भारतीय-झंडा संहिंता के नियमों के दायरे में झारखंड विधान सभा परिसर के अंदर स्थायी रूप से राष्ट्रीय ध्यज लगवाए जाने के लिए पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श भी किया।

### विधानसभा परिसर के चारों ओर सीसीटीवी से निगरानी


स्पीकर ने बजट सत्र को लेकर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, सुरक्षा व्यवस्था, सत्र के दौरान चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति, जीवन रक्षक दवा और एंबुलेंस की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। विधानसभा परिसर के चारों ओर सीसीटीवी कैमरा लगाने संबंधित निर्देश भी संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों को दिया गया।

## रक्षा राज्य मंत्री ने नई दिल्ली में डॉ शरीन से की मुलाकात

# रांची में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार व बेहतर बनाने पर की चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने नई दिल्ली में लिवर और पित्त विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ एसके शरीन और उनकी टीम से मुलाकात की। इस दौरान अस्पताल के डॉ बीबी रेवारी और डॉ कनिका कौशल भी मौजूद रहे। इस मुलाकात में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ शरीन से रांची में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और उसे बेहतर बनाने पर चर्चा की। प्रमुख रूप से रांची में बढ़ती फैटी लीवर और इससे जुड़ी अन्य समस्याओं पर चर्चा हुई। रक्षा राज्य मंत्री ने डॉ शरीन और उनकी टीम से आग्रह किया कि रांची में एक स्कैनिंग की व्यवस्था की जाए ताकि फैटी लीवर और उससे जुड़ी बीमारियों से लोगों का बचाव हो सके। रक्षा राज्य मंत्री की प्रस्ताव पर उन्होंने सहमति दी और कहा कि बहुत जल्द ही रांची लोकसभा क्षेत्र की जनता को निःशुल्क स्क्रीनिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस मुलाकात में रक्षा राज्य मंत्री और डॉक्टर शरीन ने भी फैटी लीवर की बढ़ती समस्या पर चिंता जताई और उसके रोकथाम के उपायों पर भी चर्चा की। मुलाकात के बाद रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि रांची में फैटी लीवर की समस्या कम हो सके। लोग स्वस्थ हो, इसके लिए डॉक्टर शरीन ने गंभीरता दिखाई है। बहुत जल्द ही उनकी टीम रांची के लोगों की स्क्रीनिंग की व्यवस्था करेगी ताकि लोग स्वस्थ रहें और यदि कोई समस्या हो तो उसका समय पर उपचार हो सके।



## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने दिल्ली में झारखंड के नवमनोनीत प्रभारी से की मुलाकात

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच की दूरी हो कम : के. राजू

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने मंगलवार को नई दिल्ली में झारखंड के नवमनोनीत प्रभारी के. राजू से मुलाकात की। इस अवसर पर उनके साथ मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, प्रदेश मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, केदार पासवान और रियाज अंसारी भी थे। कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने कहा कि संगठन के विस्तार और सशक्तिकरण के लिए किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच की दूरी कम होनी चाहिए। जिस आशा और विश्वास के साथ कार्यकर्ताओं ने जनता में संगठन की साख बचा रखी है, हमें उसी मजबूती के साथ कार्यकर्ताओं और जनता के साथ खड़े रहना है। किसी भी संगठन की ताकत उसके कार्यकर्ता ही होते हैं। संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की एकता पर ही निर्भर करती है, इसलिए हमें हर परिस्थिति में कार्यकर्ताओं को एकजुट रखकर संगठन को मजबूत बनाना है।



इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने प्रभारी के. राजू को संगठन द्वारा पिछले पांच महीनों के दौरान चलाए गए कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न जिलों में चलाए गए जय बापू, जय भीम, जय संविधान कार्यक्रम की जानकारी दी। विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस और महागठबंधन में शामिल अन्य दलों के साथ दी गई संयुक्त सात गारंटियों और कांग्रेस के घोषणा पत्र में किए गए वादों की भी पूरी जानकारी दी। इस संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से हुई चर्चा और कांग्रेस द्वारा किए जा रहे प्रयासों को बताया।

केशव महतो कमलेश ने कहा कि झारखंड में आगामी वित्तीय वर्ष के लिए पेश किए जाने वाले बजट के संदर्भ में आम लोगों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं, विधायकों-मंत्रियों से राय लेकर मुख्यमंत्री को अवगत करा दिया गया है और मुख्यमंत्री ने इस पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के समाधान के लिए कांग्रेस कोटे के मंत्रियों द्वारा कांग्रेस भवन में जनता दरबार लगाया जा रहा है। जनता दरबार से जन समस्याओं को समझने और उसे दूर करने की पहल से जनता के बीच कांग्रेस की स्वीकार्यता और संगठन के प्रति लोगों में विश्वास बढ़ा है। इस तरह का आयोजन जिला और प्रखंड स्तर पर भी करने का प्रयास आने वाले समय में किया जाएगा।

## छात्रोपयोगी वेब पोर्टल्स का मुख्यमंत्री ने किया अनावरण

# शिक्षा व्यवस्था को डिजिटल मोड में ले जाने का प्रयास : मंत्री सुदिव्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा विकसित 6 पोर्टल्स का अनावरण एवं रांची विज्ञान केंद्र अवस्थित नव प्रवर्तन केंद्र (इनोवेशन हब) का उद्घाटन किया। मौके पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि राज्य में उच्च शिक्षा की पहुंच को सरल बनाने के लिए 6 पोर्टल्स का अनावरण किया गया है।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में राज्य के बच्चों को दक्ष बनाना सरकार की प्राथमिकता है। दक्षता के क्षेत्र में झारखंड के विद्यार्थियों को आगे रखने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत विभिन्न पोर्टल्स का शुभारंभ होना एक सकारात्मक पहल है। इन पोर्टल्स के जरिए राज्य की शिक्षा व्यवस्था को डिजिटल मोड में ले जाने का प्रयास किया गया है। अब आवेदनों की लंबी परिपाटी और धीमा वर्क कल्चर के इतिहास से निकलना है। अब पोर्टल में किसका आवेदन पड़ा है यह सबके समक्ष प्रदर्शित होता रहेगा।

### रांची विज्ञान केंद्र के नव प्रवर्तन केंद्र का हुआ शुभारंभ



### इन पोर्टल का सीएम ने किया शुभारंभ

**वेतन निर्धारण पोर्टल :** विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के वेतन सत्यापन को सरल बनाने, त्रुटियों को कम करने एवं दक्षता में सुधार करने हेतु वेतन निर्धारण पोर्टल विकसित किया गया है।

**लर्निंग मैनेजमेंट पोर्टल :** ऑनलाइन मोड में शिक्षण और प्रशिक्षण सेवाओं का प्रबंधन करेगा एवं संस्थानों में चल रहे शैक्षणिक कार्यक्रमों, प्रशिक्षणों या शिक्षण और विकास कार्यक्रमों के प्रशासन, दस्तावेजीकरण आदि के प्रबंधन करने में मदद करेगा।

**निजी विवि प्रबंधन पोर्टल :** निजी विश्वविद्यालय पोर्टल राज्य में नए निजी विश्वविद्यालयों के स्थापना एवं प्रबंधन की प्रक्रिया को सरल बनाएगा।

**मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना पोर्टल :** उच्च एवं तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने, उच्च शिक्षण संस्थानों स्तर पर शोध को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लागू हेतु यह पोर्टल विकसित किया गया है। इससे विद्यार्थियों को फेलोशिप हेतु आवेदन एवं इसका लाभप्राप्त करने में आसानी होगी।

**अप्रेंटिस प्रबंधन पोर्टल :** राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों तथा विभागान्तर्गत अन्य संस्थानों में अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं का चयन करते हुए उन्हें प्रशिक्षित किया जाना है। उक्त प्रशिक्षुओं के चयन प्रक्रिया को सरल एवं सुलभ करने हेतु अप्रेंटिस प्रबंधन पोर्टल विकसित किया गया है।

**वित्त रहित कॉलेज अनुदान पोर्टल :** राज्य में वित्त रहित स्थायी संबद्धता प्राप्त महाविद्यालयों को अनुदान प्रदान करने की मौजूदा प्रक्रिया में न केवल समय लग रहा है, बल्कि निरीक्षण और सत्यापन के कई स्तर भी है। इस पोर्टल के विकसित होने से महाविद्यालयों को अनुदान प्रदान करने की प्रक्रिया सरल होगी और समय भी कम लगेगा।

## न्यूज बॉक्स

### झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल राज्यपाल से मिला



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को पुष्कर महतो के नेतृत्व में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की तथा विभिन्न विषयों से संबंधित एक ज्ञापन समर्पित किया।

### कृषि पाठशाला में लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं : शिल्पी नेहा



**रांची।** कृषि, पशुपालन व सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने समेकित बिरसा विकास योजना सह कृषक पाठशाला की नेपाल हाउस में समीक्षा बैठक की। बैठक में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की कृषि पाठशाला के लिए चयनित एजेंसी की सुस्ती को लेकर नाराज दिखीं। मंत्री ने साफ कहा कि इसमें किसी भी तरह की कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कृषि पाठशाला में बेड़ों के लिए चयनित एजेंसी को टर्मिनेट करने का निर्देश दिया गया है। एजेंसी को काम में लापरवाही और सुस्ती के लिए पहले ही शो कॉज किया गया था। बावजूद इसमें कोई सुधार नहीं हुआ। राज्य में फिलहाल 57 एजेंसी कृषि पाठशाला के लिए चयनित हैं। कृषि पाठशाला सीएम हेमंत सोरेन की ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल है। 25 से 27 एकड़ भूमि पर कृषि पाठशाला के निर्माण में जहां कुछ एजेंसियां बेहतर काम कर रही हैं, जबकि कई एजेंसियों को पहले भी शो कॉज किया जा चुका है। बेहतर कार्य नहीं करने वाले एजेंसियों को छह माह में कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि कृषि पाठशाला में कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग की आत्मा बसती है। कृषि पाठशाला का कैंपस विभाग की सारी योजनाओं का एक दर्पण की तरह है और इस दर्पण में विभाग का चेहरा हर हाल में बेहतर दिखना चाहिए। कृषि पाठशाला में किसानों के प्रशिक्षण से लेकर विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं का मॉडल तैयार किया जाता है। प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट के द्वारा कृषि पाठशाला की मॉनिटरिंग की जाती है।

### झारखंड के लाखों बेरोजगार युवा हक व अधिकार चाहते हैं : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है। श्री मरांडी ने कहा कि आज मुख्यमंत्री हेमंत ने कुछ 100-200 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा,करोड़ों रुपये खर्च कर भव्य आयोजन किया गया। कहा कि हेमंत जी के चाटुकारों द्वारा सबसे ज्यादा नौकरी देने वाले मुख्यमंत्री का ढोल भी पीटा जाएगा। लेकिन झारखंड के लाखों बेरोजगार युवाओं के कुछ सवाल हैं, जो अब भी अनसुलझे हैं। श्री मरांडी ने पूछा कि प्रतियोगी परीक्षा कैलेंडर कब जारी होगा जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति कब होगी?, जेएसएससी, सीजीएल पेपर लीक की जांच कहां तक पहुंची। मरांडी ने पूछा कि मुख्यमंत्री जी बताएं किस नियोजन नीति के तहत नियुक्तियां कर रहे हैं? झारखंड के युवाओं को कितना आरक्षण दिया गया? उन्होंने कहा कि हेमंत जी, युवाओं का भविष्य पीआर स्टंट और दिखावों से नहीं, बल्कि पारदर्शिता और जवाबदेही से संवरेगा। झारखंड के लाखों बेरोजगार युवा जुमलेबाजी नहीं, बल्कि अपना हक और अधिकार चाहते हैं।

### झारखंड में आतंकवाद की पाठशाला न लगने दे राज्य सरकार : प्रतुल शाहदेव



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने हेमंत सरकार से मांग की है कि वह झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों में आतंकवाद की पाठशाला ना लगने दे। प्रतुल ने उस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त किया जिसमें खुफिया तंत्र ने बताया कि पाकुड़ में बांग्लादेश के प्रतिबंधित संगठन जमात उल मुजाहिदीन बांग्लादेश का एक दुर्दांत आतंकवादी अब्दुल मनुन बांग्लादेश बांग्लादेश सीमा को पार कर पाकुड़ पहुंच गया था। उसने वहां दर्जनों स्थानीय युवकों को ट्रेनिंग दी थी। प्रतुल ने कहा यह बहुत ही गंभीर मामला है जब आतंकवादी झारखंड में आतंकवाद की पाठशाला लगा रहे हो और उनके जाने के बाद राज्य के खुफिया तंत्र को इसकी खबर लगती है। प्रतुल ने कहा राज्य सरकार को अविलंब इस मुद्दे पर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। स्थानीय स्तर पर जो लोग मदद कर रहे हैं उन पर भी कानून का शिकंजा कसे।

**राज्य में स्लीपर सेल का पुराना इतिहास,कड़ी कार्रवाई हो :** प्रतुल शाह देव ने कहा कि झारखंड में स्लीपर सेल का पुराना इतिहास रहा है। इसलिए हेमंत सरकार को पूरे ताकत से इसे कुचलना चाहिए। हाल ही में एक प्रतिष्ठित अस्पताल में स्लीपर सेल के रूप में कार्यरत एक डॉक्टर पकड़ा गया था। इसके अतिरिक्त लोहरदगा सहित अनेक जिलों में स्लीपर सेल का खुलासा हुआ है। बोध गया बम ब्लास्ट के तार भी रांची से जुड़े थे। हिंदपीढ़ी के एक लॉज से नौ बम बरामद हुए थे जो बोधगया बम ब्लास्ट में प्रयोग किए गए बमों के समान थे। धुर्वा से सटे सीठियो के जंगल में बमों को फोड़ने की ट्रेनिंग दी गई थी।प्रतुल ने कहा कि ये देश की सुरक्षा से जुड़ा विषय है। इसलिए हेमंत सरकार से अपेक्षा है कि वह पूरी ताकत लगाकर इन देश विरोधियों को कुचले।

## पृष्ठ एक के शेष

**सीओ समेत तीन अधिकारियों...**

2024 को कार्यालय निरीक्षण के दौरान तथा 8 फरवरी 2025 को बैठक में मामलों के ससमय निष्पादन का निर्देश देते हुए चेतावनी दी थी। हालांकि, इन चेतावनियों के बावजूद 62 मामलों का समय पर निष्पादन नहीं हो पाया।

**अपराधियों ने दिन दहाड़े...**

निरीक्षक महेन्द्र कर्मसाली घटनास्थल पर पहुंचे और आवश्यक जांच-पड़ताल शुरू की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, और फॉरेंसिक टीम को मौके से अहम साक्ष्य इकट्ठा करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही हत्या के कारणों का खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

**सीएम सोरेन ने दिया 289...**

सरकार राज्य के विकास प्रति समर्पित हैं और उनके नेतृत्व में हमलोग कदम बढ़ा चुके हैं। मौके पर मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा कि सरकार नगर के विकास के प्रति प्रतिबद्ध है। राज्य के एक चौथाई आबादी शहरों में निवास करती है। शहरी क्षेत्र राज्य के विकास का चेहरा होता है। निकाय क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर्स की चुनौती है। सड़क, नाली ट्रांसपोर्टेशन की चुनौती है। ग्रामीण क्षेत्रों से लोग आजीविका की तलाश में शहर आते हैं, जिससे शहरों की भौगोलिक संरचना चुनौती के रूप में उभरती है। आप सभी के ऊपर दायित्व है कि शहरों के इंफ्रास्ट्रक्चर्स को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाएं। अर्बन एरिया में टेक्निकल लोगों की आवश्यकता है। पहले झारखंड में टाउन प्लानर की नियुक्ति होती थी, लेकिन पहली बार सहायक टाउन प्लानर की नियुक्ति वर्तमान सरकार में हो रही है। आप सभी को मेरी शुभकामनाएं और पूरी लगन एवं सुनियोजित नतीजे से सक्रिय होकर अपने कार्यों को अंजाम दें और शहरों के विकास में झारखंड सरकार का साथ दें। नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने कहा कि आज खुशी का दिन है । सरकार द्वारा इस वर्ष नियुक्तियां शुरू हो गई हैं। सरकार के द्वारा निकाय क्षेत्रों में विकास कार्य किए जा रहे हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। नगर निकाय सहित विभिन्न सेक्टर में प्रतिभावान लोगों की जरूरत है। आप अपना काम तत्परता और पारदर्शिता के साथ करेंगे, ऐसी उम्मीद है। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, निदेशक सूडा अमित कुमार, अपर सचिव ज्ञानेंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं नवनियुक्त अभ्यर्थी उपस्थित थे।

**जनहित के कार्य में अहम भूमिका निभाएं : सुदिव्य**

नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि आज इस प्रोजेक्ट बिल्डिंग से 289 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। आखों में सुनहरी चमक लेकर आप उज्वल भविष्य की ओर पहला कदम बढ़ा रहे हैं। शहरीकरण दिनों-दिन तेजी से बढ़ रहा है। लोग बेहतर शिक्षा एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से निकल कर शहरों की तरफ आ रहे हैं। शहरों के इंफ्रास्ट्रक्चर्स को हम मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम शहरों के विकास के मानकों के आधार पर अपने निकायों को संचालित करने का प्रयास कर रहे हैं। आज बहुत खुशी का दिन है कि तमाम राजनीतिक झंझावातों को पार करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड के बच्चों को नियुक्ति देने में सफल रहे हैं। हेमंत सरकार 2.0 के तीसरे महीने में हमने नियुक्तियों का कारवां शुरू कर दिया है। उन्होंने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को कहा कि नगर विकास मंत्री के तौर पर मेरी भी कुछ अपेक्षाएं आप से हैं। आज आपके लंबे सरकारी जीवन की शुरूआत हो रही है। सरकार के जनहितकारी इरादों को साकार करने में आपकी भूमिका एक अधिकारी और कर्मचारी के तौर पर बहुत महत्वपूर्ण है और आपसे बेहतर सेवाओं की उम्मीद है। आप सिस्टम का एक बेहतर पार्ट बनने आए हैं।

**289 नियुक्तियों में 174 राजस्व निरीक्षक :** कार्यक्रम में गार्डेन अधीक्षक, वेटनरी ऑफिसर, सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर, सेनेटरी सुपरवाइजर, राजस्व निरीक्षक एवं विधि सहायक के पदों पर कुल 289 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। गार्डेन अधीक्षक के 09, वेटनरी ऑफिसर के 08, सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर के 12, सेनेटरी सुपरवाइजर के 42, राजस्व निरीक्षक के 174 एवं विधि सहायक के 44 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। ज्ञात हो कि राज्य सरकार लगातार विभिन्न विभागों में नियुक्ति कर रही है। इससे पहले, नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत कार्यपालक पदाधिकारी/सहायक नगर आयुक्त/विशेष पदाधिकारी, सहायक नगर निवेशक तथा लेखा पदाधिकारी सहित सहायक अभियंताओं, कनीय अभियंताओं, स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर एवं पाइप लाइन इंस्पेक्टर सहित कुल-491 अभ्यर्थियों की नियुक्ति जा चुकी है।

**सीएम ने किया 6 छात्रोपयोगी वेब पोर्टल का अनावरण**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन प्रोजेक्ट भवन सभागार में मंगलवार को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के छात्रों के लिए उपयोगी वेब पोर्टल्स का अनावरण किया। मुख्यमंत्री रांची विज्ञान केंद्र के नव प्रवर्तन केंद्र के शुभारंभ समारोह एवं झारखंड अनुसंधान तथा नवाचार नीति-2025 के लिए आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में भी शामिल हुए। सीएम सोरेन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। छात्रों के लिए उपयोगी जिन वेब पोर्टल का अनावरण हुआ है, उसमें वेतन निर्धारण पोर्टल, लर्निंग मैनेजमेंट पोर्टल, निजी विश्वविद्यालय प्रबंधन पोर्टल, मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना पोर्टल, अप्रेंटिस प्रबंधन पोर्टल, वित्त रहित कॉलेज अनुदान पोर्टल शामिल हैं।

**नेतरहाट में बच्चा हत्याकांड का...**

प्रशिक्षण के लिए आए पुलिस कर्मी चंद्र देव यादव का कुछ दिन पूर्व मासूम के पिता के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान आरोपी ने बच्चे के पिता को धमकी दिया था कि इसका गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा। बाद में उसे जंगल वार फेयर स्कूल से वापस बोकारो भेज दिया गया था। मामले की छानबीन में पुलिस को पता चला कि आरोपी रविवार की रात को मोटरसाइकिल से नेतरहाट आया था। इसके बाद पुलिस की टीम ने आरोपी को बोकारो से जाकर गिरफ्तार कर लिया। संभावना जताई जा रही है कि आरोपी ने ही बच्चे को घर से उठाकर ले गया और उसकी बेरहमी से हत्या कर दिया। फिलहाल पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करते हुए अन्य सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की छानबीन कर रही है। हत्याकांड उद्भेदन में महुआडांड़ डीएसपी शिवपूजन बहेलिया ,नेतरहाट थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने टीम गठित कर नेतरहाट से बोकारो जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

**पूजा सिंघल बनीं सूचना व...**

है। उन्हें झारखंड कम्युनिकेशन नेटवर्क लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी का भी अतिरिक्त प्रभार मिला है। 2006 बैच की आईएएस अधिकारी विप्रा भाल को परिवहन विभाग का सचिव बनाया गया है। उन्हें परिवहन आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। 2008 बैच के अरवा राजकमल को सबसे ज्यादा जिम्मेदारी मिली है। भवन निर्माण विभाग के सचिव के अलावा खान एवं भूतत्व विभाग और उद्योग विभाग के सचिव का भी अतिरिक्त प्रभाव मिला है। जेएसएमडीसी के अध्यक्ष का भी प्रभार मिला है। 2008 बैच के सचिव जितेंद्र सिंह को खान एवं भूतत्व विभाग से हटाकर श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग का सचिव बनाया गया है। 2011 बैच की राजेश्वरी बी. को वित्त विभाग के विशेष सचिव की जिम्मेदारी मिली है। वित्त विभाग के संयुक्त सचिव सौरव कुमार भुवानिया को झारखंड अन्वेषण एवं खनन निगम लिमिटेड के एमडी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा में नव चयनित कंचन सिंह को जेएसएलपीएस के सीईओ की जिम्मेदारी दी गई है। आईएएस में नवचयनित और प्रतीक्षारत धनंजय कुमार सिंह को वित्त विभाग का संयुक्त सचिव बनाया गया है। नव चयनित आईएएस सीता पुष्पा को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। आईएएस में नवचयनित विजय कुमार सिन्हा को उत्पाद आयुक्त बनाया गया है। उन्हें झारखंड राज्य बेवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के एमडी का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। नवचयनित प्रीति रानी को उद्योग विभाग का संयुक्त सचिव और राजेश प्रसाद को माध्यमिक शिक्षा का निदेशक बनाया गया है।

**महंगाई भत्ते में 7 से 12...**

विधानसभा के बजट सत्र के दौरान लाया जाएगा।

**कैबिनेट के अन्य फैसले :**

- झारखंड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाई (एमएसएमई) विशेष छूट विधेयक-2025 के गठन की मिली स्वीकृति।
- बिहार राज्य औद्योगिक विकास निगम (बीएसआईडीसी) एवं बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि (बीएसईडीसीएल) से संबंधित आस्तियों एवं दायित्वों के बंटवारे की स्वीकृति दी गई।
- सुनील कुमार तत्कालीन उप निदेशक भूमि संरक्षण अनुसंधान केंद्र डेमोटांड़, हजारीबाग-सह-निदेशक 'समेति' संप्रति सेवानिवृत्त द्वारा समर्पित विभागीय संकल्प संख्या-488 दिनांक-21.02.2024 के माध्यम से अधिरोपित दंड पर पुनर्विचार संबंधी आवेदन को अस्वीकृत किए जाने की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड जगुआर (एसटीएफ) में प्रतिनियुक्त स्व. राजेश कुमार, तत्कालीन उप समादेष्टा, 84वीं वाहिनी, सीमा सुरक्षा बल के आश्रित को सेवांत लाभों के भुगतान की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड कारखाना (संशोधन) नियमावली, 2023 के प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद की स्वीकृति दी गई।
- राज्य के चयनित सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में बाजार मांगों के अनुसार नवीनतम तकनीकि जानकारी ऑटोमोबाईल निर्माण व्यवसायों में प्रदान करने के लिए झारखंड वित नियमावली के नियम 235 को नियम 245 के तहत शिथिल करते हुए मनोनयन के आधार पर मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड, कॉरपोरेट ऑफिस प्लॉट नं.-01, नेल्सन मंडेला रोड, बसंत कुंज, नई दिल्ली के सहयोग से सीएसआर के तहत समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षर करने के लिए मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति दी गई।
- डब्ल्यूपी (एस) नंबर-3600/2021 प्रेम कुमार सिंह एवं अन्य में झारखंड हाईकोर्ट द्वारा पारित न्यायादेश दिनांक 20.09.2022 एवं इससे उद्भूत अवमाननावाद संख्या-147/2023 में पारित आदेश के अनुपालन के लिए वादीगण की सेवा नियमितीकरण की स्वीकृति दी गई।

# यूनुस सरकार ने बांग्लादेश को बना दिया आतंकवाद का गढ़ : शेख हसीना

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



**यूनुस** ने सभी जांच समितियों को भंग कर दिया और लोगों की हत्या करने के लिए आतंकवादियों को छोड़ दिया

**छात्र** लीग हसीना की आवामी लीग पार्टी की स्टूडेंट विंग है जिस पर 23 अक्टूबर 2024 को प्रतिबंध लगाया है

बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर देश को आतंकवाद और अराजकता का केंद्र बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने पीड़ित परिवारों की मदद करने और उन्हें इंसाफ दिलाने का आश्वासन देते हुए घर लौटने की कसम खाई। पूर्व पीएम के मुताबिक नोबेल पुरस्कार विजेता ने खुदा कहते हैं कि उन्हें देश चलाने का कोई अनुभव नहीं तो फिर उन्हें ऐसा करने से बचना चाहिए। हसीना ने यूनुस पर आरोप लगाया कि पिछले वर्ष उनके कोटा सुधारों के खिलाफ छात्रों के नेतृत्व में हुए हिंसक आंदोलन के दौरान दर्जनों पुलिस अधिकारियों की हत्या हुई लेकिन यूनुस चुप रहे और अराजकता को पनपने दिया।

पूर्व पीएम ने कहा, "यूनुस ने सभी जांच समितियों को भंग कर दिया और लोगों की हत्या करने के लिए आतंकवादियों को छोड़ दिया। वे बांग्लादेश को खत्म कर रहे हैं। हम आतंकवादियों की इस सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। इंशाअल्लाह। हसीना पिछले कुछ समय से अपनी पार्टी आवामी लीग के कार्यकर्ताओं को संबोधित और उनसे संपर्क स्थापित कर रही हैं। वहीं अंतरिम सरकार और प्रदर्शनकारी संगठन इससे खासे परेशान हैं। वे हसीना और उनके समर्थकों के बीच कोई संपर्क नहीं चाहते हैं। इसे रोकने के लिए वे हिंसक तरीकों का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। हाल ही में राजधानी ढाका के धानमंडी 32 स्थित शेख मुजीबुर रहमान के तीन मंजिला मकान में तोड़फोड़ और आगजनी की गई और उस पर बुलडोजर चलवा दिया गया। छात्रों का गुस्सा अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की इस घोषणा से फूटा कि वह 'छात्र लीग' संगठन के सदस्यों के साथ एक वर्चुअल सत्र में शामिल होंगी।

छात्र लीग हसीना की आवामी लीग पार्टी की स्टूडेंट विंग है जिस पर 23 अक्टूबर 2024 को प्रतिबंध लगा दिया गया। बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीब के जिस घर में तोड़फोड़ की गई उसे उनकी बेटी शेख हसीना ने म्यूजियम में बदल दिया था।

## छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव का कांग्रेस से सवाल, 'सैम पित्रोदा को पार्टी से निष्कासित करेंगे?

**रायपुर (आईएएनएस)।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष और राहुल गांधी के करीबी सैम पित्रोदा के



चीन को लेकर दिए गए बयान पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के हाथ सीधे तौर पर अलगाववादियों, देश के दुश्मनों के साथ हैं। कांग्रेस ने सैम पित्रोदा को शायद देश के दुश्मनों का हाथ मजबूत करने के लिए ही रखा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस से पूछा कि क्या अगर उनकी पार्टी सैम पित्रोदा के बयान से सहमत नहीं है तो क्या उन्हें पार्टी से निष्कासित करेगी? दरअसल, इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में कहा था कि भारत को अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत है और यह धारणा छोड़ने की जरूरत है कि चीन दुश्मन है। उनके इस बयान पर भाजपा लगातार कांग्रेस पर हमलावर है।

## किर्गिस्तान : बढ़ रहे फ्लू के मामले स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति पर नजर रख रहा स्वास्थ्य मंत्रालय

**बिश्केक (आईएएनएस)।** किर्गिस्तान में श्वसन वायरस संक्रमण (एआरवीआई) और फ्लू के मामले बढ़ रहे हैं। इसके चलते स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति पर नजर रखी जा रही है। यह जानकारी स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। 10 से 16 फरवरी के बीच एआरवीआई के 10,796 और फ्लू के 73 मामले सामने आए, जो पिछले हफ्ते की तुलना में 3 प्रतिशत ज्यादा हैं। संक्रमित लोगों में से करीब 4.4 प्रतिशत को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। रिपोर्ट में बताया गया कि दिसंबर 2024 के मध्य से फ्लू सीजन में इन्फ्लूएंजा ए/एच1एन1/2009, इन्फ्लूएंजा बी और कोविड-19 की उपस्थिति रहेगी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, महामारी विरोधी उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने और प्रकोप को रोकने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति की निगरानी शुरू कर दी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, फ्लू एक तेज श्वसन संक्रमण है जो इन्फ्लूएंजा वायरस से होता है। यह दुनिया भर में आम है और ज्यादातर लोग बिना इलाज के ठीक हो जाते हैं।

## फिलीपींस तटरक्षक ने चीनी नौसेना पर लगाया खतरनाक फ्लाइट ऑपरेशन का आरोप लगाया

**मनीला (आईएएनएस)।** फिलीपींस तटरक्षक ने मंगलवार को चीनी नौसेना पर खतरनाक फ्लाइट ऑपरेशन का आरोप लगाया। चीनी हेलीकॉप्टर ने दक्षिण चीन सागर में एक विवादित तट पर गश्त कर रहे फिलीपींस के सरकारी विमान के करीब से उड़ान भरी थी। तटरक्षक ने एक बयान में कहा, "इस लापरवाह कार्रवाई ने पायलटों और यात्रियों की सुरक्षा के लिए गंभीर जोखिम पैदा किया। फिलीपीन तटरक्षक ने कहा कि सरकारी मत्स्य पालन विमान मंगलवार को 'स्कारबोरो शोल' के ऊपर एक 'समुद्री डोमेन जागरूकता' उड़ान भर रहा था। यह इलाका फिलीपींस के विशेष आर्थिक क्षेत्र के अंदर स्थित एक चट्टानी एटोल और मछली पकड़ने का प्रमुख क्षेत्र है। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी का हेलीकॉप्टर विमान के तीन मीटर के करीब से गुजरा। फिलीपीन तट रक्षक ने दावा किया कि यह विमानन नियमों का 'स्पष्ट उल्लंघन और घोर उपेक्षा' है। चीनी सेना के दक्षिणी थिएटर कमांड ने कहा कि फिलीपीन विमान ने चीन के हवाई क्षेत्र में 'अवैध रूप से घुसपैठ' की।

## गुजरात में स्थानीय निकायों के चुनाव में भाजपा ने लहराया परचम

### जूनागढ़ महानगर पालिका में भाजा की हैट्रिक

**अहमदाबाद (हि.स.)**

राज्य में पहली बार 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण के साथ हो रहे स्थानीय निकायों के चुनाव परिणाम मंगलवार को घोषित हो गए। राज्य के 66 नगरपालिकाओं और जूनागढ़ महानगर पालिका के चुनाव में भाजपा ने परचम फहराया। भाजपा ने जहां 62 नगर पालिकाओं पर जीत दर्ज की, वहीं कांग्रेस ने एक पर विजय प्राप्त की। अन्य पांच नगरपालिकाओं में अन्य दलों को जीत मिली। निकाय चुनावों की मतगणना बुधवार सुबह से ही अलग-अलग स्थानों पर शुरू हुई। इसमें 66 नगरपालिका के सामान्य चुनाव और दो नगरपालिका के मध्यावधि चुनाव परिणाम में भाजपा को 62 वहीं, कांग्रेस को एक नपा पर जीत मिली है। बाकी पांच नगरपालिका के चुनाव परिणाम में अन्य पार्टियों का दबदबा देखने को मिला है। नगर पालिका चुनावों के परिणाम में भाजपा को पार्षद की 1341 सीट, कांग्रेस को 252, आम आदमी पार्टी को 27, बीएसपी को 18 और निर्दलीयों को 156 सीटें मिलीं। सूरत महानगर पालिका की एक पार्षद सीट पर हुए उप चुनाव में भाजपा के जीतूभाई काछड विजयी हुए। उन्होंने कांग्रेस के संजय रामानंद (बावाजी) को हराया है।

राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक 66 नगरपालिका में 61.5 फीसदी मतदान हुआ था, जो कि वर्ष 2018 की तुलना में 3.35 फीसदी कम था। वर्ष 2018 में 75 नगरपालिका के चुनाव में औसत 65 फीसदी मतदान हुआ था। इस बार के चुनाव में नगरपालिका पार्षद की 1844 सीटों में से 167 सीटों निर्विरोध पार्षद चुने गए हैं। इस वजह से 66 नगर पालिका के 1677 पार्षद सीट के लिए 4,374 उम्मीदवारों के लिए मत डाले गए थे। निर्विरोध सीटों में भाजपा को 162, कांग्रेस को एक और अन्य को चार पार्षद की सीट मिली हैं।

## गाजा में मानवीय जरूरतें बहुत अधिक : संयुक्त राष्ट्र



**संयुक्त राष्ट्र (आईएएनएस)।** मानवतावादियों का कहना है कि गाजा में मानवीय जरूरतें बहुत ज्यादा हैं। यह भी कहा कि वेस्ट बैंक में जारी इजरायली अभियान से अभी भी हताहतों की संख्या बढ़ रही है। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) के अनुसार, "संयुक्त राष्ट्र और उसके मानवीय साझेदार गाजा पट्टी में जीवन रक्षक सहायता पहुंचाना जारी रखे हुए हैं, लेकिन जरूरतें बहुत अधिक हैं, जिसके लिए तत्काल और निरंतर सहायता की आवश्यकता है।" ओसीएचए ने कहा कि फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने रिपोर्ट किया है कि गाजा शहर के अल शिफा और अल रंतिसी समेत पूरे गाजा के अस्पतालों में इमरजेंसी, सर्जिकल और गहन देखभाल सेवाओं को चालू रखने के लिए ऑक्सीजन की आपूर्ति की बहुत जरूरत है।

## इजरायल ने लेबनान से वापस बुलाई अपनी सेना



**बेरूत (आईएएनएस)।** इजरायल की सेना दक्षिणी लेबनान के गांवों से हट गई है, लेकिन पांच स्थानों पर अब भी मौजूद है। हिजबुल्लाह के साथ युद्ध विराम समझौते के तहत सेना वापसी की समय सीमा मंगलवार को समाप्त हो गई। इजरायल ने लेबनान से सेना की पूरी वापसी को 18 फरवरी तक के लिए टाल दिया था। वह शुरुआती समय सीमा तक ऐसा करने से चूक गया था। हिजबुल्लाह के महासचिव नईम कासिम ने सोमवार को कहा था कि इजरायल को 18 फरवरी (मंगलवार) तक लेबनान से पूरी तरह हट जाना चाहिए। उन्होंने इजरायल के पांच प्वाइंट पर बने रहने के विचार को भी खारिज कर दिया। कासिम ने कहा, "कोई पांच प्वाइंट या कुछ और नहीं... यही समझौता है।

## पीएम मोदी ने रामकृष्ण परमहंस को किया नमन

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने त्याग और तपस्या की प्रतिमूर्ति स्वामी रामकृष्ण परमहंस की 189वीं जयंती पर उन्हें नमन किया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इस संबंध में एक वीडियो पोस्ट भी शेयर किया। पीएम मोदी ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा, "सभी देशवासियों की ओर से स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी को उनकी जयंती पर शत-शत नमन। पीएम मोदी द्वारा शेयर किए गए वीडियो में उनके कई शॉट्स हैं। इसमें वहस्वामी रामकृष्ण परमहंस की मूर्ति पर माल्यार्पण और नमन करते दिखाई दे रहे हैं। पीएम मोदी ने वीडियो में कहा, "स्वामी रामकृष्ण परमहंस एक ऐसे संत थे जिन्होंने मां काली का स्पष्ट साक्षात्कार किया था। जिन्होंने मां काली के चरणों में अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया था। वह कहते थे ये संपूर्ण जगत यह चराचर सब कुछ मां की चेतना से व्याप्त है। यही चेतना बंगाल की काली पूजा में थी। यही चेतना बंगाल और पूरे भारत की आस्था में भी खुल गई। इसी चेतना और शक्ति के एक कुंज को स्वामी विवेकानंद जैसे युग पुरुषों के रूप में स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने प्रदीप्त किया था। मैं गुरुदेव रामकृष्ण परमहंस को उनके श्री चरणों में प्रणाम करता हूं। बता दें कि रामकृष्ण परमहंस का जन्म 18 फरवरी 1836 को बंगाल प्रांत के कामारपुकुर गांव में फाल्गुन शुक्ल की द्वितीया तिथि को हुआ था।

## यूक्रेन संकट के समाधान के लिए रियाद में रूस-अमेरिका वार्ता शुरू, कीव नहीं शामिल

**रियाद (आईएएनएस)**



सऊदी अरब में रूसी और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों की युक्रेन युद्ध को लेकर बैठक शुरू हो गई है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव रियाद में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात कर रहे हैं, लेकिन यूक्रेन या किसी भी यूरोपीय देश को वार्ता में आमंत्रित नहीं किया गया। अमेरिका के मुताबिक वार्ता यह जानने के लिए पहला कदम है कि क्या रूस युद्ध समाप्त करने के लिए 'गंभीर' है, जबकि रूस का कहना है कि इसका लक्ष्य अमेरिका के साथ संबंधों को सामान्य बनाना है। वहीं यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि वह उन वार्ताओं पर आधारित किसी भी समझौते को मान्यता नहीं देंगे जिनमें वह शामिल नहीं है।

अमेरिकी-रूस प्रतिनिधियों की यह बैठक यूरोपीय नेताओं के लिए भी एक झटका है जो कि यूक्रेन संकट के समाधान में एक बड़ी भूमिका निभाना चाहते हैं। यूरोपीय नेताओं ने सोमवार को पेरिस में एक आपातकालीन शिखर सम्मेलन आयोजित किया। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर ने कहा कि वे स्थायी शांति समझौते की स्थिति में यूक्रेन में ब्रिटेन के सैनिकों को भेजने पर विचार करेंगे, लेकिन अन्य देश इसके लिए अनिच्छुक थे। अगले सप्ताह रूस की तरफ से यूक्रेन पर किए गए पूर्ण पैमाने के सैन्य आक्रमण तीन वर्ष पूरे हो जाएंगे।

मौजूदा स्थित यह है कि मॉस्को का पूर्वी डोनबास क्षेत्र के बड़े भाग पर कब्जा बरकरार है। रूसी सेना ने हाल ही में कुराखोव शहर को भी अपने नियंत्रण में ले लिया है और उत्तर-पूर्व की ओर पोक्रोवस्क शहर की तरफ बढ़ना जारी रखे हुए है। उधर यूक्रेन रूस के सैनिकों को महत्वपूर्ण नुकसान पहुंचा रहा है, जिससे पूर्वी मोर्चे पर मॉस्को का आक्रमण धीमा पड़ रहा है। यूक्रेन का दूसरा सबसे बड़ा शहर खारकीव रूसी तोपखाने की सीमा से बाहर है। इस महीने की शुरुआत में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की ने एक क्षेत्र अदला-बदली का सुझाव दिया। उनके सुझाव में रूस के कुर्स्क सीमा क्षेत्र में हाल के महीनों में यूक्रेन द्वारा कब्जा किए गए क्षेत्र और 2014 से डोनेट्स्क और लुगांस्क में रूस समर्थित लड़ाकों द्वारा कब्जा की गई भूमि शामिल थी।

## यूरोप को यूक्रेन का समर्थन जारी रखना चाहिए : जर्मन चांसलर



**पेरिस (आईएएनएस)।** जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ ने कहा कि यूरोप को यूक्रेन का समर्थन जारी रखना चाहिए साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यूक्रेन पर कोई तानाशाही शांति नहीं थोपी जा सकती। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को यह भरोसा होना चाहिए कि यूरोप उसके साथ खड़ा है और उसकी मदद करता रहेगा। स्कोल्ज़ ने यह बयान एक आपातकालीन बैठक के बाद दिया, जिसे फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन ने बुलाया था। यह बैठक रूस और अमेरिका के बीच होने वाली वार्ता से पहले हुई।

## सूडान संकट : सेना का दावा, अर्धसैनिक बलों के खिलाफ मिली बड़ी कामयाबी

**खार्तूम (आईएएनएस)**

सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) ने दावा किया है कि उसने विभिन्न मोर्चों पर अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। राजधानी खार्तूम के उत्तर में बहरी शहर की लड़ाई में, एसएएफ ने आरएसएफ के अंतिम गढ़, काफौरी क्षेत्र पर पूर्ण नियंत्रण कर लिया। एसएएफ ने अपने फेसबुक पेज पर एक बयान में कहा, "एसएएफ के विशेष बल लगातार आगे बढ़ रहे हैं ... काफौरी में सफल, गहन अभियानों के बाद, मिलिशिया बलों के क्षेत्र को साफ कर रहे हैं।

काफौरी क्षेत्र पर कब्जा करना सेना के अभियान में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।काफौरी आरएसएफ के लिए एक प्रमुख गढ़ था। इसका इस्तेमाल ओमदुरमान में सेना के कब्जे वाले इलाकों पर तोपखाने से हमला करने के लिए किया जा रहा था। एसएएफ ने यह ऐलान भी किया कि उसने उत्तरी कोर्डोफन राज्य के अल-राहद शहर पर नियंत्रण कर लिया है। अल-राहद राज्य का दूसरा शहर है जिस पर सेना ने फिर से कब्जा कर लिया है। इससे पहले 30 जनवरी को राज्य के दूसरे सबसे बड़े शहर उम रुवाबा को सेना ने नियंत्रण में ले लिया था। अल-राहद उत्तरी कोर्डोफन राज्य की राजधानी एल ओबेद से लगभग 30 किमी पश्चिम में स्थित है। प्रमुख सड़कों के चौराहे पर स्थित होने के कारण यह शहर रणनीतिक महत्व रखता है।

## अब नाटो के एशियाई संस्करण की है जरूरत : चुंग मोंग-जून

**सोल (आईएएनएस)**

एशियाई नीति अध्ययन संस्थान के संस्थापक और मानद अध्यक्ष चुंग मोंग-जून ने एशियाई नाटो की वकालत की। उन्होंने क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा बढ़ाने के लिए दक्षिण कोरिया में सामरिक परमाणु हथियारों की फिर से तैनाती का भी सुझाव दिया।

दक्षिण कोरिया के पूर्व राजनीतिज्ञ चुंग ने कहा, "अमेरिका, उसके सहयोगियों और साझेदारों को उत्तर कोरिया, चीन और रूस के सैन्य दुस्साहस को रोकने के लिए विश्वसनीय संकल्प दिखाने की जरूरत है। हमें नाटो का एशियाई संस्करण चाहिए। हम इसे इंडो-पैसिफिक संधि संगठन (आईपीटीओ) कह सकते हैं।"दक्षिण कोरिया के प्रमुख दैनिक 'द कोरियन हेराल्ड' ने वाशिंगटन में जॉन्स हॉपकिंस यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ एडवांस्ड इंटरनेशनल स्टडीज के एक कार्यक्रम में चुंग के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट में विस्तार से बताया गया कि चुंग ने सुझाव दिया कि अमेरिका, उसके सहयोगी - दक्षिण कोरिया, जापान, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, थाईलैंड के साथ-साथ भारत और इंडोनेशिया जैसे साझेदारों को सुरक्षा सहयोग मजबूत करना चाहिए और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के सभी देशों की संप्रभुता सुनिश्चित करनी चाहिए। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल हिंद-प्रशांत क्षेत्र के अन्य सहयोगियों के साथ जुलाई 2024 में तीसरी बार वाशिंगटन में नाटो शिखर सम्मेलन में शामिल हुए थे।

# 'परीक्षा पे चर्चा' 2025 का समापन, मेधावी छात्रों ने शेयर किए अपने अनुभव व सफलता के टिप्स

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा 2025' का आखिरी एपिसोड मंगलवार को प्रसारित किया गया। इस कार्यक्रम के आठवें संस्करण में सीबीएसई, आईसीएसई, यूपीएससी सिविल सेवा, सीएलएटी और आईआईटी-जेईई जैसी प्रमुख परीक्षाओं के टॉपर्स ने छात्रों के साथ अपने अनुभव और सफलता के टिप्स शेयर किए। इस विशेष एपिसोड में कई उपलब्धि हासिल करने वाले छात्रों ने भाग लिया, जिसमें आईएससी टॉपर शुचिस्मिता अधिकारी, मणिपुर विश्वविद्यालय से एमबीबीएस स्नातक बी निष्ठा, आईआईटी दिल्ली के टॉपर और पूर्व (पीपीसी) प्रतिभागी आशीष वर्मा, राधिका सिंघल (सीबीएसई टॉपर 2022-23), वाविलाला चिदविलास रेड्डी (आईआईटी-जेईई एडवांस्ड एआईआर-1, 2023), जय कुमार बोहरा (सीएलएटी एआईआर-1, 2024), अरमानप्रीत सिंह (एनडीए एआईआर-1, 2024) और इशिता किशोर (यूपीएससी एआईआर-1, 2022) का नाम शामिल है। प्रत्येक टॉपर ने अपनी यात्रा के बारे में छात्रों के साथ कीमती जानकारी साझा की और बताया कि उन्होंने अपनी तैयारी के दौरान आने वाली चुनौतियों का कैसे सामना किया।बी निष्ठा ने परीक्षा की तैयारी के दौरान महसूस होने वाले दबाव और तनाव के साथ ही उससे कैसे निपटें, इसके बारे में भी बताया। उन्होंने कहा, "जो सबसे पहला तनाव हमें महसूस होता है, वह सिलेबस को लेकर होता है। हमें क्या पढ़ना है, कब तक पढ़ना है, यह तय करना मुश्किल हो सकता है। प्राथमिकता तय करना और समय-समय पर बदलाव करना बहुत जरूरी है। मुझे नोट्स बनाना कभी फायदेमंद नहीं लगा, लेकिन मैंने फ़्लोचार्ट और छोटे पॉइंट्स बनाए, जो मुझे ज्यादा मददगार लगे। हर छात्र की तैयारी का तरीका अलग होता है। यह आपकी काफी मदद कर सकता है। परीक्षाओं से जुड़ी तनाव और डर के बारे में बात करते हुए यूपीएससी टॉपर इशिता ने कहा, "जब भी हम परीक्षाओं के बारे में सोचते हैं, तो डर महसूस होता है। लेकिन उस डर को मात देना जरूरी है।" परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के पहले प्रतिभागियों ने बताया कि इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने से उनकी पढ़ाई के प्रति सोच में कैसे बदलाव आया।

आशीष वर्मा ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, "यदि आप किसी भी क्षेत्र में सफल होना चाहते हैं, तो आपको हर दिन आध्यात्मिक, मानसिक और शारीरिक इन तीन चीजों के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। अगर आप ये तीनों करते हैं, तो आप सफल होंगे। मोटिवेशनल कहानियों के अलावा, छात्रों को प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान अपनी शंकाओं को दूर करने का भी मौका मिला।